दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — लोगों को लुभा रहा है नरवा, गरवा, घुरवा...
4 अभिव्यक्ति — फोन से जासूसी का अर्थ अनर्थ...
9 मनोरंजन/व्यापार — हॉरर फिल्म अरुंधती के रीमेक में काम करेंगी...
11 खेल — आईपीएल मैचों में 'सुपर पावर' नियम...

www.navpradesh.com | बिलासपुर, मंगलवार 5 नवंबर, 2019, शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-203 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित


भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

नवा छत्तीसगढ़ नई शहरी सुविधाएं

ताकि सबको मिले रोजगार..
चौतरफा विकास की नई नीतियों से लाखों लोगों को मिला काम, चला धंधा

पौनी पसारी योजना- नगरीय निकायों में परंपरागत बाजारों को संरक्षण और विकास
किराये में कमी- नगरीय निकायों द्वारा बनाई गई दुकानों का किराया घटाया
भूमि का क्रय-विक्रय- छोटे भूखण्डों के क्रय-विक्रय की रोक हटाने से लाखों लोगों को रोजगार
स्वच्छता दीदी- स्वच्छता दीदियों का मानदेय बढ़ाकर 6 हजार रुपये
नियमित वेतन- शिक्षा कर्मियों, नियमित सहायक शिक्षकों को नियमित वेतन, तबादला आदि सुविधाएं



आज बेबाक

आतंकिस्तान के वजीरे आलम इमरान खान नियाजी के खिलाफ मौलाना फजर्लूर रहमान ने हल्ला बोलकर उनकी कुर्सी की चूलें हिला दी हैं। ऐसे बुरे समय में इमरान खान की सल्तनत की सलामती के लिए उनकी आध्यात्मिक गुरू रही और अब उनकी तीसरी बीबी बन चुकी बुशरा बेगम ने अपने काले जादू का जाल फैलाया है। खबर है कि उन्होने मौलाना मारक मंत्र ईजाद किया है और कई तरह के टोटके आजमा कर आतंकिस्तान को टोटकीस्तान बना दिया है। लगता है वहां अब सियासत की जंग जिन्न की मदद से लड़ी जाएगी। तभी वह मरघटीस्तान बनेगा।

में जावत हौं दिल्ली..साथ म चलहू का तुमन... हौ जाबो

धान के लिए दिल्ली कूच से पहले ऐसे दिया जा रहा न्यौता, रानीतरई और पाटन में ऐसे बना दिल्ली कूच का माहौल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्र के 2500 के समर्थन मूल्य से इंकार के बाद राज्य सरकार अब दिल्ली कूच की तैयारी करने लगी है। रविवार को सीएम भूपेश बघेल ने धान पर केंद्र सरकार के रवैये और सेंट्रल पुल पर धान खरीदी को लेकर पत्र लिखवाने की कवायद शुरु करने का ऐलान किया था। आज पाटन और रानीतराई में किसानों को बिलकुल सपाट और सहज न्यौता सीएम ने अपने ही अंदाज में दिया। चौंकाने वाली बात यह कि उनके इस अंदाज को फौरन रानीतराई के किसानों ने भी जोरदार आवाज के साथ हामी भर दी। आश्चर्य तो तब हुआ जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा में ही साफ कर दिया कि सब अपन अपन गाड़ी से जाबो, तब उम्मीद से ज्यादा जल्दी सभा में बैठे किसानों ने जवाब दिया..सब्बो जाही..तैं हस न त चिंता नाहीं हमन जाबो।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुरुप कांग्रेस ने किसानों से संवाद कर सेंट्रल पुल में धान खरीदी को लेकर पत्र लिखवाने की कवायद शुरु कर दी है। खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने गृह क्षेत्र पाटन से इसकी शुरुआत की। सीएम भूपेश बघेल रानीतरई पहुँचे और किसानों से मुलाक ात की। उन्होंने सभा में छत्तीसगढ़ी में दिल्ली जाने का न्यौता दिया और इसी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ी में ऐसे बोले सीएम तो मिला यह जवाब

ऐमा कोनो राजनीति नो हे... सब्बो 90 विधानसभा से आही चिट्ठी

ऐमा कोनो राजनीति नई हवे..पहिलि धान लेवत रिहिस त अब काबर नहीं लेवथे, नई लिही...सेंट्रल पुल म ले बर बोलेंव..दिल्ली गेंव, चिट्ठी घलो लिख डरे हौं। तो ओमन जवाब भेजे हे कि नई लेबो...ये तो गलत बात हे। सीएम भूपेश बघेल ने कहा, सब जगह से चिट्ठी घलोक आहीं.. पूरा नब्बे विधानसभा से आही.. ओला लेके दिल्ली जाहूं..इतना कहकह वे मुस्कुराते हुए पूछे..में ह जावत हौं दिल्ली...साथ म चलहू तुमन का..? सभा में मौजूद किसानों ने तत्काल उसी अंदाज में जवाब दिया...हां, हौ जाबो..सब्बो जाही। जवाब के बाद फिर सीएम हंसते हुए बोले हां ठीक है चलव...फेर अपन अपन गाड़ी से..में ह अपन गाड़ी से अऊ तुमन अपन अपन गाड़ी से आहू। उनका यह जवाब सुनते ही वहां मौजूद सभी हंस दिये। फिर सभी ने एक साथ जवाब दिया हमन जाबो..तैं रहिबे..तोर साथ चलबो..अपन अपन गाड़ी म जाबो..।

इधर भाजपा की सीएम भूपेश को सलाह

रणनीति छोड़ केंद्र से सौहार्दपूर्ण रिश्ते बनाएं बघेल : सांसद सोनी

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर चल रही सियासत के बीच रायपुर से बीजेपी सांसद सुनील सोनी ने प्रदेश सरकार पर भ्रम पैदा करने की राजनीति करने का आरोप लगाया है। सोनी ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार केन्द्रीय पूल में चावल खरीदी को लेकर लोगों में भ्रम पैदा कर केवल राजनीती कर रही है. केन्द्र ने राज्य के साथ कोई भेदभाव नही किया है। केन्द्र की नीति सभी राज्यों के लिए एक समान है। वहीं उन्होंने सीएम भूपेश द्वारा प्रदेश के सभी सांसदों, किसान संघों और सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने के मामले में कहा कि उन्हें अभी तक इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे अबतक कल की बैठक के बारे में कोई सूचना नही है। सूचना मिलने पर पार्टी बैठक को लेकर पार्टी रणनीति तय करेगी। मीडिया से बातचीत के दौरान सुनील सोनी ने सीएम को सलाह दी है, उन्होंने कहा, राज्य के विकास के लिए रणनीति छोड़ कर केन्द्र से सौहार्दपूर्ण रिश्ते बनाए भूपेश बघेल।

खास खबर

एलआईसी: 2 साल से बंद बीमा पॉलिसी कर सकते हैं चालू

नई दिल्ली ए.। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने पुराने पॉलिसीधारकों को राहत दी है। दरअसल एलआईसी ने पॉलिसीधारकों को दो साल से ज्यादा समय से बंद पड़ी पॉलिसी को फिर से चालू करने की अनुमति दे दी है।

श्रीनगर में ग्रेनेड हमले में एक नागरिक की मौत, 25 घायल

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार को आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में एक स्थानीय विक्रेता की मौत हो गयी और लगभग 25 अन्य घायल हो गये। पिछले एक महीने के दौरान इस केन्द्र शासित प्रदेश में यह चौथा ग्रेनेड हमला था।

नीट क्यों नहीं समाप्त किया जा सकता: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई (वार्ता)। मद्रास उच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से सोमवार को पूछा कि एमबीबीएस दाखिले के लिए ली जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा (नीट) को आखिरकार क्यों समाप्त नहीं किया जा सकता है। न्यायालय के समक्ष जब नीट परीक्षा में किसी और के स्थान पर दूसरे अभ्यर्थी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरसीईपी में शामिल नहीं होगा भारत

पीएम मोदी ने किया बाहर रहने का फैसला

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने रीजनल कॉम्प्रिहंसिव इकनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) में शामिल न होने का फैसला लिया है। इस समझौते में अनसुलझे मुद्दों के कारण भारत ने इस पार्टनरशिप से बाहर रहना ही सही समझा। आरसीईपी समिट में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऋष्श्वक्क के तहत कोर हितों पर कोई समझौता नहीं होगा। भारत का कहना है कि आरसीईपी समझौता अपनी मूल मंशा को नहीं दर्शा रहा है और इसके नतीजे संतुलित और उचित नहीं हैं। भारत ने इस समझौते में कुछ नई मांग रखी थी। भारत का कहना था कि इस समझौते में चीन की प्रधानता नहीं होनी चाहिए, नहीं तो इससे भारत को व्यापारिक घाटा बढ़ेगा।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक बताया है कि वे दिन गए तब व्यापार के मुद्दों पर वैश्विक शक्तियों द्वारा भारत पर दबाव डाला जाता था। इस बार भारत ने फ्रंट फुट पर खेला और व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने दिया था भरोसा

बैंकॉक यात्रा पर रवाना होने से पहले नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आरसीईपी बैठक में भारत इस बात पर गौर करेगा कि क्या व्यापार, सेवाओं और निवेश में उसकी चिंताओं और हितों को पूरी तरह से ध्यान रखा गया है या नहीं। सब ठीक तरह से जानने समझने के बाद ही इस पर विचार किया जाएगा।

उद्योग जगत था चिंतित

उद्योग जगत ने भी इस समझौते को लेकर चिंता जताई थी। उद्योग जगत का कहना था कि आयात शुल्क कम करने या खत्म करने से विदेश से भारी मात्रा में सामान भारत आएगा और इससे देश के घरेलू उद्योगों को काफी नुकसान होगा। अमूल ने भी डेयरी उद्योग को लेकर चिंता जाहिर की थी।

मुंबई से दिल्ली तक सत्ता की सियासत

सोनिया से मिले पवार, शिवसेना को समर्थन पर अभी भी नहीं खोले पत्ते

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर बीजेपी और शिवसेना के बीच चल रही खींचतान के बीच एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद माना जा रहा था कि शिवसेना को समर्थन के मुद्दे पर कांग्रेस और एनसीपी अपना पत्ता खोल सकती हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोनिया से मुलाकात के बाद पवार से जब महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी बीजेपी और शिवसेना की है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि उनके पास जरूरी नंबर नहीं है और सरकार बनाने की जिम्मेदारी बीजेपी- शिवसेना की है। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि वे (बीजेपी-शिवसेना) क्या करते हैं।

कौन क्या बोलता है फर्क नहीं, जल्द बनेगी सरकार: फडणवीस

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर बीते 10 दिनों से जारी हलचल सोमवार को दिल्ली पहुंच गई। निवर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिल्ली पहुंचकर गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान उनकी राज्य के राजनीतिक हालात को लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि मीटिंग के बाद बाहर निकले फडणवीस ने सरकार गठन पर चर्चा से इनकार करते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह से सिर्फकिसानों को लेकर बातचीत हुई। मीडिया से बात करते हुए फडणवीस ने कहा कि सूबे में जल्द नई सरकार की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'कौन क्या बोलता है, मैं यह नहीं कह सकता।

असम में शांति की जगी आस

■ उल्फा समेत चार उग्रवादी संगठनों से जल्द समझौते की उम्मीद

गुवाहाटी ए.। असम में शांति के उद्देश्य से केंद्र सरकार यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) समेत कई उग्रवादी संगठनों से शांति समझौता करने वाली है। इस समझौते कि लिए चल रही बातचीत अपने आखिरी दौर में है और उम्मीद जताई जा रही है कि कुछ ही महीनों में समझौता हो भी जाएगा।

रिसर्च ऐंड अनैलेसिस विंग (रॉ) के पूर्व विशेष सचिव रहे ए बी माथुर मामले में वार्ताकार हैं। रविवार को नई दिल्ली में एक किताब के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा, 'हम असम के तीन और मणिपुर के एक उग्रवादी ग्रुप से बात कर रहे हैं। असम के ये ग्रुप- उल्फा, नैशनल डेमोक्रैटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) और कारबी ग्रुब हैं। वहीं, मणिपुर में कुकी ग्रुप से भी बातचीत चल रही है। बातचीत संतोषजनक तरीके से चल रही है और मुझे उम्मीद है कि कुछ ही महीनों में समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे।'

'जरूरी है मूल निवासियों की पहचान'

उल्फा के जनरल सेक्रेटरी अनूप चेतिया ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफइंडिया से बातचीत में कहा, 'हां, हमारी बातचीत आखिरी दौर में है और हमें उम्मीद है कि अगले दो महीनों में समझौता हो जाएगा।

दिल्ली में प्रदूषण पर केंद्र-राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

'हालात जीने लायक नहीं'

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली-एनसीआर के गैस चैंबर में तब्दील होने पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकारों को बेहद कड़ी फटकार लगाई है। देश का सर्वोच्च अदालत ने इसे जीने के अधिकार का उल्लंघन बताया है। अदालत ने केंद्र और दिल्ली सरकार से पूछा कि आखिर आप हवा को बेहतर करने के लिए क्या कर रहे हैं। कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब सरकार से भी पूछा कि आप पराली जलाने में कमी लाने के लिए क्या कर रहे हैं। मामले पर अब अगली सुनवाई बुधवार को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने और प्रदूषण के मुद्दे पर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को पेश होने के लिए समन जारी किया है। केंद्र और दिल्ली सरकार को विशेषज्ञों की मदद से प्रदूषण को कम करने के लिए कदम उठाने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने पर जो ग्राम प्रधान, स्थानीय पुलिस और अधिकारी लगाम नहीं लगा पा रहे हैं उन्हें उनके पदों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

किसानों पर गरमा सकती है राज्य की राजनीति

गरियाबंद/रायपुर (नवप्रदेश)। किसानों के मुद्दे पर प्रदेश की राजनीति के और गर्माने के आसार हैं। दरअसल गरियाबंद के राजिम से सोमवार को किसान अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर राजभवन तक पदयात्रा निकालने जा रहे थे। पदयात्रा शुरू होते ही प्रशासन ने इसे रोक दिया। पदयात्रा निकालने वाले किसानों की मांग है कि सरकार धान खरीदी जल्द शुरू करे।

राजिम में रोकी गई पदयात्रा

नौ सूत्रीय मांगों को लेकर राजभवन तक निकाल रहे थे पदयात्रा

दरअसल किसानों को यह डर भी है कि दीपावली से पहले बारिश से धान की फसल को हुए नुकसान से सरकार उनका धान खरीदेगी भी या नहीं।

एमएसपी नहीं मिल पाने का डर

कांकेर व राजनांदगांव जिले में दीपावली से पहले हुई बारिश व कहीं-कहीं हुई ओलावृष्टि से धान को काफी नुकसान हुआ है। जिन किसानों ने अपना धान मिस लिया है उनका धान भी गीला ही है। वहीं धान खरीदी अभी शुरू होने को है। ऐसे में किसानों को यह आशंका है कि धान खरीदी में देरी होने से उन्हें अपने धान को एमएसपी नहीं मिल पाएगा। इसलिए किसान अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर राजिम से पदयात्रा निकालने जा रहे थे, लेकिन उन्हें रोक लिया गया।

गरमा-गरम

डीकेएस घोटाला — रिटायर होने से पहले सीएस कुजूर ने सौंप दी है डीकेएस घोटाले की रिपोर्ट

जांच टीम की रिपोर्ट में बहुत जल्द निपटेंगे कई

मुख्य सचिव सुनील कुजूर अपने पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। रिटायरमेंट से चंद रोज पहले ही हाई प्रोफाइल डीकेएस अस्पताल में आर्थिक अनियमितता और खरीदी घोटाले के मामले में उन्होंने जांच रिपोर्ट भी शासन को सौंप दी है।

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दाऊ कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संबंध में उक्त रिपोर्ट के आधार पर शासन बड़ी कार्रवाई करने वाला है।

जानकारी के मुताबिक बहुचर्चित डीकेएस घोटाले की जांच रिपोर्ट राज्य शासन के हवाले कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जांच रिपोर्ट में बड़ी अनियमितताओं का खुलासा किया गया है। साथ ही कहा जा रहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अनुशंसा भी उच्च स्तरीय जांच टीम ने सरकार से की है। तकरीबन एक महीने में जांच टीम ने सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। टीम ने अस्पताल प्रबंधन के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ करीब 250 करोड़ की वित्तीय अनियमितता का आरोप

■ मामले में तात्कालीन अफसर-नेताओं की संलिप्तता पाई गई

कार्रवाई की अनुशंसा

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में बड़ी वित्तीय अनियमितता का खुलासा किया गया है साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की भी अनुशंसा की गई है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के दामाद डॉ. पुनीत गुप्ता के खिलाफ करोड़ों के फर्जीवाड़े को लेकर एफआईआर दर्ज हुई थी। यह एफआईआर डीकेएस अस्पताल के अधीक्षक केके सहारे की शिकायत पर रायपुर के गोलबाजार पुलिस थाने में दर्ज हुई थी। डीकेएस अस्पताल में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिहार: सड़क पर घूम रहीं मार्शल आर्ट सीखी हुई 'शेरनियां', मनचलों पर नजर

- कैमूर पुलिस ने मनचलों पर नकेल कसने के लिए बनाया 30 सदस्यीय शेरनी स्क्वॉड
- स्क्वॉड में सिर्फ महिला पुलिसकर्मी, सभी ने ले रखी है मार्शल आर्ट की स्पेशल ट्रेनिंग

कैमूर(ए.)। बिहार के कैमूर जिले में लड़कियों से छेड़छाड़ की घटनाओं पर लगाम के लिए एक विशेष टीम लगाई गई है। इस टीम में 30 महिला पुलिसकर्मी हैं, जिन्होंने मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रखी है। ये महिला पुलिसकर्मी सार्वजनिक स्थानों पर सादे कपड़ों में पैट्रोलिंग कर मनचलों पर नजर रख रही हैं। कैमूर पुलिस ने छेड़खानी की शिकायतों में बढ़ोतरी के बाद यह फैसला लिया है।

एसपी दिलनवाज अहमद ने कहा, 'कई लड़कियों के पैरेंट्स हमारे पास आए और छेड़छाड़ की शिकायत की। उन्होंने हमसे अपील की कि हम इस समस्या से निपटने के लिए कुछ करें, जिससे लड़कियां बिना डरे बाहर निकल सकें।' बता दें कि जनवरी से लेकर जून तक कैमूर में रेप के 15 केस और छेड़छाड़ के 42 केस दर्ज हुए हैं।

टीम में शामिल होने खुद आगे आईं महिला पुलिसकर्मी

पैट्रोलिंग करने वाली इस टीम का नाम शेरनी रखा गया है और इसमें शामिल महिला पुलिसकर्मियों की उम्र 25-30 साल के बीच है। जब महिला पुलिसकर्मियों को ऐसी कोई टीम बनाए जाने के बारे में पता चला, तो उन्होंने झट से इसे जॉइन करने की इच्छा जाहिर की। इनमें से कई महिला पुलिसकर्मी खुद भी कभी ना कभी ऐसी किसी घटना का शिकार रही हैं। शेरनी टीम की एक सदस्य ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, 'मैं जब स्कूल में थी तो अकसर कुछ लड़के पीछा करते और कॉमेंट करते। मैं तब चुप रहती थी। मगर अब नहीं रहूंगी और न ही अपने जैसी लड़कियों को इनका शिकार होने दूंगी।'

पहले ही दिन दबोचे तीन मनचले

टीम के गठन के पहले ही दिन 22 अक्टूबर को इस टीम ने छेड़खानी करते 3 लड़कों को हिरासत में लिया और थाने ले आई। वहां इनके मां-बाप को बुलाकर लिखित माफीनामा लिया गया और निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। टीम की प्रशंसा पुरुष पुलिसकर्मी भी करते नहीं थकते। दरोगा सत्येंद्र कुमार ने कहा, 'यह पहली बार है कि ऐसी किसी स्क्वॉड का गठन हुआ है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करने में मील का पत्थर साबित होगा।'

आईफोन चुराकर भाग रहे चोर के पीछे चलती ट्रेन से कूदे युवा इंजिनियर की मौत

हावड़ा। चलती ट्रेन से आईफोन चुराकर भाग रहे चोर का पीछा करने में जमशेदपुर के एक 27 साल के इलेक्ट्रिकल इंजिनियर की जान चली गई। सौरभ घोष संबलपुर एक्सप्रेस में सफर रहे थे, यह घटना उलूबेरिया स्टेशन की है। ट्रेन से गिरे सौरभ को अस्पताल ले जाया जाता इससे पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। शनिवार रात को सौरभ अपने घर जमशेदपुर जा रहे थे। वह ट्रेन कंपार्टमेंट के आखिर में खिड़की के पास वाली सीट पर बैठकर अपने फोन से बात कर रहे थे। रात करीब 11 बजे ट्रेन उलूबेरिया स्टेशन पर रुकी, जैसे ही ट्रेन प्लैटफॉर्म से रवाना हुई एक शख्स जो पहले से ही ट्रेन में था उसने उनका नया आईफोन छीना और ट्रेन से बाहर छलांग लगा दी। सौरभ कुछ पल तो भौंचक्के से रहे फिर वह भी चोर के पीछे ट्रेन से कूद गए।

गुजरात: फिल्मी स्टाइल में ऑटो का पीछा कर चोर को सिखाया सबक, पुलिस ने किया सम्मानित

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में एक 26 साल के युवक ने फोन चुराकर भाग रहे चोर को फिल्मी स्टाइल में सबक सिखाया। इस दौरान वह अपना फोन वापस लेने में सफल तो नहीं हो पाया लेकिन युवक की बहादुरी और साहस की प्रशंसा करते हुए अहमदाबाद पुलिस ने युवक को सम्मानित किया है। अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर आशीष भाटिया ने संतोष कुमार दास को पुलिस थाने बुलाकर चोरों से बहादुरी से लड़ने के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ्ते गुरुवार को दोपहर करीब सवा एक बजे संतोष कुमार दास फोन पर बात करते हुए बोडकदेव रोड से जा रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने ऑटो से निकलकर उसका मोबाइल छीन लिया। संतोष ने तुरंत फुर्ती दिखाई और ऑटो में ही कूद गए और ऑटो की स्टीयरिंग पकड़ लिया।

अलीगढ़ में सामने आया अजब-गजब मामला, प्रेमी की तस्वीर से शादी करेगी महिला

अलीगढ़। यूपी के अलीगढ़ में एक अजब-गजब मामला सामने आया है। यहां एक विधवा महिला ने अपने प्रेमी की तस्वीर से शादी करने का फैसला किया है। दरअसल महिला के प्रेमी की दो साल पहले मौत हो गई थी। महिला का कहना है कि उसने अपने प्रेमी के साथ कुछ वचन लिए थे इसलिए वह तस्वीर से ही शादी करना चाहती है। मामला अलीगढ़ के तरौली कस्बा के ब्राह्मण पुरी का है। हालांकि इस अनोखी शादी का कुछ लोग विरोध भी कर रहे हैं। मंदिर कमिटी और महिला के परिजन इस शादी के लिए राजी नहीं है। महिला का कहना है कि मंदिर के कमिटी के लोग इस शादी का विरोध कर रहे हैं।

दिल्ली के बाद कानपुर में भिड़े पुलिस-वकील

- दिल्ली में तीस हजारी कोर्ट के बाद यूपी के कानपुर में भी वकीलों और पुलिस के बीच जमकर बवाल हो गया
- कानपुर में वकीलों ने एसएसपी ऑफिस पर पथराव किया और उन्होंने पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए

कानपुर(ए.)। दिल्ली में तीस हजारी कोर्ट के बाद यूपी में भी वकीलों और पुलिस के बीच टकराव हो गया। यूपी के कानपुर में वकीलों ने एसएसपी दफ्तर पर पथराव किया और उन्होंने पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इससे घटनास्थल पर हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। वकीलों और पुलिस के बवाल के बीच महिला कॉन्स्टेबलों ने मोर्चा संभाला।

वकीलों ने ट्रैफिक पुलिस को भी पीटा

दरअसल रविवार को नौबस्ता के केशव नगर स्थित एक रेस्तरां में बार व लॉयर्स असोसिएशन के पदाधिकारियों से मारपीट और दिल्ली में पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं पर की गई बबर्रता के विरोध में वकीलों ने सोमवार को एसएसपी ऑफिस का घेराव कर दिया। इस दौरान वकीलों ने एसएसपी ऑफिस पर पत्थरबाजी भी की। यही नहीं वकीलों ने ट्रैफिक पुलिस को भी पीट दिया। वीआईपी रोड को जाम करके पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़े गए।

दोनों पक्षों का मामला दर्ज

कानपुर किचन रेस्तरां में हुए बवाल में रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों पर आईपीसी की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। सिपाही और मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात 150 वकीलों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं वकील की तहरीर पर पुलिसकर्मियों और रेस्तरां मालिक पर मुकदमा दर्ज हुआ।

कड़कड़डूमा और साकेत कोर्ट पहुंचा तीस हजारी विवाद, वकीलों ने पुलिसवालों को पीटा

नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट में वकीलों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद ऐसे ही मामले अलग-अलग जगहों से सामने आ रहे है। सोमवार को दिल्ली के विभिन्न कोर्ट में वकीलों की हड़ताल के बीच पुलिस से झड़प के अलग-अलग मामले सामने आए हैं। इसमें साकेत और कड़कड़डूमा कोर्ट में हिंसा हुई। दोनों जगह वकील पुलिसवालों पर हमले करते कैमरे में कैद हुए हैं। साकेत कोर्ट के बाहर का एक विडियो भी सामने आया है। साकेत कोर्ट के बाहर का एक विडियो सामने आया है। इसमें एक वकील बाइक सवार पुलिसवाले को मार रहा है। पुलिसवाला वहां से अपनी बाइक निकालने की कोशिश करता है। विडियो में आगे वकील पुलिसवाले की बाइक पर हेलमेट भी फेंककर मारता है।

दिल्ली में शुरू हुई ऑड-ईवन स्कीम

- दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या को देखते हुए तीसरी बार यह योजना लागू की गई
- मरीजों, PCR वैन, महिला ड्राइवरों समेत कुछ लोगों को विशेष छूट दी गई है

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में आज से ऑड-ईवन स्कीम लागू हो चुकी है। आज ईवन गाड़ियों को लेकर चलने की ही अनुमति है, लेकिन बावजूद इसके कुछ लोग ऑड नंबर की गाड़ियां लेकर निकले। इससे सुबह से ही चालान कटने का सिलसिला शुरू हो गया। दिल्ली गेट और आईटीओ पर ट्रैफिक पुलिस ने 2 गाड़ियों को पकड़ा और उनका 4 हजार का चालान किया। इस बीच मथुरा रोड पर एक मर्सेडीज गाड़ी का भी चालान काटने की सूचना है।

मथुरा रोड पर कटा मर्सेडीज गाड़ी का चालान

ऑड नंबर वाली मर्सेडीज गाड़ी का चालान मथुरा रोड पर काटा गया। गाड़ी के नंबर प्लेट पर रूा लिखा है, लेकिन दूसरे राज्यों से आनेवाली गाड़ियों को भी छूट में शामिल नहीं किया गया है। इंडिया गेट, आईटीओ, दिल्ली गेट समेत सभी प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस तत्परता से निगरानी कर रही है। रेडियो, टीवी और सोशल मीडिया के माध्यम से स्कीम की जानकारी देने के बाद भी बड़ी संख्या में ऑड नंबर की गाड़ी लेकर निकले लोग चालान कटवाते नजर आए।

सुबह से कई ऑड गाड़ियों का कटा चालान

ऑड-ईवन पर पहले दिन ही सियासत

बीजेपी सांसद विजय गोयल ने तोड़ा नियम, घर पहुंचे केजरी के मंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली में पलूशन कम करने के लिए लागू ऑड-ईवन स्कीम पर सियासत भी शुरू हो गई है। सोमवार को बीजेपी के राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने इसे नाटक करार देते हुए नियम को तोड़कर चार हजार रुपये का चालान भरा, तो इसके बाद केजरीवाल सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत उन्हें समझाने के लिए फूल लेकर घर पहुंच गए। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच ऑड-ईवन को लेकर तर्क-वितर्क होने लगा। गोयल ने कहा कि ऑड-ईवन पर दिल्ली के सातों सांसदों से कोई चर्चा नहीं की गई है और इसे देर से लागू किया गया है। इस पर गहलोत ने दावा किया कि दिल्ली में प्रदूषण घटा है और केंद्र सरकार को चाहिए कि वह दिल्ली व हरियाणा के किसानों को पराली जलाने से रोके।

निर्भया गैंगरेप : नोटिस के खिलाफ सुको नहीं गए दोषी

- दिल्ली में 2012 के निर्भया गैंगरेप के दोषी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका नहीं डाली है
- वे तिहाड़ की तरफ से उन्हें जारी की गई नोटिस के खिलाफ स्पष्ट का रुख करने वाले थे

नई दिल्ली(ए.)। 2012 के निर्भया गैंगरेप और हत्याकांड के दोषियों ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की दरवाजा नहीं खटखटाया। मौत की सजा में कमी या उससे माफी के लिए चारो दोषी दया याचिका दाखिल करने से इनकार कर चुके हैं। दूसरी ओर पहले से तय और आगे की सोची-समझी विशेष रणनीति के तहत जेल में बंद चार में से तीन दोषियों ने सोमवार को दिल्ली सरकार और जेल प्रशासन को उनके नोटिस का जवाब जरूर दाखिल कर दिया।

आईएएनएस के मुताबिक, तिहाड़ जेल में बंद दो मुजरिमों (विनय कुमार शर्मा और अक्षय कुमार सिंह) व दिल्ली की मंडोली जेल में बंद पवन कुमार गुप्ता के वकील डॉ. अजय प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि की। तिहाड़ प्रशासन ने 29 अक्टूबर को दोषियों को आगाह किया था कि उनके पास दया याचिका के लिए मात्र सात दिन बाकी बचे हैं। वे चाहें तो इन सात दिनों के अंदर राष्ट्रपति के सामने दया याचिका दाखिल कर सजा माफी के लिए उनके पास बचे इकलौते कानूनी हक का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

नोटिस के मिलने के बाद ही तिहाड़ जेल नंबर 2 में बंद निर्भया के हत्यारे विनय कुमार शर्मा और जेल नंबर 4 में बंद अक्षय कुमार सिंह और मंडोली की 14 नंबर जेल में बंद पवन कुमार गुप्ता की नींद उड़ गई थी। शुक्रवार दोपहर बाद तीनों दोषियों के वकीलों ने अपने-अपने मुवक्किलों से जेलों में जाकर कई घंटे गहन बातचीत की।

राजीव गांधी चाहते तो निकल जाता समाधान

- बाबरी विध्वंस के समय गृह सचिव रहे गोडबोले ने कहा-

अयोध्या(ए.)। अयोध्या विवाद में सुप्रीम कोर्ट का फैसला नजदीक है। ऐसे में 1992 में बाबरी विध्वंस के समय केंद्रीय गृह सचिव माधव गोडबोले ने कहा है कि राजीव गांधी चाहते तो समाधान निकल सकता था। गोडबोले ने कहा कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते अयोध्या में मंदिर की नींव रखी गई, इसीलिए मैंने उन्हें दूसरा कारसेवक कहा।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को आड़े हाथ लेते हुए माधव गोडबोले ने कहा, 'अगर राजीव गांधी ने सक्रियता दिखाई होती तो समाधान निकाला जा सकता था क्योंकि तब तक राजनीतिक किलेबंदियां नहीं हुई थीं। उस समय लेन-देन की संभावना थी और समाधान स्वीकार्य हो सकता था।'

'राजीव गांधी थे मंदिर आंदोलन के दूसरे कारसेवक'

राजीव गांधी ने बाबरी मस्जिद के ताले खुलवा दिए। उन्हीं के प्रधानमंत्री रहते हुए मंदिर की नींव रखी गई इसीलिए मैंने उन्हें इस आंदोलन का दूसरा कारसेवक कहा था। पहला कारसेवक उस समय अयोध्या का जिलाधिकारी था, जिसने यह सब होने दिया।

पंजाब: धुआं, धुंध और बादलों ने सैटलाइट किए नाकाम, नहीं दे पा रहे खेतों में लगी आग की जानकारी

पटियाला। पंजाब में सर्दियों के आगमन के साथ ही राज्य में एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (एक्यूआई) रविवार को खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। पटियाला और मंडी गोबिंदगढ़ सबसे खराब एक्यूआई से जूझते रहे। राज्य के अधिकांश हिस्सों में घनी धुंध छाई रही। इस वजह से पटियाला नगर निगम ने एक आपात बैठक बुलाई जिसमें खुले क्षेत्रों में कचरे को जलाने के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया गया। लुधियाना स्थित पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर शुक्रवार और शनिवार को धुंध और बादलों की वजह से खेतों में जलाई जा रही पराली का पता नहीं लगा पाया। रविवार को उसने खेतों में आग लगाने के 2,856 मामलों की पुष्टि की।

23 साल सुनवाई के बाद प्रयागराज के करवरिया बंधुओं को उम्रकैद की सजा

- 1996 में हुए जवाहर यादव हत्याकांड में अदालत ने दिया फैसला
- मामले के चार दोषियों को कोर्ट से उम्रकैद की सजा, अदालत ने लगाया 7.2 लाख का जुर्माना

प्रयागराज(ए.)। प्रयागराज के चर्चित जवाहर यादव हत्याकांड में अदालत ने बीजेपी विधायक नीलम करवरिया के पति उदयभान करवरिया समेत 4 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इस मामले में अदालत ने 18 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसके बाद 4 नवंबर को फैसला सुनाने की बात कही गई थी। सोमवार को इस केस का फैसला देते हुए प्रयागराज की एडीजे कोर्ट ने सभी 4 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने सभी आरोपियों पर 7 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

एसपी नेता जवाहर यादव हत्याकांड में 31 अक्टूबर को बीजेपी विधायक नीलम करवरिया के पति उदयभान, फूलपुर के पूर्व बीएसपी सांसद कपिलमुनि और पूर्व एमएलसी सूरजभान को कोर्ट ने इस मामले में दोषी पाया था और 4 नवंबर को फैसला देने के लिए कहा था।

13 अगस्त 1996 को हुई थी हत्या

बता दें कि 13 अगस्त 1996 को समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक जवाहर यादव की जिले के सिविल लाइंस इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 13 अगस्त को शाम 7 बजे सिविल लाइंस में पैलेस सिनेमा और कॉफी हाउस के बीच जवाहर यादव को एके-47 राइफल से गोली मारी गई थी। इस वारदात के बाद दर्ज मुकदमे में कपिल मुनि करवरिया, उदय भान करवरिया, सूरज भान करवरिया और रामचंद्र त्रिपाठी को आरोपी बनाया गया था।

आतंकिस्तान | करतारपुर कॉरिडोर शुरू होने में अब बचा है एक सप्ताह से भी कम वक्त

जिस जिले में करतारपुर, वहीं पाक के टेरर कैंप

- सुरक्षा एजेंसियां चाक-चौबंद, नहीं उठाना चाहतीं किसी भी तरह का कोई रिस्क

चंडीगढ़ (ए.)। सिखों के पहले गुरु नानक देव के पवित्र स्थल करतारपुर के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच अब कॉरिडोर खुलने में करीब एक सप्ताह ही बचा है। इससे हर दिन हजारों लोग पाकिस्तान की सीमा के भीतर स्थित करतापुर गुरुद्वारे के दर्शन कर सकेंगे। हालांकि जिस जिले में करतारपुर पड़ता है, वहां आतंकी गतिविधियों की खबर मिली है। ऐसे में भारत के लिए यह चिंता बढ़ाने वाली बात है।

खुफिया एजेंसियों को भारत से सटे पाकिस्तानी पंजाब के नारोवाल जिले में आतंकी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली है। इसी जिले में करतारपुर साहिब गुरुद्वारा स्थित है। भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए करतारपुर कॉरिडोर खुलने में अब एक हफ्ता भी नहीं रह गया है और ऐसे में इस तरह की जानकारी खुफिया एजेंसियों के हाथ लगना बहुत बड़ी खबर है।

ये जानकारियां हाल ही में देश के आला सुरक्षा अधिकारियों की जॉइंट मीटिंग में निकलकर सामने आई हैं। यह बैठक पंजाब में सीमा प्रबंधन को लेकर की गई थी। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले ही पाकिस्तान द्वारा इस कॉरिडोर को खोलने को लेकर की जा रही जल्दबाजी को लेकर आशंका जाहिर की थी। एजेंसी के सूत्रों का कहना है इस नेटवर्क का इस्तेमाल ड्रग स्मगलर्स और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल लोग पाकिस्तानी सिम कार्ड्स के जरिए कर सकते हैं।

पंजाब में सीमा की सुरक्षा में तैनात एक एजेंसी ने राजस्थान के श्री गंगानगर के जिलाधिकारी की तर्ज पर पंजाब पुलिस से पाकिस्तानी सिम कार्ड्स के इस्तेमाल और नेटवर्क को बैन करने का अनुरोध किया है। सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चिंता प्रतिबंधित समूह सिख फॉर जस्टिस, जो डिजिटल मीडिया के जरिए अपना प्रॉपगेंडा फैला रहा है, पर नजर रखना भी है।

बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष ट्रेनिंग ले रहे

यह कॉरिडोर भारतीय पंजाब के गुरुदासपुर जिले में स्थित डेरा बाबक नानक साहिब को पाकिस्तानी पंजाब के नारोवाल जिले के करतारपुर साहिब गुरुद्वारे को जोड़ेगा। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आतंकवादी कैंप पाकिस्तानी पंजाब के मुरीदके, शाकरगढ़ और नारोवाल में देखे गए हैं। खबर है कि 'यहां बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष कैंप में मौजूद हैं और ट्रेनिंग ले रहे हैं।'

लोगों को लुभा रहा है नरवा, गरवा, घुरुवा और बारी मॉडल

राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में रोज उमड़ रही है भारी भीड़, दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का मिला पुरस्कार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्योत्सव स्थल साइंस कॉलेज मैदान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल में रोज भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के एकीकृत मॉडल को आकर्षक ढंग से दिखाया गया है। विभाग के स्टॉल में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत काम कर रहीं स्वसहायता समूह की महिलाएं गोबर के दीये, धूपबत्ती और गमला बनाते हुए भी देखी जा सकती हैं। 'बिहान' के स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए गोबर के दीयों की मांग इस साल दीवाली में छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक थी। इस बार दीवाली में अनेक लोगों के घर इन महिलाओं के बनाए गोबर के दीयों से रोशन हुए थे।

स्टॉल में महिला स्वसहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री भी की जा रही हैं। महिलाएं यहां गोबर के दिए, धूपबत्ती, लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियां, सजावट के समान, साबुन तथा नीम से निर्मित फिनाइल बेच रही हैं। राज्योत्सव में बड़ी संख्या में लोग इन समानों की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन के अनेक विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के इस स्टॉल को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के साथ संयुक्त रूप से राज्योत्सव के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार मिला है।

स्टॉल में नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के मॉडल के जरिए इस योजना के बारे में विस्तार से बताया गया है। गौठान की विभिन्न व्यवस्थाओं चरवाहों के विश्राम कक्ष, पशुओं के बैठने के शेड, उनको चारा खिलाने और पानी पिलाने की व्यवस्था, पैरावट, उपचार के लिए ट्रेविस तथा गोबर से वर्मी कंपोस्ट निर्माण को यहां आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है।

खाद्य विभाग के प्रदर्शनी में राशनकार्ड और सार्वभौम पीडीएस की भी मिल रही जानकारी

रायपुर (नवप्रदेश)। राजधानी के साईंस कालेज मैदान में आयोजित पांच दिवसीय राज्योत्सव में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के स्टॉल में उचित मूल्य की दुकान बनाया गया है जिसमें राशनकार्ड और सार्वभौम पीडीएस की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा उचित मूल्य के दुकानों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लगाए जाने वाले मूल्य एवं स्टॉक की सूची, आदि का प्रदर्शन किया गया है। खाद्य विभाग के स्टॉल में लोग अपने आवश्यकता की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

राज्योत्सव: लोगों में उत्साह और उमंग

विभागीय स्टॉलों से मिल रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य सरकार द्वारा आयोजित राज्योत्सव में लोगों में भारी उत्साह और उमंग है। जन भावनाओं के अनुरूप राज्यपाल सुश्री अनुसूइया उईके के आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्योत्सव की अवधि तीन दिन से बढ़ाकर पांच दिन कर दिया हैं, ताकि आम जनता इसका भरपूर लाभ उठा सकें। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में एक नवम्बर से आयोजित राज्योत्सव में विभिन्न विभागों और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल रही है। राज्य सरकार के पर्यटन विभाग के स्टॉल में प्रदेश के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक पर्यटन स्थलों की जानकारी को लोगों द्वारा सराहना की जा रही है और पर्यटन स्थलों के छायाचित्र के साथ सेल्फी भी ले रहे हैं।

पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्रों का विकास तेजी से हो रहा है। इसकी जानकारी के लिए बड़े पैमाने पर ब्रोशर एवं पाम्पलेट का वितरण भी किया जा रहा है। राज्योत्सव में पर्यटन विभाग के स्टॉल में मुख्य रूप से वैभव नगरी सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर, जो कि ईटों से निर्मित भारत की सर्वोत्तम प्राचीन मंदिरों में से एक है, प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही बिलासपुर जिले के ताला गांव का रूद्र शिव प्रतिमा एवं दंतेवाड़ा जिले के बारसूर का प्राचीन गणेश प्रतिमाा, धार्मिक पर्यटन स्थल मां बम्लेश्वरी देवी डोंगरगढ़, नवा रायपुर में मानव निर्मित एवं क्षेत्रफल में एशिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी, कबीरधाम जिले की सरोधा दादर एवं इसके निकट स्थित पर्यटन स्थल बैगा टुरिस्ट रिसॉर्ट, धमतरी के समीप स्थित पर्यटन स्थल जोहार लेक व्यू रिसॉर्ट गंगरेल, बिलासपुर के समीप स्थित पर्यटन स्थल जोहार ईको रिसॉर्ट कुरदर प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में मैनपाट, जैतखांम-गिरौधपुरी धाम, महाप्रभु वल्लभचार्य जी का प्राकट्य स्थल चंपारण्य, चित्रकोट जलप्रपात, बस्तर दशहरा एवं आदिवासी नृत्य का भी छायाचित्र प्रदर्शित किया गया है।

खेल प्रतिभाओं को मिला सम्मान

रायपुर। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की बहुतायत है। प्रतिभावान खिलाड़ियों को मौका मिलने से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के रूप में ईनाम या पुरस्कार मिले तो खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन करने को प्रेरित होते हैं। राज्य सरकार द्वारा राज्योत्सव 2019 में प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ी श्री दिपेश कुमार सिन्हा को गुण्डाधूर खेल रत्न और श्री गिरिवर सिंह को महाराजा प्रवीणचन्द भंजदेव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस प्रकार के सम्मान से अन्य खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है।

छत्तीसगढ़ पुलिस में कार्यरत श्री दिपेश कुमार सिन्हा प्रतिभावान वॉलीवाल खिलाड़ी है। वे वर्ष 2010 से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल की प्रतिभा दिखा रहे हैं। वर्ष 2012 में ईरान में आयोजित स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ एशियन वॉलीवाल खिलाड़ी का खिताब भी प्राप्त किया था। तीरंदाजी खेल के लिए राज्यस्तरीय पुरस्कार महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान इस वर्ष बिलासपुर जिले के शिवतराई निवासी गिरिवर सिंह को दिया गया। राज्य के पैरा तीरंदाजी खेल के खिलाड़ी गिरिवर ने रोहतक हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में इंडियन राउण्ड ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान किया था।

बूंद-बूंद जल संचय का संदेश देता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का मॉडल

जल परीक्षण से जागरूक हो रहे हैं नागरिक

रायपुर। साईंस कालेज मैदान में आयोजित राज्योत्सव में लोक-स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टॉल पर ''बूंद-बूंद जल की बचत'' मॉडल आकर्षण का केन्द्र है और यह लोगों के लिए सेल्फी जोन बन गया है। इस मॉडल में यह संदेश दिया जा रहा है कि दिन प्रतिदिन पीने योग्य पानी की कमी होती जा रही है, अगर आज हम जल का सदुपयोग नहीं करेंगे तो भविष्य में हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

प्रदर्शनी में नल जल योजना का चलित मॉडल, राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना मिनीमाता अमृत धारा योजना को प्रदर्शित किया गया है। इस योजनांतर्गत ग्रामीण अंचलों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदाय किया जाना है। नल जल प्रदाय योजना और सतही स्त्रोत पर आधारित नल जल योजना की जानकारी को आकर्षित रूप में प्रदर्शित है। जिसमें सतही स्त्रोत के जल को उपचारित कर चयनित ग्रामों में उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से जल प्रदाय किया जाता है।

जल शुद्धिकरण यंत्र आरो प्लांट की स्थापना और मुख्यमंत्री चलित संयंत्र योजना के माध्यम से स्वच्छ सुरक्षित पेयजल प्रदाय की मोबाइल यूनिट, वर्षा जल के संरक्षण एवं जल पुनर्भरण के बारे में भी जनता को जागरूक किया जा रहा है। नल जल योजना का चलित मॉडल स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरूवा और बाड़ी को भी प्रदर्शित किया गया है जिसमें उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से जल प्रदाय दर्शाया गया है। इसी के साथ-साथ ग्राम के स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल में भी जल प्रदाय को दर्शाया गया है।

शाबाश...

रायपुर। राज्योत्सव के मंच पर अरपा पैरी की धार, महानदी हे अपार'' और ''पंथी गीत'' तथा ''धनी बिना जग लागे सून्ना रे'' गीत गाकर दर्शकों की व्यापक प्रशंसा पाने वाली कक्षा 6 वीं पढ़ने वाली 10 वर्षीय प्रतिभाशाली गायिका आरू साहू ने संस्कृति विभाग के सचिव सिध्दार्थ कोमल परदेशी, जिला कलेक्टर डॉ. एस.भारतीदासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफएच शेख, नगर निगम आयुक्त शिव अनंत तायल से मुलाकात की। इन अधिकारियों ने उसका उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दी।

राज्योत्सव | राज्योत्सव में ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बनाए गए शिल्पग्राम में उमड़ रहा है जनसमूह

सजावटी कला कृतियां, मिट्टी के बर्तनों में लोगों की खास रुचि

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ की गौरवशाली प्राचीन संस्कृति और धरोहर से जुड़ी कलाकृतियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। राज्योत्सव स्थल पर बनाए गए शिल्पग्राम में हाथकरघा और खादी वस्त्रों के साथ-साथ माटी कला के उत्पादों और बर्तनों में लोगों की काफी रूचि देखने को मिल रही है। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लगाए गए शिल्पग्राम लोगों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का अहसास मिल रहा है। यहां पिछले तीन दिनों में राज्योत्सव में आए शिल्पकारों की विभिन्न सामग्रियां की बिक्री 35 लाख रूपए तक पहुंच चुकी है।

शिल्पग्राम में 44 स्टॉलों में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए लगभग डेढ़ सौ हस्तशिल्प कलाकार अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों और उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। बस्तर के बेलमेटल और लौह शिल्प जैसी साजवटी वस्तुओं की खूब बिक्री हो रही है, वहीं रायगढ़ के कोसा वस्त्रों की छटा लोगों को आकर्षित कर रही है। माटी कला बोर्ड के द्वारा उत्पादित कलात्मक वस्तुओं और मिट्टी से बने आभूषणों की बिक्री भी हाथों हाथ हो रही है।

बेमेतरा जिले के शिल्पियों द्वारा बांस के फर्नीचर, जशपुर के शिल्पियों द्वारा निर्मित गोदना भित्तिचित्र, काष्ठ शिल्प भी लोगों को आकर्षित कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष मांग

शिल्पकारों ने बताया कि खादी, सूती और कोसा वस्त्रों एवं नैसर्गिक रंगो से निर्मित वस्त्रों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष मांग है, जिसके चलते यहां आने वाले लोग खादी और कोसा कपड़े की खरीदी कर रहे हैं। इस बार राज्योत्सव में मिट्टी के बर्तन, टी-सेट पाट, आकर्षक-सजावटी वस्तुओं और श्रृंगार सामग्रियां और आभूषणों की बिक्री हाथों हाथ हो रही है। इसके अलावा बेलमेटल, लौह-शिल्प, तथा बेमेतरा जिले का बांस शिल्प सहित अनेक वस्तुओं में लोग रूचि ले रहे हैं।

कमल विहार: पाइप लाइनों का मॉडल बना जिज्ञासा का केन्द्र

■ फेसबुक, व्हॉट्सअप में पोस्ट करने युवा खीच रहे हैं मॉडल के फोटो

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव मेले में रायपुर विकास प्राधिकरण के स्टॉल में कमल विहार की सड़कों के नीचें डाली गई पाईप लाईनों का मॉडल लोगों की जिज्ञासा का केन्द्र बना हुआ है।

प्रदर्शनी में रखे गए कमल विहार की सड़क के मॉडल में सड़कों के नीचे बिछाई गई विभिन्न प्रकार की पाईप लाईनें दिखाई गई है। मॉडल में सड़क के ऊपर डामरीकृत सड़कें और स्ट्रीट लाईटें तथा सड़क के नीचें लैट्रिन बाथरूम के पानी की सीवर पाईप लाईन, बारिश के पानी के लिए पाईप लाईन, पीने के पानी की पाईप लाइन, आईटी केबल की पाईप लाईन, इलेक्ट्रिकल केबल की पाईप लाईन, ट्रीटेड सीवेज इफ्लूयेंट पाईप लाईन को दिखाया गया है.

प्राधिकरण व्दारा स्टॉल में आने वाले दर्शकों को बताया जा रहा कि इन पाईप लाईनों के ऊपर मिट्टी भरी गई है। उसके ऊपर गिट्टी से ग्रैन्युएल सब बेस, डामर गिट्टी डालकर सड़क और फिर डिवाईडर बनाया गया है। डिवाईडर के बीचो बीच स्ट्रीट लाईटें लगाई गई है जिसकी तारें अंडरग्राऊंड हैं। स्टॉल में दर्शक भी इस मॉडल को देख कर रोमांचित हो रहे हैं और कमल विहार के बारे में कई सवाल भी पूछ रहे हैं। कई दर्शकों ने तो यह कहा कि हमें तो मालूम ही नहीं था कि सड़क के नीचे इतनी सारी पाईप लाईनें बिछाई गई हैं। प्रदर्शनी में यह बताया जा रहा है कि सड़कों में बेहतरीन क्वालिटी की अच्छी पाईप लाईन डाली गई है जो सालों साल चलेगी छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में आरडीए के स्टाल में एल आईजी और ईडब्लूएस के बहुमंजिलीय फ्लैट्स के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए हैं। स्टॉल में आने वाले युवा अपने व्हॉट्सअप और फेसबुक में पोस्ट करने के लिए इन माडलों की खूब फोटो खीच रहे हैं।

संपादकीय

प्रदूषण पर सुको की फटकार

देश की राजधानी नई दिल्ली में वायु प्रदुषण अपनी सीमा पार कर गया है। दीपावली के बाद से वहां लोगों का सांस लेना भी दुभर हो गया है। दिल्ली के केजरीवाल सरकार और केन्द्र सरकार इस भयावह समस्या को लेकर एक दुसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसे संज्ञान में लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अब तो दिल्ली में प्रदुषण इतना ज्यादा बढ़ चुका है कि लोग अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। इस बीच केजरीवाल सरकार ने वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदुषण को कम करने के लिए एक बार फिर ऑड-ईवन लागू किया है। इस पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवालिया निशान लगया है कि जब आटो और टैक्सी को छूटदी गई है तो ऐसे में ऑड-ईवन का क्या औचित्य है। गौरतलब है कि दिल्ली में वाहनों की बढ़ती संख्या की वजह से भी प्रदुषण बढ़ रहा है। पंजाब और हरियाणा में किसानों द्वारा फलारी जलाए जाने से भी दिल्ली और एनसीआर में धुएं के काले बादल बन रहे है। जिससे लोगों का दम घुटने लगा है। इसपर भी सुप्रीम कार्ट ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए कहा है कि फलारी जालाएं जाने पर पाबंदी लगाई जाएं और इसके लिए गांव के सरपंच तक की जिम्मेदारी तय की जाए। किसानों को किसी की जान से खेलने की छूट नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के कड़ तेवर को देखते हुए अब यह उम्मीद की जानी चाहिए की नई दिल्ली सरकार और केन्द्र सरकार प्रदुषण की रोकथाम के लिए कारगर पहल करेंगे। देश की राजधानी में हर साल दीपावली के बाद ऐसी स्थिति निर्मित होती रही है। इसी दौरान हरियाणा और पंजाब में फसल कटती है और वहां के किसान खेतों में ही फलारी जला देते है, जिसका दुआं नई दिल्ली और एनसीआर में फैल जाता है। इस लिए यह आवश्यक है कि फलारी जलाने पर कड़ाई पूर्वक रोक लगाई जाएं। जहां तक वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण हो रहे प्रदुषण का प्रश्न है तो पुरानी गाड़ियों को प्रचलन से बाहर करने के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। सार्वजनिक परिवहन को भी प्रोत्साहित करना होगा ताकि दिल्ली में वाहनों की संख्या कम की जा सके। यदि समय रहते इस तरह के कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में नई दिल्ली में लोगों का जीन मुहाल हो जाएगा।

विचार

फिर ऑड-ईवन

राजधानीदिल्ली आज से ऑड-ईवन पॉलिसी के एक और दौर से गुजरेगी। यहां की सड़कों पर 4 नवंबर से 15 नवंबर तक नंबर प्लेट के आखिरी अंक के हिसाब से या तो सम संख्या वाली गाड़ियां चलेंगी या विषम संख्या वाली। हमेशा की तरह कुछ अपवाद इस बार भी रखे गए हैं, लेकिन दिल्लीवासियों को कुछ असुविधाओं का सामना तो करना ही पड़ेगा। बावजूद इसके, आम लोगों में इस व्यवस्था को लेकर करीब-करीब आम राय दिख रही है तो इसके पीछे उस जहरीली धुंध का हाथ है जिसने पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में लोगों का सांस लेना दूभर कर रखा है। हालांकि यह महानगर इस स्थिति से कोई पहली बार नहीं गुजर रहा। अक्टूबर-नवंबर का यह दौर हर साल दिल्ली एनसीआर की हवा के लिए अभिशाप बन कर आता है। फिर भी न तो दीवाली के धूम-धड़ाकों में कोई खास कमी होती है, न ही पराली के धुएं का कोई इंतजाम हो पाता है। प्रदूषण बढ़ाने वाले बाकी कार्यक्रम भी साल भर ज्यों के त्यों चलते रहते हैं। हां, अक्टूबर-नवंबर में जब हर सांस चूल्हे में से खिंचती हुई जान पड़ती है, आंखें जलने लगती हैं और खांसी दूर करने के सारे जतन बेकार साबित होने लगते हैं, तब किसी भी उपाय से प्रदूषण कम करने की बेकरारी ऑड-ईवन जैसी स्कीमों को अपरिहार्य बना देती है। यह और बात है कि इसे लागू करने वाले सीएम अरविंद केजरीवाल भी इसे प्रदूषण कम करने का आखिरी उपाय ही मानते हैं।इस बात को लेकर कोई साइंटिफिक स्टडी अभी तक नहीं आई है कि सड़कों पर दौड़ते वाहनों से कितना प्रदूषण होता है और इनकी संख्या में कुछ कमी करके प्रदूषण की मात्रा कितनी घटाई जा सकेगी? मगर जैसे आम लोग बेचैन रहते हैं कि किसी भी उपाय से सांस लेना आसान हो, वैसे ही दिल्ली सरकार भी छटपटाती है कि किसी तरह वह कुछ करती हुई नजर आए। अफसोस इस बात का है कि जनता और सरकार, दोनों ही स्तरों पर यह बेचैनी अस्थाई ही होती है।

टेक ज्ञान

एयरटेल एक्सट्रीम यूजर्स के लिए ऑफर

नई दिल्ली। रिलायंस जियों फायबर को टक्कर देने के लिए एयरटेल ने अपनी एक्सट्रीम सर्विस को लॉन्च किया है। इस सर्विस को लॉन्च हुए कुछ दिन हो चुके हैं। कंपनी अपनी इस एक्सट्रीम फाइबर ब्रॉडबैंड सर्विस में यूजर्स को हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ और भी कई शानदार फीचर दे रही है। कंपनी की कोशिश है कि वह इन सर्विस के जरिए जियो को कड़ी टक्कर देते हुए सब्सक्राइबर बेस और रेवेन्यू के रेस में आगे रहे। अपनी इस नई सर्विस को प्रमोट करने के लिए एयरटेल अब एक नया ऑफर लेकर आया है। इसके तहत यूजर्स को मौजूदा प्लान्स के साथ हर महीने अनलिमिटेड डेटा ऑफर किया जा रहा है। हालांकि, इसके लिए कंपनी यूजर्स से 299 रुपये ले रही है।

फोन से जासूसी का अर्थ- अनर्थ

आलोक मेहता

> इस विवाद से जुड़ा दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि नक्सली हिंसा अथवा आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सहायता करने वालों पर सरकारी या गैर सरकारी स्तर पर नजर रखने की पूरी संभावना रहती है। कानूनी रूप से अधिकार हो सकता है लेकिन देर सबेर यह खतरा बन सकता है कि देश के अंदर या बाहर से सहायता देने वाले लोगों से संपर्क होने पर वह भी संदेह के पात्र हो जाते हैं। नक्सली हिंसा में कांग्रेस के भी शीर्ष नेताओं की हत्या हुई है। अपने सत्ता काल में वह भी ऐसे लोगों पर नजर रखती रही है। भारत ही नहीं ब्रिटेन और अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देशों में भी सत्ता धारियों अथवा कारपोरेट कंपनियों द्वारा जासूसी के मामले सामने आते रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में सक्रिय रहने पर अन्य खतरों के साथ इस तरह के खतरों का भी सामना करना होता है।

एक बार फिर फोन से जासूसी पर हंगामा। कम से कम अनुभवी नेताओं और पत्रकारों को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। मुझे 32 वर्ष पहले की घटना याद आती है । ज्ञानी जैल सिंह भारत के राष्ट्रपति थे। उनके करीबी वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल के साथ राष्ट्रपति भवन में बातचीत हो रही थी। पहले हम उनके स्टडी रूम में ही बात कर रहे थे। फिर राजनीतिक उठापटक पर बात शुरू होने पर यानी जी ने हमसे कहा चलो बाहर लॉन में बात करेंगे। मुझे थोड़ा आश्चर्य हुआ। ज्ञानी जी ने बाहर निकल कर खुद ही बताया कि तुम्हें मालूम नहीं है, आजकल दीवारों के कान भले ही ना हो, टेलीफोन उठाए बिना कोई दूर बैठा हमारी बात सुन लेगा या रिकॉर्ड भी कर लेगा। उन दिनों ज्ञानी जी और प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बीच मत भिन्नता और अविश्वास का दौर चल रहा था। स्थिति यहां तक गंभीर थी कि उस नेता राष्ट्रपति को अपने अधिकार का उपयोग करके बर्खास्त करने तक की सलाह देने लगे थे। इसतरह फोन से टैपिंग से बचाव के रास्ते निकाले जाते रहे । राजनीतिक गलियारों के अलावा सरकारी एजेंसियां और देश विदेश की निजी एजेंसियां भी वर्षो से अधिकृत अथवा गैर कानूनी ढंग से भारत में जासूसी करती रही हैं । अब इजरायल की एक कंपनी के आधुनिक उपकरण से दुनिया के 14 देशों के साथ भारत के भी लगभग 15 या उससे अधिक लोगों के फोन में सेंध लगाकर व्हाट्सएप के जरिए बातचीत अथवा दस्तावेजों की जासूसी का आधा अधूरा रहस्य मीडिया में उछला है। सरकार ने स्वयं इस मुद्दे पर व्हाट्सएप कंपनी और एजेंसियों से जांच पड़ताल की घोषणा कर अपने हाथ झाड़ने का प्रयास किया है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और प्रतिपक्ष के अन्य दलों, मीडिया समूहों तथा कानूनविदो ने इसे निजता में हस्तक्षेप ठहराते हुए आशंका व्यक्त की है कि प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से इस जासूसी में सरकार का हाथ हो सकता है।

असली मुद्दा यह है कि किसी एजेंसी ने इन चुनिंदा लोगों के फोन में ही सेंध क्यों लगाई ? जो नाम सामने आए उनमें से कुछ पर नक्सल संगठनों , उनसे जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों और देश विदेश में मानव अधिकारों के नाम पर सहायता देने वालों से संपर्क और संबंध होने के आरोप लगते रहे हैं । भारत सरकार भी वर्षो से ऐसे व्यक्तियों और संगठनों पर नजर रखती रही है। कांग्रेस गठबंधन की सरकारें रही हो या भाजपा गठबंधन की राष्ट्रीय अथवा प्रादेशिक सरकारों ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए वैधानिक रूप से भी गुप्तचरी का इंतजाम किया है। लेकिन नए जासूसी कांड में बड़े पेंच है। इजरायल की कंपनी एनएसओ ने कहा है कि वह आतंकवाद और गंभीर अपराधों के खिलाफ लड़ाई में मदद के लिए सरकारी खुफिया एजेंसियों को यह टेक्नोलॉजी देती है । यह टेक्नोलॉजी मानव अधिकार कार्यकर्ताओं और पत्रकारों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए डिजाइन नहीं की गई है । फिर भी जिन लोगों की जासूसी का मामला सामने आया है, उनमें से कुछ भीमा कोरेगांव के हिंसक गंभीर मामलों के वकील अथवा मानव अधिकार कार्यकर्ता के रूप में चर्चित रहे हैं1 रहस्य यह है कि किसके कहने पर इनके फोन में सेंध लगाई गई। जासूसी भी 2019 के चुनाव से कुछ पहले की तारीखों में हुई है ।व्हाट्सएप यह दावा करता रहा है कि उसके संदेश पूरी तरह सुरक्षित होते हैं। दुनिया भर में उसके 150 करोड़ उपभोक्ता है। इनमें से करीब 40 करोड़ भारत में है।

> शायद यही कारण है कि इस बार भी जासूसी कांड को लेकर राजनीतिक हंगामा हो रहा है। इस विवाद से जुड़ा दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि नक्सली हिंसा अथवा आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सहायता करने वालों पर सरकारी या गैर सरकारी स्तर पर नजर रखने की पूरी संभावना रहती है। कानूनी रूप से अधिकार हो सकता है लेकिन देर सबेर यह खतरा बन सकता है कि देश के अंदर या बाहर से सहायता देने वाले लोगों से संपर्क होने पर वह भी संदेह के पात्र हो जाते हैं। नक्सली हिंसा में कांग्रेस के भी शीर्ष नेताओं की हत्या हुई है।

इसलिए व्हाट्सएप की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है और उसने बाकायदा अमेरिका की अदालत में इजराइल की कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। यह मामला आसानी से निपटने वाला नहीं है। सरकार के अलावा भारतीय अदालतों में भी यह मामला जांच और न्याय के लिए सामने आने के पूरे आसार हैं।

यू मजेदार बात यह हैकि इससे पहले भी परस्पर विरोधी संस्थानों और लोगों ने जासूसी के आरोपों पर बड़ी हाय तोबा मचाई लेकिन कभी किसी पर गंभीर कार्रवाई नहीं हो सकी। कांग्रेस गठबंधन की सरकार के दौरान एक प्रभावशाली मंत्री द्वारा अपनी ही सरकार के सबसे वरिष्ठ मंत्री के कक्ष में जासूसी के उपकरण लगाने का आरोप सामने आया था। सरकार ने अपनी इज्जत बचाने के लिए इस मामले को दबा दिया। इसी तरह तत्कालीन थल सेना अध्यक्ष जनरल वीके सिंह की जासूसी का गंभीर आरोप भीसामने आया था। दूसरा मामला बड़ी कारपोरेट कंपनियों, नेताओं और नामी पत्रकारों कि महीनों तक फोन पर होती रही बातचीत की जासूसी के टेप सामने आने पर हंगामा मच गया था। लेकिन आज तक उस जासूसी के सूत्रधारों के नाम सामने नहीं आए और न ही किसी पर कोई कार्रवाई हुई 1 कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब जैसे विभिन्न राज्यों में सत्ता धारियों द्वारा समय-समय पर अपने विरोधियों और अपने समर्थकों तक की जासूसी के आरोप सामने आते रहे हैं । शायद यही कारण है कि इस बार भी जासूसी कांड को लेकर राजनीतिक हंगामा हो रहा है। इस विवाद से जुड़ा दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि नक्सली हिंसा अथवा आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष सहायता करने वालों पर सरकारी या गैर सरकारी स्तर पर नजर रखने की पूरी संभावना रहती है। कानूनी रूप से अधिकार हो सकता है लेकिन देर सबेर यह खतरा बन सकता है कि देश के अंदर या बाहर से सहायता देने वाले लोगों से संपर्क होने पर वह भी संदेह के पात्र हो जाते हैं। नक्सली हिंसा में कांग्रेस के भी शीर्ष नेताओं की हत्या हुई है। अपने सत्ता काल में वह भी ऐसे लोगों पर नजर रखती रही है। भारत ही नहीं ब्रिटेन और अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देशों में भी सत्ता धारियों अथवा कारपोरेट कंपनियों द्वारा जासूसी के मामले सामने आते रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में सक्रिय रहने पर अन्य खतरों के साथ इस तरह के खतरों का भी सामना करना होता है। बहरहाल यह उचित समय है जबकि सरकार और संसद निजता के अधिकार की सीमाएं और किसी भी तरह की गुप्त चरी के नियमों को तय करे।

बीजेपी का विधान परिषद के गठन की योजना का विरोध

विधायक आवास के निर्माण पर भी विवाद

एल.एस. हरदेनिया

> रेस्ट हाउस के प्रस्तावित निर्माण का न केवल राजनेताओं के एक वर्ग द्वारा बल्कि आम जनता द्वारा भी विरोध किया जा रहा है। मुख्य विवाद यह है कि मकानों को हरियाली की कीमत पर बनाया जाएगा। परियोजना के खिलाफअन्य तर्क यह है किरू 1. पहले से ही विधायकों के लिए पर्याप्त आवास उपलब्ध है। मूल रूप से 320 विधायकों के लिए आवास बनाया गया था। मध्य प्रदेश के विभाजन के बाद, 90 विधायकों को छत्तीसगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया। इस प्रकार, 90 विश्राम गृह खाली पड़े हैं। इसके अलावा सरकार ने विधायकों को 60 से अधिक बंगले आवंटित किए। 3. कुछ साल पहले विधायकों को स्वामित्व के आधार पर कई मकान बनाए गए थे।

झाबुआ विधानसभा उपचुनाव में भारी जीत दर्ज करने के बाद कमलनाथ सरकार ने राज्य में विधान परिषद के गठन के लिए कदम उठाया है। कांग्रेस ने अपने वचन पत्र (घोषणापत्र) में राज्य में उच्च सदन का गठन करने का वादा किया था। जैसा कि ऐसा करने की बात ज्ञात हो गई, भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल के रूप में इसे दुर्लभ राज्य संसाधनों की बर्बादी करार दिया, इस कदम को पार्टी में असंतुष्ट तत्वों को खुश करने का उद्देश्य बताया। मकसद सरकार को स्थिरता देना है जो बहुमत के लिए सुनिश्चित नहीं है। विधान परिषद के गठन के इरादे के अलावा, विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों के लिए अत्यधिक शानदार और महंगे रेस्ट हाउस बनाने की घोषणा की है। इस कदम ने भयंकर विवाद को जन्म दिया क्योंकि ये विश्राम गृह उस भूमि पर बनाए जाएंगे जो सैकड़ों पेड़ों को काटने के बाद अधिग्रहित की जाएगी।

राज्य सरकार द्वारा राज्य में द्विसदनीय विधायिका के गठन की परियोजना के विचार से भाजपा सहमत नहीं है। सत्तारूढ़ कांग्रेस विधान परिषद के गठन के लिए उत्सुक है क्योंकि वह लोगों को समायोजित करना चाहती है, जो विधानसभा चुनावों में निर्वाचित होने में विफल रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि यह कदम उसके वचनों के अनुरूप है जबकि भाजपा ने इस कदम को पार्टी में असंतुष्ट तत्वों को खुश करने के प्रयास के रूप में करार दिया है। बीजेपी ने कहा है कि उच्च सदन नकदी-तंगी वाले सरकारी खजाने पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेगा। सत्तारूढ़ कांग्रेस राज्य में उच्च सदन स्थापित करने के लिए उत्सुक है क्योंकि यह 2018 में विधानसभा चुनावों से पहले अपने वचन पत्र में किए गए प्रमुख चुनावी वादों में से एक था। अधिकारियों को भी 75 सदस्यों को समायोजित करने के प्रस्ताव की व्यवहार्यता पर ध्यान देने के लिए कहा गया है, 230 सदस्यीय सदन की एक तिहाई संख्या है। बीजेपी हालांकि पूरी चाल को संदेह की नजर से देख रही है। ÷यह सरकार को बचाने और आंतरिक असंतोष को नियंत्रित करने की रणनीति प्रतीत होती है। पांच साल में सरकार 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डालेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने किसानों, गरीब पेंशनरों और कानून व्यवस्था से जुड़े प्रमुख मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। ÷कांग्रेस सरकार में दृष्टि और प्रतिबद्धता का अभाव है। विधान परिषद के गठन का विचार कुछ चुने हुए नेताओं को उपकृत करना है। इसके बजाय, सरकार को किसानों को राहत और बाढ़ प्रभावित और गरीबों को पेंशन जैसी प्राथमिकताओं पर ध्यान देना चाहिए। किसान रो रहे हैं, आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार को विधान परिषद के गठन का जुनून है। यह सब मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है÷। सूत्रों ने कहा कि विधायी मामलों के विभाग ने कानूनी प्रावधानों के अनुसार विधान परिषद के गठन के लिए एक मसौदा प्रस्ताव तैयार किया है और विधि विभाग द्वारा इसकी जांच की गई है।

रेस्ट हाउस के प्रस्तावित निर्माण का न केवल राजनेताओं के एक वर्ग द्वारा बल्कि आम जनता द्वारा भी विरोध किया जा रहा है। मुख्य विवाद यह है कि मकानों को हरियाली की कीमत पर बनाया जाएगा। परियोजना के खिलाफ अन्य तर्क यह है किरू 1. पहले से ही विधायकों के लिए पर्याप्त आवास उपलब्ध है। मूल रूप से 320 विधायकों के लिए आवास बनाया गया था। मध्य प्रदेश के विभाजन के बाद, 90 विधायकों को छत्तीसगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया। इस प्रकार, 90 विश्राम गृह खाली पड़े हैं। इसके अलावा सरकार ने विधायकों को 60 से अधिक बंगले आवंटित किए। 3. कुछ साल पहले विधायकों को स्वामित्व के आधार पर कई मकान बनाए गए थे। लेकिन अधिकांश विधायकों ने उन्हें बेच दिया और उनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती निर्मला बुच ने अध्यक्ष को संबोधित एक पत्र में कहा कि भोपाल में हरियाली 66 प्रतिशत से घटाकर 22 कर दी गई है। श्रीमती बुच ने याद दिलाया कि 2016 में तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा इस तरह की परियोजना की घोषणा की गई थी। लेकिन लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध के बाद इसे छोड़ दिया गया था।

(संवाद)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नीयत किसी लौ की

नीयत किसी लौ की, न बहक जाए दीवानी हो कर कहीं इसलिए चरागों को हम लबों से अपने बुझाते नहीं...! हम तो बेजान चीज़ों पर भी रहम फरमा दिया करते हैं ऐसा शराफ़त का आलम देखा है क्या किसी ने कहीं...!!   **- नीलोफर नीलू**

एक पाकीज़ा मुहब्बत

एक पाकीज़ा मुहब्बत होती है जिस्म के बिन भी तो चाहत होती है दूरियों ने यूँ बढ़ाई बेचैनी देखने भर से भी राहत होती है जब कभी चेहरे पै मेरे आ जाएं उनकी जुल्फ़े मे भी जन्नत होती है उनके बिन अच्छा नहीं लगता है कुछ इश्क़ की इतनी बुरी लत होती है स्वाद ऐसा होटलों में है कहाँ घर के खाने में जो लज़्ज़त होती है

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

खास पाती | कुछ कहानियां बनती नहीं

कुछ कहानियां बनती नहीं बना दी जाती है कुछ किस्से कहे नहीं जाते हो जाते हैं कुछ अहसास खुद ब खुद रूह में उतर जाते हैं कुछ किरदार दिल में गहरे बैठ जाते हैं। कलम खुद ही चलने लगती है और कागज पर कुछ आकृतियां उभर आती है और इन आकृतियों में न जाने कितने सपने, दर्द, अहसास, जज़्बात छिपे होते हैं ये तो वही जानता है जिसने उस कहानी को जीया है।

- शोभा गोयल

ग़म के बादल हमपे तो छाए बहुत

ग़म के बादल हमपे तो छाए बहुत। ग़र्दिश-ए ज़द पे भी हम आए बहुत। पत्थरों से हम सँभल चलते रहे, जखूम फूलों से मग़र खाए बहुत। सादगी से वास्ता मेरा रहा, रंग नूरों ने तो भरमाए बहुत। इश्क़ की रानाइयाँ हासिल नहीं, दिल लगाकर हम तो पछताए बहुत। तितलियों के नोचें पर फिर आप वो, अपने किरदारों पे शरमाए बहुत ।

- रूबी कमल झा

मुशायरों में कौन जा रहे वो क्या सबको बता रहे

मुशायरों में कौन जा रहे है वो ऐसा क्या सबको बता रहे है ये कैसा आया दौर जिंदगी का खा बकरी खाना शेर का रहे है वो भूल बैठे सब हया है अपनी हमाम में नंगे ही गा रहे है नहीं बुझी पानी से प्यास तो फिर वो पीने को अब खून ला रहे है हुए है उनके सब, नहीं हमारे ये टीश दिल की हम छुपा रहे है।

- यू एम मिश्रा स्वप्निल

सुबह अखबार में देखा था

सुबह अखबार में देखा था कहीं भूख से कोई मरा रात उत्सव की थी , खूब मस्ती में हंसे नाचे गाए सबको परोसा गया थाल भरा! सुबह अखबार में देखा था किसी बेटी का लहू बहते रात बाजार में रौनक थी बड़ी, देवी का जयकार गुंजा हमने भी सुना स्त्री सर्वत्र पूज्यते ! सुबह अखबार में देखा था बेवजह जान ले ली भीड़ ने एक रात एक तमाशा था , वीरो के यशोगान वाला हमने भी देखा देशवासी थे कितने नेक !

- जावेद उस्मानी

जमीं प्यासी हो बादल को बुलाती

जब जमीं प्यासी हो बादल को बुलाती है, अपने दिल का हाल रो रोकर सुनाती है, आसमां में झूम फिर बादल बरसता है, तृप्त होकर हर कली तब मुस्कराती है !

- कुलदीप मिश्रा

न गीता न कुरान न आरती न अज़ान

न गीता न कुरान न आरती न अज़ान न हिन्दू न मुस्लमान न वाहेगुरु न सतनाम न ज्ञान न ईमान बस ढूंढ रही हूं मैं इंसान में छिपा इंसान।

- सोनिया राय

दग्ध हृद वेदना लिख दूँ



दग्ध हृद वेदना लिख दूँ, मौन अभिसार मैं लिख दूँ, मेरी रूठी कहानी का, तुझे किरदार मैं लिख दूँ, शब्द सिमटे पड़े अन्तस, सुधि जाती कहाँ तेरी , हृदय सागर पुलिन रेखित,अमिट वो प्यार मैं लिख दूँ।

- किरण मिश्रा

लघु कथा

जीवन के पन्नों पर

एक पंडित थे, बड़े स्वाध्यायी. शास्त्रार्थ करने के लिए उन्होंने कई ग्रंथों से सामग्री उतार ली, और शास्त्रार्थों में उनकी धाक जम गयी. ऐसे ही एक दिन उन्हें कुछ चोरों ने मार्ग में घेर लिया. पंडितजी ने पास जितनी भी सामग्री थी, सब दे दी, परंतु वह कागजों का पुलिंदा अपने हाथ में उठाये रखा. जब एक डाकू ने वह भी लेना चाहा, तब अनुनय करते हुए बोले- 'इन कागजों से शास्त्रार्थ करने में मुझे बहुत सहायता मिलती है, इनमें मैंने धर्म लिख रखा है.' डाकुओं का सरदार इस पर बोला- 'अरे पंडित, धर्म तो जीवन में उतारने की चीज़ है. कागज में लिख रखने की चीज़ थोड़ी है. तुमने सारा समय यों ही गंवा दिया.' उसने कागज लौटाते हुए कहा. पंडितजी सलज्ज भाव से बोले- 'यह पहला शास्त्रार्थ है, जिसमें मैं पराजित हुआ हूं. अब से मैं धर्म को जीवन के पन्नों पर लिखूंगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1870: महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म। 1914: इंग्लैंड और फ्रांस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की। 1917: स्वतंत्रता सेनानी एवं हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता का जन्म। 1950: ध्रुपद तथा खयाल गायन शैली के श्रेष्ठतम गायक फैयाज खां का निधन। 1985: तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरेरे ने 24 वर्ष तक शासन करने के बाद पद छोड़ा। 1995: इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की गोली मारकर हत्या। 1999: वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज़ मैल्कम मार्शल का निधन। 2001: भारत तथा रूस ने अफगानिस्तान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंजूर की। 2002: ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने जेल में बंद देश के शीर्ष असंतुष्ट नेता अब्दुल्ला नूरी को माफी दी। 2006 ङ्क इराक के उच्चाधिकार न्यायाधिकरण ने देश

अमृत मिशन योजना के गड्ढे में गिरकर मासूम की मौत, लोगों ने किया चक्का जाम

हादसे के बाद आक्रोशित नागरिकों ने शव रखकर निगम के दोषी अधिकारी, कर्मचारी और के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते रहे

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। अमृत मिशन के लिए खोदे गये गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत हो गई, निगम की बेतरतीब खुदाई किये जाने तथा बच्चे की मौत के बाद स्थानिय नागरिकों ने शव रखकर चक्काजाम पानी भरा हुआ था, जहां सुबह खेलते हुए चांटीडीह में रहने वाला 9 वर्षीय अनुराग साहू गड्ढे में गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। यह घटना आज सुबह 9 के बीच बताई है। किया। निगम प्रशासन की लापरवाही से बच्चे की मौत होने का आरोप लगाते हुए सरकंडा पुराना पुल में लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मेलापारा के पास चाटीडीह में पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए बड़ा गड्ढा खोदा गया है। जिसमे पूरी तरह पिछ्ले काफी समय से यहाँ टंकी निर्माण में निगम अधिकारियों द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य किये जाने से क्षेत्र के लोग में

आक्रोशित थे। इस घटना ने उनके सब्र का बांध टूट गया। अनुराग साहू के पिता महेश साहू के साथ चाटीडीह के स्थानीय नागरिकों ने बच्चे का शव लेकर पुराना अरपा पुल के पास चक्का जाम कर दिया, जिन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन पर इस मौत का ठीकरा फोड़ते हुए तुरंत लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदार पर कार्यवाही के साथ मेला पारा में बन रहे पानी टंकी निर्माण के कार्य में एहतियात बरतने की मांग की। इसके बाद यहां तहसीलदार नारायण गोविंद पहुंचे जिन्होंने तुरंत 10,000 रुपए का मुआवजा दिया और 4 लाख रुपए का मुआवजा देने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम खत्म किया गया। इस दौरान पुल के दोनों तरफ लंबा ट्राफिक जाम लगा रहा सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को जाम हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

तिफरा के रसायन गोदाम में लगी आग

पूरे इलाके में फैल गया जहरीला धुआं

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। तिफरा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में मौजूद ओम इंटरप्राइजेज के गोडाउन में दोपहर अचानक आग लग गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई सूचना मिलते ही आग बुझाने वाली नगर निगम की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया हालांकि लाखों का समान जल कर खाक हो गया। तिफरा क्षेत्र में कई फैक्ट्रियां और गोदाम संचालित हैं इन्हीं मंक से एक ओम इंटरप्राइजेज शरद गुप्ता का गोदाम है जहां ब्लीचिंग पाउडर की बोरियां स्टोर की जाती है। बताया जा रहा है कि इस गोदाम में करीब 14 लाख रूपये का ब्लीचिंग पाउडर मौजूद था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि आग किस वजह से लगी है, लेकिन आग लगने की खबर से ही यहां लोगों की भीड़ जुट गई और सभी अपने अपने प्रयास से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान सूचना के बाद दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। वही ब्लीचिंग पाउडर में आग लगने से पूरे इलाकों में रसायन की बदबू फैल गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आग किस कारण से लगी। गोदाम संचालक शरद गुप्ता के अनुसार इस आगजनी में उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है।

लाखों का माल जलकर हुआ खाक

अज्ञात कारणों से लगा दुकान में आग लाखों रुपए का माल जलकर हुआ खाक ट्रांसपोर्ट नगर बिलासपुर में स्थित ब्लीचिंग पाउडर की दुकान में भीषण आग लग गया जहां पर रखें लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया दुकान के मालिक शरद कुमार गुप्ता ने बताया उनके खुद की पुरानी गाड़ियां के समान भी रखा था जिसके कीमत लाखों में थी वह भी जलकर राख हो गयी साथ ही गुप्ता जी ने बताया दमकल की गाड़ी फोन करने के बावजूद काफी लेट पहुंची अगर सही समय पर दमकल की गाड़ियां स्थान पर पहुंच जाती तो कहीं ना कहीं इतनी बड़ी नुकसान नहीं उठाना पड़ता आग लगने का कोई उचित कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है हालाकि दमकल की दो गाड़ियां पहुँच कर आग पर काबू पा लिए हैं।

बिलासपुर को हवाई सेवा से आखिर क्यों जोड़ा नहीं जा रहा

- उच्च स्तर पर व्यवधान डालने की हो रही कोशिशें

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 19 साल बाद भी राजधानी के बाद प्रदेश का दूसरा बडा शहर बिलासपुर हवाई सेवा से नहीं जुड पाया है। तैयारी तो पूरी हो चुकी है। गुगल के नक्शे में भी चकरभाटा विमानतल को प्रदर्शित किया जा रहा है, मगर सच्चाई तो यही है कि बिलासपुर अभी भी हवाई सेवा से वंचित है। कहा तो यह भी जा रहा है कि उच्च स्तर पर इसमें रोडे अटकाए जा रहे हैं। हालांकि रेलवे जोन के लिए जिस तरह आंदोलन शुरू किया गया था, कमोवेश उसी तरह का आंदोलन हवाई सेवा के लिए भी शुरू कर दिया गया है।

कुछ अरसा पहले छत्तीसगढ को जगदलपुर और बिलासपुर में हवाई सेवा शुरू किए जाने प्रशासनिक और शासकीय स्तर पर तामझाम किए गए। जगदलपुर से तो हवाई सेवा शुरू होकर बंद भी हो गई, मगर बिलासपुर में हवाई सेवा शुरू ही नहीं तो बंद कैसे होती। पिछले 19 वर्षों में बिलासपुर की लची राजनीतिक नेतत्व कहें या सोची-समझी साजिश या फिर यहां का दुर्भाग्य कि इतने वर्षों के अंतराल के बाद भी बिलासपुर को हवाई सेवा सेवा का सुख नहीं मिल पाया, हालांकि चकरभाटा विमानतल पूरी तरह से तैयार है, मगर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी की वजह से बिलासपुर को हवाई सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह सच्चाई ही है कि बिलासपुर को लड़ाई और आंदोलन के बगैर कुछ नहीं मिला चाहे वह रेलवे जोन का आंदोलन हो या फिर खंडपीठ का। बिलासपुर में हाईकोर्ट की स्थापना का निर्णय तो राजनीतिक मजबूरी थी। पिछले वर्ष सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव को छोड़ दिया जाए तो 19 वर्षों में प्रदेष में सांसदों और विधायकों की सर्वाधिक संख्या भारतीय जनता पार्टी की रही है। अभी भी छत्तीसगढ़ में भाजपा के सांसदों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद भी बिलासपुर को हवाई सेवा का सुख नहीं मिल पाना अनेक संदेहों को जन्म देता है। कुछ वर्षो पूर्व तात्कालिन सत्ताधारी दल भाजपा से संबंध रखने वाले संभागीय चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों में बिलासपुर में हवाई सेवा शुरू कराने के लिए एक होटल में व्याापारियों की बैठक रखकर दिल्ली तक आंदोलन करने के लिए बड़ी-बड़ी बाते की थी, उसके बाद पता नहीं क्यों उन्होंने या किसी के दबाव से चुप्पी साध ली।

सूदखोर शारीरिक संबंध बनाने डाल रहे दबाव

- सूदखोरों के खिलाफ शिकायत लेकर शिक्षिका ने आईजी को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मुंगेली जिले के ग्राम लछ्नपुर की शिक्षिका पिछ्ले तीन चार महीनों से पुलिस और थाने का चक्कर लगा रही है। सूदखोरों ने उनका का जीना मुहाल कर रखा है लेकिन पुलिस कार्यवाही के नाम पर सिर्फ आश्वासन दे रही है पीड़ित महिला ने थाना पुलिस अधीक्षक से लेकर आईजी और डीजीपी तक शिकायत कर बेवजह परेशान करने वाले सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकिन पीड़िता की फरियाद को अनसुना कर दिया गया, महिला के पति ने सूदखोरों से रुपए उधार लिया था जिसके एवज में दुगनी रकम दे चुके है इसके बाद भी आरोपी द्वारा उनकी कार ,जमीन हड़प ली गई। इतना ही नहीं अब सूदखोर कर्ज चुकाने के लिए महिला पर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने का भी दबाव बना रहे हैं। महिला के पति गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं पेशे से शिक्षिका महिला पर सूदखोर लगातार उसे राह चलते उसे अभद्र टिप्पड़ी करते है। महिला द्वारा चार मुख्य आरोपी के साथ 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है , बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं हो रही। हाल ही में बिलासपुर में भी भूपेंद्र शर्मा ने सूदखोरों से परेशान होकर अपनी जान दे दी थी। सूदखोरों से प्रताड़ित इस महिला ने भी आईजी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगर जल्द ही उन्हें न्याय नहीं मिली तो वह भी मौत को गले लगा लेगी। लेकिन पुलिस शायद उनकी चेतावनी को गंभीरता से नहीं ले रही या फिर कर्जदार इतने रसूखदार हैं या उनके द्वारा नोटों की गड्डी से पुलिस का मुंह बंद कर दिया गया है। कारण जो भी हो, इस कारण से अभी तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उल्टे आरोपी ही, महिला के खिलाफ चेक बाउंस होने का फर्जी मामला दर्ज कर उन्हें परेशान कर रहे हैं। हर तरफ से निराश, परेशान पीड़ित महिला ने आज एक बार फिर आईजी को ज्ञापन सौंपकर शिकायत करते हुए कहा कि अब तक मुंगेली पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ एफआईआर तक नहीं लिखी गई है। लिहाजा वे मध्यस्थता कर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं।

दो बाइक्स में भिड़ंत: एक मृत, दो घायल

- शराब बनी दुर्घटना की वजह

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोटा शराब की नशे की वजह से एक परिवार का चिराग बुझ गया, इसमें मृतक की कोई गलती नही है बल्कि सामने से आ रही बाइक चालक के शराब के नशे में होने की वजह से यह दुर्घटना घटी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार दूसरा बाइक चालक शराब के नशे में चूर था जिसकी वजह से यह दुर्घटना घटी और एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोटा थाना अंतर्गत गनियारी के पास स्थित चकरकुण्ड मोड़ की है जहाँ भरनी निवासी अमर रजक पिता अशोक रजक उम्र 20 वर्ष जो कि शहर के एक कपड़ा दुकान में कार्य करता है वो भारत होजियरी में कार्यरत अपने मित्र रितेश यादव पिता दिलीप यादव उम्र 22 वर्ष निवासी भरनी के साथ अपने वाहन क्रमांक सी.जी.10 ए.एम. से किसी काम से गनियारी की ओर जा रहा था और चकरकुण्ड मोड़ के पास पहुँचा था कि तभी गनियारी की तरफ से आ रहे दिपक पिता मुरितराम साहू उम्र 28 वर्ष निवासी दर्रा थाना सीपत ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी जिससे बाईक चालक अमर रजक के सिर पर चोट लगी और उसकी मौंके पर ही मौत हो गई, वही उसके साथी रितेश का दाहिना पैर टूट गया और गंभीर रूप से चोटिल हो गया साथ ही आरोपी दिपक भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँची सकरी पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया वहीँ घटना कोटा थाना क्षेत्र होने की वजह से कोटा पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मृतक के शव को कोटा ले जाकर पंचनामा और पीएम के बाद परिजनों को सौप दी। इस गंभीर सड़क दुर्घटना में एक बार फिर शराब का नशा हादसे की वजह बना है, जिसमें बेक़सूर अमर की जान चली गई। वही उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। पुलिस प्रशासन और शासन के लाख प्रयासों के बाद भी लोग यातायात नियमों को नही मानते, अनियंत्रित गति और नशे में वाहन चलाते है, जिसकी वजह से ऐसे हादसे बढ़ते ही जा रहे है आखिर कब लोगो को अपने अलावा दुसरो की जिंदगी का ख्याल आएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया कनबेरी में नई गौशाला का भूमिपूजन

- गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर गौ-पूजन कर प्रदेश की खुशहाली-समृद्धि की कामना की

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज दोपहर स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव और प्रभारी मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम के साथ कनबेरी स्थित श्री अग्रसेन गौषाला पहुँचकर नई गौषाला के लिये भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल भी उपस्थित रहे। गौषाला में गोपाष्टमीं पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। सभी अतिथियों ने गौ-पूजन किया और गौ-माता से प्रदेषवासियों की समृद्धि तथा खुषहाली के लिये कामना की।

युवा महोत्सव के लिए नृत्य दलों का चयन की प्रक्रिया शुरू

कोरबा। कोरबा जिले से राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिये परंपरागत नृत्य दलों का चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिये आवेदन 5 नवम्बर तक लिये जायेंगे। इस महोत्सव में शामिल होने के लिये आदिवासी नृतक दल अपने-अपने विकासखण्ड मुख्यालयों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के समक्ष 5 नवम्बर 2019 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

कोरबा में जल्द शुरू होगा सिटी हेल्थ सेंटर, विधानसभा अध्यक्ष ने की घोषणा

कोरबा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव और प्रभारी मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम की उपस्थिति में कोरबा में लाईफलाईन एक्सप्रेस के मेगा हेल्थ षिविर का समापन किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की मांग पर कोरबा शहर में हेल्थ सेंटर शुरू करने की घोषणा भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर मौजूद गणमान्य नागरिकों और लाईफलाईन एक्सप्रेस के स्वास्थ्य षिविर में ईलाज कराने वाले मरीजों को संबोधित करते हुये कहा कि रेल की डिब्बों में चलने वाले अत्याधुनिक इस अस्पलात की उपयोगिता कोरबा में एक बार फिर सिद्ध हो गई है। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल कोरबा में दूसरी बार मरीजों के ईलाज के लिये पहुँचा है और इस बार जिला प्रषासन के भरपूर सहयोग से लगभग 9 हजार मरीजों का ईलाज इसमें हुआ है।

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

रायगढ़। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने सभी एसडीएम को समर्थन मूल्य में धान खरीदी के पूर्व किसानों के धान के रकबे का सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्य है और इसे प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में कृषि भूमि सीलिंग कानून के प्रावधान, पंजीकृत किसान जिनका रकबा पूर्व वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है।

कार्यलय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

संशोधन क्रमांक 01 (जी. क्रमांक 72859)

इस कार्यलय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 16/ले.शा./का . अभि./ लोस्वाया./ 2019-20 बिलासपुर, दिनांक 23.08.2019 समूह क्रमांक 01,02 एवं 03 रिफ्रेस आई.डी. नं. 201908003375 कार्य का नाम उच्चस्तरीय जलागार निर्माण का कार्य।

निविदा का विवरण तिथि	पात्रता निर्धारण अनुमोदन पश्चात	तिथि
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	निविदा खोलने की का निर्धारण	08.11.2019 (दोपहर 3.00 बजे से)

जी-74602/ 3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यलय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)

संशोधन क्रमांक 01 (जी. क्रमांक 74071/1)

इस कार्यलय का पत्र क्रमांक 4467 दिनांक 09.10.2019 द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र23/ले.शा/का.बभि./लांस्वायां./2019-20 बिलासपुर दिनांक 09.10.2019 रिफरेंस आई डी. नं 201910004352 (विभिन्न ग्रामों में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य) में निविदा की समय सारणी में 02 नवम्बर 2019 को शासकीय अवकाश होने के कारण से निम्नानुसार संशोधित की जाती है:-

क्र.	विवरण	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
1.	निविदा स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समयः-	02.11.19 अपरान्ह 3:00 बजे तक	06.11.19 अपरान्ह 03.00 बजे तक
2	निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-	02.11.19 अपरान्ह 04.00 बजे से	06.11.19 अपरान्ह 4.00 बजे से

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत रहेगी।

जी- 74605/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार रायगढ़ जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

ईश्तहार

रा0प्र0क्रं0 अपं./अ -21/2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण ग्राम दरोगामुड़ा प.ह.नं. 22 को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतराम राठिया पिता सुबरन निवासी ग्राम मौहापाली तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र पेश कर ग्राम दरोगामुड़ा प.ह.नं. 22 स्थित भूमि खसरा नं. 55/2, 55/5, 61/2, 60/3 रकबा क्रमशः 0.121 हे., 0.162 हे. एवं 0.033 हे. कुल रकबा 0.640 हे. को गैर आदिवासी क्रेता के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् निवेदन किया है, जो श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के माध्यम से जांच प्रतिवेदन संप्रेषण बाबत् प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 15/11/2019 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/10/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
रायगढ़

न्यायालय नजूल तहसीलदार कोंडागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा0प्र0क्रं0/ /अ -20 / 1 / 20

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका एन्जलीना मसीह पिता/ पति स्व. प्रमोद मसीह जाति ईसाई निवासी कोंडागांव के द्वारा नगर कोंडागांव के विकास नगर में स्थित षासकीय भूमि षीट नंबर 02 भू-खण्ड क्रमांक 691/1 क्षेत्रफल 480 वर्गफुट भूमि को आवासीय/व्यवसायिक प्रयोजन हेतू मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में सुनवाई दिनांक 7/11/19 को मेंरे न्यायालय में की जानी है। जिस किसी भी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभावक के माधयम से उक्त दिनांक के पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 18/10/19 को मेंरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल तहसीलदार
तहसील कोन्डागाव

■ न्यूज गैलरी

सफाई कर्मचारियों की बैठक कल

महासमुंद। अंशकालीन स्कूल सफ ई कर्मचारी बागबहरा ब्लॉक की बैठक 5 नवंबर को सुबह 11 बजे बागबहरा गार्डन में रखी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश्वर चंद्राकर ने बताया कि आगामी 8 नवंबर को स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विशेष चर्चा की जाएगी।

जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। सिंघोड़ा थाने में पदस्थ एक आरक्षक के घर के सामने शुक्रवार रात शराब के नशे में अपशब्द कहने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरक्षक ने सरायपाली थाने में मामले की शिकायत की थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा थाने में पदस्थ आरक्षक सरोज कुमार बारीक अवकाश पर अपने ग्राम प्रेतनडीह गया था। यहां के निवासी राजीव भोई पिता शंकरण भोई ने शुक्रवार को उनके घर के सामने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरक्षक ने मामले की शिकायत सरायपाली थाने में दर्ज कराई।

जुआ खेल रहे दो पकड़ाए

महासमुंद। शनिवार को तुमगांव बस स्टैंड स्थित रंगमंच में जुआ खेल रहे दो जुआरियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। पुलिस ने जुआरियों से नगदी रकम के साथ ताशपत्ती बरामद कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की। जुआरियों से 1560 रुपए नगदी रकम और ताशपत्ती बरामद कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

छठ पूजा में शामिल हुए पूर्व विधायक

महासमुंद। छत्तीसगढ़ भोजपुरी समाज द्वारा महामाया तालाब में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में रविवार को पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा शामिल हुए। समाज की महिलाओं ने डॉ चोपडा का तिलक लगाकर स्वागत किया। डॉ चोपड़ा व साथियों ने सभी को छठ पूजा की बधाई दी। इस अवसर पर महेन्द्र जैन, देवीचंद राठी, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, महेंद्र सिक्का, जितेन्द्र साहू, भरत खत्री, अजय साहू, गोल्डी उबोवेजा, राजू चंद्राकर सहित समाजिकजन व नागरिकगण उपस्थित रहे।

जांजगीर-चांपा में 10 को दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन

महासमुंद। दृष्टि बाधित विकास संघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में जांजगीर-चांपा में 10 नवंबर को एक दिवसीय दिव्यांग विधवा, परित्यक्ता, युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जांजगीर-चांपा के शक्तिनगर में सुबह नौ बजे सम्मेलन शुरू होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को किसी प्रकार का शुल्क देना नहीं पड़ेगा।

व्रतियों ने उगते सूर्य को विधि-विधान से दिया अर्घ्य

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। व्रती महिलाओं ने विधि-विधान के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। भगवान सूर्यदेव व छठ मैया की आराधना के लिए चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व के आज चौथे दिन सुबह सूर्यदेव की आराधना करने व अर्घ्य अर्पन करने बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति तालाबों में बनी रही।

इससे पूर्व शनिवार की शाम छठ पर्व के अंतर्गत डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शहर के मोतीतालाब व चिखली तालाब के घाटों में मेला सा माहौल रहा। कार्तिक माह के षष्ठी तिथि को यह पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोक आस्था के इस पर्व में सूर्योपासना व षष्ठी मैया की आराधना कर संतान के लिए आशीर्वाद मांगा गया। रविवार तड़के महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसी के साथ पर्व का समापन हो गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अर्घ्य देने लोग गाजे-बाजे के साथ तालाब किनारे पहुंचे थे। वहीं पटाखे भी फोड़े और आतिशबाजी की गई। तालाब के घाटों के आसपास तोरण पताका व बैनर बांधे गए थे।

स्थानीय गणेश मंदिर के पीछे स्थित मोती तालाब में शहर के लोग छठ पर्व मनाने के लिए एकत्रित हुए। इस पर्व को मनाने के लिए यूपी-बिहार के बाशिंदों में खासा उत्साह रहता है। यहां रहने वाले उत्तर भारतीय समुदाय के लोग इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। पूजा में तरह-तरह के मिठाईयों एवं खानपान की वस्तुओं का भोग चढ़ाया जाता है। जिसमें नारियल, लोटा, गन्ना, लाल सिंदूर, धूप, चावल समेत अन्य सामग्रियां है। चंदन से भरी टोकरी को रखकर घाट में ले जाकर अर्घ्य दिया जाता है। रविवार तड़के समाज के लोगों ने सरोवर में उतरकर सूर्य को अर्घ्य दिया।

उत्तर भारतीय नागरिकों के लिए छठ पर्व काफी मायने रखता है। बच्चों की लंबी आयु की कामना के साथ परिवार की खुशहाली की कामना भी की जाती है। शहर के चिखली, ममता नगर, सहदेव नगर समेत उत्तर भारतीय बाहुल्य मोहल्लों के नागरिकों ने मोती तालाब में सुबह से पूजा-अर्चना कर छठ पर्व को धूमधाम से मनाया।

महासमुंद-रायपुर हेल्थ पुल बना नव-आरोग्यम

■ विशेषज्ञ चिकित्सक महासमुंद आकर हृदय, किडनी, गैस्ट्रो और न्यूरो संबंधित जटिल बीमारियों का उपचार कर मरीजों को पहुंचा रहे स्वास्थ्य लाभ

महासमुंद। एक छत के नीचे हर बड़े मर्ज का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराने वाली जिला प्रशासन की अप्रतिम पहल नव-आरोग्यम एक सफलतम कड़ी के रूप में स्थानीय मरीजों की पहुंच राजधानी के विशेषज्ञ चिकित्सकों तक बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवीन स्वास्थ्य सेवा योजनाएं शुरू कर ग्रामीणों को उनके घर तक जिला स्तरीय चिकित्सकीय उपलब्धता का तोहफा दिया, ठीक उसी दिन कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने भी जिले में नव-आरोग्यम योजना के तहत प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सकों को महासमुंद आ कर सेवा भाव से मरीजों का उपचार करने के लिए आमंत्रित किया।

सबके लिए होती है सुपर स्पेशलिटी व्यवस्थाः बुजुर्गों के लिए पृथक काउंटर, जानकारी के लिए हेल्प डेस्क, रक्त एवं सामान्य जांच सहित ई.सी.जी. की सुविधा, परामर्श, जांच, उपचार एवं निःशुल्क दवा वितरण, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा फॉलोअप आदि व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

178 मरीजों ने महासमुंद में ही कराया गंभीर बीमारियों का इलाज

प्रत्येक शनिवार को जिला अस्पताल में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञ हृदय, किडनी, गैस और तंत्रिका-तंत्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही प्रदेश स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रमशः पांच अक्टूबर, 12 अक्टूबर एवं 19 अक्टूबर को आयोजित किए गए पिछली तीन स्वास्थ्य शिविरों में 72, 48 एवं 58 मरीजों सहित कुल 178 मरीजों ने पंजीयन करा कर निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। इस दौरान छह मरीजों की संवेदनशील स्थिति देखते हुए ई.सी.जी. मशीन से उनकी ह्रदय जांच की गई। इसके अलावा स्क्रीनिंग के आंकड़े भी बढ़ कर 42 तक पहुंच गया है।

आते रहेंगे रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक

माह के प्रथम शनिवार को नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आरके साहू एवं क्रमशः द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ शनिवार को कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव त्रिपाठी, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनायक रोंगडे एवं गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. गणपति रहेंगे। आगामी शिविर आयोजन शनिवार 09 नवंबर 2019 को होगा।

14 नवंबर को विकास खंड स्तरीय युवा महोत्सव

बिलाईगढ़। विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 14 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रावन में किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला बलौदा बाजार एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 14 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रावन में किया गया है इसमें आयु वर्ग 15 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से ऊपर सम्मिलित होंगे। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक विधाएं लोक नृत्य लोकगीत एकांकी नाटक, बांसुरी वादन तबला वादन हारमोनियम वादन कथक भरतनाट्यम तात्कालिक भाषण एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सुआ नृत्य पंथी कर्मा राउत नाचा फुगड़ी भंवरा गेड़ी दौड़ पारंपरिक वेशभूषा चित्रकला वाद-विवाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा विकासखंड से चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तर के लिए चयन किया जाएगा इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी अपने साथ स्वयं का वाद्य यंत्र लेकिन की व्यवस्था करनी होगी लोक नृत्य में कलाकारों की संख्या 20 लोकगीत में 10 होगी। यह जानकारी बिलाईगढ़ के नोडल अधिकारी ए मिंज एवं सचिव रामेश्वर प्रसाद अजय ने दी।

जलाराम जयंती पर निकली शोभायात्रा

महासमुंद। कार्तिक शुक्ल सप्तमी को जलाराम जयंती पर जलाराम बापा की शोभायात्रा धूमधाम से निकली। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम हुए। गुजराती पारा स्टेशनपारा में सुबह 9 बजे स्थापना पूजन व आरती के साथ जयंती समारोह की शुरुआत हुई। पूर्वाह्न 11.30 बजे नारायण भोज हुआ। पश्चात सामाजिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल समेत जनप्रतिनिधियों ने समाज भवन पहुंचकर जलराम बापा की पूजा-अर्चना की तथा समाजजनों को बधाई दी। शाम छह बजे गुजराती समाज स्टेशनपारा से शोभायात्रा निकाली। गीत संगीत, रास गरबा व इंडिया की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र थी। शोभायात्रा का नेताओं और विभिन्न समाजजनों ने जगह-जगह स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर पेयजल व स्वल्पाहार की व्यवस्था की थी। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा रात्रि में वापस गुजराती समाज भवन स्टेशनपारा पहुंची। जहां महाआरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

उपनिरीक्षकों को एसपी ने समारोह आयोजित कर दी विदाई

महासमुंद। जिले के थानों और चौकियों में पदस्थ 12 उपनिरीक्षकों को आज यहां एसपी कार्यालय स्थित सभाकक्ष में विदाई समारोह आयोजित कर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने विदाई दी। इस दौरान सभी उपनिरीक्षकों ने अपने तीन वर्षीय कार्यकाल के दौरान किए गए अनुभव को साझा किया। इस दौरान श्री शुक्ला ने उन्हें बस्तर क्षेत्र में अपने कार्य का अनुभव साझा करते हुए नागरिक हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी राजीव शुक्ला के अलावा जिले के थाना प्रभारी और एसपी कार्यालय के स्टॉफ मौजूद रहे।

घर के कुंए में मिला लापता बच्ची का शव

■ जांच में जुटी पुलिस

महासमुंद। शनिवार दोपहर तुमगांव से लापता तीन वर्षीय अवनी की लाश आज सुबह घर के कुंए में तैरती मिली। लाश को बाहर निकाल पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। इधर, परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 6 बजे किराएदार का पुत्र नहाने के लिए पानी लेने गया तो कुंए शव देखा तब दौड़ते हुए मकान मालिक और परिजनों को बताया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। बच्ची का शव मिलने के बाद से परिजनों का हाल-बेहाल है। गांव में शोक की लहर है, यहां हर लोगों की जुबान पर इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। ज्ञात हो कि मृतका अवनी कुछ दिनों पूर्व दीवाली और छठ पर्व मनाने आए परिजनों के साथ अपने रिश्तेदार के यहां आई थी।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतका अवनी के पिता मृत्युंजय ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कहा है कि लापता होने के बाद से वे बच्ची की लगातार तलाश कर रहे थे। उन्होंने दो दिन कुंए में भी कांटा डालकर बच्ची की तलाश की थी। आज अचानक कुंए में बच्ची का शव देखकर वे खुद हतप्रभ हैं। उन्होंने बताया कि कल रात पड़ोसियों ने कुंए में कोई चीज फेंकने की आवाज सुनी है। कुंआ पूरी तरह मच्छरदानी से ढंका हुआ है जिसे ईंट से चारों ओर दबाया गया है। फिर बच्ची कुंए में कैसे गिर सकती है? हालांकि, घटना कैसे हुई इसकी जांच पुलिस कर रही है।

> परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है जिस पर पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत का कारण क्या था। मामले में पूछताछ से और बात भी सामने आएगी। फिलहाल मामले में जांच शुरू कर दी गई है।
>
> **योगेश सोनी, थाना प्रभारी तुमगांव**

प्रवर्गवार आरक्षण कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन कल

गरियाबंद। शासन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों यथास्थिति पंच,सरपंच, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के सदस्यों तथा अध्यक्षों के पदों हेतु आरक्षण समय-सारणी जारी किया गया है। समय-सारणी के अनुसार ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य का प्रवर्गवार आरक्षण कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 06 नवम्बर को किया जायेगा,जबकि आरक्षण की कार्यवाही 23 नवम्बर को होगा। जिला पंचायत के अध्यक्ष पद का आरक्षण हेतु सूचना का प्रकाशन 05 नवम्बर को, जिला पंचायत के अध्यक्ष पद का आरक्षण कार्यवाही एवं अधिसूचना का अंतिम प्रकाशन 18 नवम्बर को, ग्राम पंचायत के पंच , सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्य/अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्य का प्रवर्गवार आरक्षण अधिसूचना का अंतिम प्रकाशन 24 नवम्बर को किया जायेगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की चुनावी बैठक संपन्न

राजनांदगांव। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ध्रुव भवन पेंडरिया में आगामी नगर निकाय चुनाव के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार वार्ड पार्षद के उम्मीदवारों को दिशा-निर्देश देने हेतु चर्चा परिचर्चा के लिए बैठक आयोजित की गई।

इन्होंने कांग्रेस ज्वाइन जिला युवा कांग्रेस के महासचिव दिलीप ओगरे से लगातार संपर्क साधते हुए गंडई जमीदार लाल टारकेश्वर शाह के समक्ष बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला महासचिव डॉ. नारायण चतुर्वेदी वार्ड क्रमांक 14, अनवर खान वार्ड क्रमांक 9, पत्रकार सुखनंदन चतुर्वेदी वार्ड क्रमांक 14, मनीष ताम्रकार वार्ड क्रमांक 06 से कांग्रेस पार्टी कि सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में मुख्य रूप से लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, राजमहंत महेश दास रात्रे, रणजीत सिंह चंदेल, ब्लाक अध्यक्ष साकेत दुबे, कमलेश यादव, सुरेन्द्र जायसवाल, सतीश सिंघानिया, अयुब कुरैशी, दिलीप ओगरे, मोहसिन खान, शुभम बघेल, बालकिशन यादव, शिवकुमार कुर्रे, के साथ-साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

प्लास्टिक सेक्टर में प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग 7 नवम्बर को

गरियाबंद। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी, (सिपेट) रायपुर द्वारा निःशुल्क प्लास्टिक सेक्टर्स में कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु जिले के इच्छुक हितग्राहियों की काउंसलिंग का आयोजन जिला कार्यालय द्वारा 07 नवम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज में प्रातः11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जायेगा। काउंसलिंग में भाग लेने हेतु हितग्राही अपने साथ आवश्यक शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति, आधार कार्ड की फोटो कापी एवं पासपोर्ट साईज की 02 फोटो लाये। डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंकिता सोम ने बताया कि न्यूनतम आठवीं पास व 18 से 30 वर्ष आयु के हितग्राही काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

उपलब्धि | 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

तीरंदाजी में नांदगांव के विद्यार्थियों ने जीते 5 सिल्वर मेडल

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कोंडागांव में आयोजित हुई, जिसमें राजनांदगांव जिले की तीरंदाजी टीम ने 5 सिल्वर मेडल जीते।टीम के जनरल मैनेजर एवं व्यायाम शिक्षक अशोक मेहरा के प्रबंधन एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच हीरू साहू के निर्देशन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में डीपीएस के छात्र योगेन्द्र निर्मलकर ने स्पर्धा में भाग लेकर अंडर-19 (सीनियर) बालक रिकर्व वर्ग में सिल्वर पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार डीपीएस की छात्रा पूजा नागवंशी ने अंडर-19 (सीनियर) बालिका इंडियन राउंड में कांस्य पद जीता। नेहरू विद्यालय सिंघोला की क्षमा पिस्दा ने अंडर-14 बालिका वर्ग में सिल्वर पदक प्राप्त किया। टीम स्पर्धा में अंडर-19 में डीपीएस स्कूल की छात्रा पूजा नागवंशी, ओमिशा वर्मा, रामबती की टीम ने सिल्वर मेडल एवं अंडर-17 में हर्षिता साहू, माया बघेल, पल्लवी साहू की टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में ओवर ऑल चैम्पियन पुरस्कार के तहत अंडर-19 इंडियन राउंड का द्वितीय पुरस्कार दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने जीता।

इनकी उपलब्धि पर डीपीएस के प्राचार्य सीएच्वाय झा रेड्डी, खेल अधिकारी अश्वनी राय, मोहन राव, शिक्षक स्टाफ प्राचार्य डीआर देवांगन, प्रधानपाठक भागवत दास मानिकपुरी, जयप्रकाश साहू, वीरसिंह सोनवानी, व्यायाम शिक्षक सिंघोला अनुराज श्रीवास्तव, पीसी कोसरिया, प्रदीप साहू, अजय देशमुख, दुष्यंत देवांगन, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भोजराम साहू, शिक्षक हेमंत साहू, सरकोच जितेन्द्र साहू, देवनारायण साहू ने बधाई दी है।

खिलाड़ियों ने विधायक को बताई समस्याएं

महासमुंद। स्थानीय मिनी स्टेडियम में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के खिलाड़ी कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल के जिला अध्यक्ष निर्मल जैन के नेतृत्व में विधायक विनोद चंद्राकर से मुलाकात की। खिलाड़ियों ने विधायक श्री चंद्राकर से बातचीत करते हुए अपनी समस्याएं बताई। मिनी स्टेडियम के बॉल बैडमिंटन ग्राउंड में लाइट, मीटर, बैठक व्यवस्था, महिला खिलाड़ियों के लिए पुलिस प्रोटेक्शन सुबह शाम, मेन गेट की रिपेयरिंग व कार सीखने वालों पर पाबंदी, हॉकी खेल संघ के लिए मैदान की व्यवस्था, सभी खेल संघों को बड़े कंपनियों द्वारा खेल संघों को गोद लिए जाने संबंधी चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय रावण भाटा मैदान को खेल संघ को दिए जाने की मांग की गई। इसके अलावा हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन ग्राउंड को इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग की। सभी खेल संघों को खेल सामग्री प्रदाय करने की भी मांग की। जिस पर विधायक श्री चंद्राकर ने उचित कार्यवाही की आश्वासन दिया।

बीएसएनएल का लैंड लाइन बिल पटना हुआ अब महंगा

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। परोलकोट के बीएसएनएल लैंड लाइन का बिल पटाने में ग्राहकों को छुटने लगा पसीना। बीएसएनएल का लैंड लाइन बील पोस्ट ऑफिस के माध्यम से पटाया जाता था पर यदि ग्राहक अंतिम डेट में बिल पतये तो जगदलपुर ऑफिस पहुचने में 4 से 5 दिन का समय लग जाता है जिसके बिच में कभी-कभी लेने काट दिया जाता है वही आज कल इस क्षेत्र में जितने भी लैंड लाइन धारक है सबके पास ब्राडबेंड कनेक्सन है ब्राडबेंड बंद कर दिया जाता है जिसे को जुडवाने के लिए एक दिन का समय लग जाता है जिससे उपभोक्ताओ को परेशानिया का समना करना परता है। जब पोस्ट ऑफिस द्वारा बिल को ज्कामा किया जाता है और जमा होने के बाद 4 से 5 दिन में जब रिपोर्ट जगदलपुर ऑफिस पहुचते है समय लग जाता है जिसको देखते हुए पोस्ट ऑफिस को चाहिए की ऑनलाइन व्यवस्था हर पोस्ट ऑफिस में होना चाहिए जो की नहीं है ये सुविधा यदि पोस्ट ऑफिस को दिया जाय तो उप भोकताओ का लाइन नहीं कट सकता जिससे की उपभोकताओ को परेशान न होना परता । जिसका फैयदा देखते हुए क्षेत्र के कुछ कंप्यूटर के दुकर वाले ऑनलाइन टेलीफोन बिल जमा करते हुए देखा गया है जो की दिनों दिन मालामाल हो रहा है अनाप सनाप किसी से भी कुछ भी रकम बिल पेमेंट के नाम पर लुटास जा रहा है । किसी से 20 रूपया किसी से 50 रूपया तक वसूला जा रहा है बिल जमा करने के नाम पर । शहर के एक निजी कम्पुटर शॉप संजय डिजिटल चोइस सेण्टर जो की लैंड लाइन टेलीफोन बिल ऑनलाइन पटाने के नाम से बिल राशी के अलवा 50 रूपए अतिरिक ले रहा है विरोध करने पर दुकान संचालक एक ही बात सुना देता है आपको पटना है तो आओ वरना दूसरा दुकान देखो ऐसे में उपभोक्ता जाय तो जाय कहा दुकान संचालक का व्यवहार ग्राहकों के प्रति सही नहीं है, क्यों की पोस्ट ऑफिस के जरिये जो व्यक्ति बील पटते है उनका रिपोर्ट से जगदलपुर को मिलता है। जब बिल पटाकर जगदलपुर फ़ोन किया जाता है तो जानने को मिलता है की लेट रिपोर्ट जाने के कारण लाइन कटा गया ऊपर से बोला जाता है की आप लोग ऑनलाइन बील को पटाये जिससे ये असुविधा आप को नहीं होगा। जिसको देखते हुए ग्राहक टेलीफोन बिल को ऑनलाइन पटाने लगा है पर बिल में आये रकम के बाद यदि 50 रूपया ऊपर से दिया जायगा तो उपभोकताओ का जेब ढीला हो जायगा। ये सब देखते हुए विभाग को चाहिए की पोस्ट ऑफिस को ये ऑनलाइन बिल पटाने का सुविधा प्रदान करे अंन्यथा निजी कंप्यूटर दुकान खोलकर बैठे संचालक को आमिर बनते समय नहीं लगेगा।

भाई की प्रेमिका की हत्या कर खुद पहुंचा थाने

■ **प्रेम प्रसंग मे धोखा खाई युवती पहुंची थी प्रेमी के घर, घंटों चले विवाद के बाद प्रेमी के बड़े भाई ने पत्थर पटककर पहले जान ली फिर पेट्रोल डालकर शव जलाया**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर चांपा। जिले के नवागढ़ के वार्ड नंबर 2 में एक युवती की हत्या कर जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने छोटे भाई की प्रेमिका के सिर पर पत्थर मार कर हत्या कर दी, फिर मिट्टी तेल डालकर जला दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। हत्या के बाद आरोपी युवक ने थाने मे सरेंडर भी कर दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

दरअसल नवागढ़ के वार्ड 2 डीहपारा में आरोपी युवक अनवर पिता शब्बीर खान अपने छोटे भाई की प्रेमिका सुनीता कुशवाहा 35 वर्ष को सिर पर पत्थर से वार कर हत्या के बाद उसके शरीर पर पेट्रोल डालकर जला दिया। हत्या करने के बाद आरोपी ने थाना जाकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया है। इस मामले मे पुलिस ने बताया कि मृतका सुरजपुर की रहने वाली है। आरोपी अनवर खान के छोटे जमीर भाई से उसका प्रेम प्रसंग था, दोनो बिलासपुर में जॉब करते थे इसी दौरान दोनो का संबंध सामने आया था इस दौरान सुनीता गर्भवती भी हुई थी जिसके बाद सुनीता ने शादी का दबाव बनाया और मामला थाने तक भी पहुँचा था। शादी के वादे के बाद दोनो मे सुलह भी हो गई मगर फिर आरोपी का भाई जमीर खान जॉब छोड़कर अपने गांव नवागढ़ वापस आ गया और युवती सुनीता कुशवाहा से दूरी बना ली साथ ही उसने गांव आने के बाद शादी भी कर ली। इस बात को लेकर कई बार विवाद भी हुआ।

सुनीता कुशवाहा कल अपने प्रेमी के घर नवागढ़ आई हुई थी जिस दौरान उसका प्रेमी जमीर खान मौजूद नही था। मगर पुराने मामले को लेकर सुनीत कुशवाहा और प्रेमी के परिजनो के बीच विवाद होने लगा वह रात तक उनके घर पर ही जमी रही और विवाद बढ़ता गया। इसी दौरान देर रात प्रेमी जमीर खान के बड़े भाई अनवर खान ने तैश में आकर सुनीता कुशवाहा के सिर पर पत्थर पटक दिया जिससे वह लहुलुहान होकर गिर पड़ी इससे भी अनवर खान का दिल नही भरा तो उसने जेरीकेन मे रखे पेट्रोल को सुनीता पर डालकर आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद अरोपी अनवर खान थाने पहुँचा और घटना के संबंध मे पुलिस को जानकारी देते हुए आत्म समर्पण कर दिया।

ट्रांसफामर खराब, 15 दिनों से सैकड़ों घरो में बिजली बंद

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। परोलकोट क्षेत्र इतना बड़ा है की जिसको देखते हुए एवं किसानो की मांग को देखते हुए 132 केव्हिए का सब स्टेशन बिजली विभाग द्वारा इस क्षेत्र में खोला गया पर बिजली का हाल अभी तक सुलझा नहीं कही पर ट्रांसफार्मर ख़राब तो कही पर पुराना झीना तार होने से तार का बार-बार टूटना बिजली बाधित होना आम बात हो गई है ! लोगो का कहना है की वोल्टेज में तो सुधर आया पर ट्रांसफार्मर,तार,और बिजली के जो सामान लगा हुआ है पुराना होने के कारण हर समय दिक्कत का सामना करना पर रहा है। वही मामला है पीव्ही-39 और मथुरा बाज़ार का है। पखांजूर वितरण केंद्र के अंतर्गत पीव्ही-39 में 100 केव्हिए का ट्रांसफर्मार विगत 15 दिनों से फैल है वैसा स्थिति मथुरा बाज़ार वितरण केंद्र के अंतर्गत पीव्ही 42 का भी है जहा 100 केव्हिए का ट्रांसफर्मार फ़ैल है। पखांजूर मुख्य कार्यालय में में उपभोक्ता लगातार चक्कर काट रहा है । जबकि विभाग ख़राब ट्रांसफर्मार बदलने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण अशोक, बिमल, कलिपदा, गणेश, काली, लाकेट, अदि का कहना है की आज 15 दिन से बिजली बाधित है बारिश का सीजन है साप,बिच्छु का दर हमेशा से बना रहता है बिजली विभाग को अनेको बार कहा गया पर कोई सुनने वाला नहीं अब ग्रामीण करे तो क्या करे सम्बंधित अधिकारी ट्रांसफर्मार नहीं होने का बात रेट रटाये हुए है इतना बड़ा क्षेत्र होने के कारण एक,दो ट्रांसफर्मार हमेशा से पखंजुए वितरण केंद्र में रखना चाहिए वो भी नहीं है। 15 दिनों से बिजली बंद क्षेत्र में इस 15 दिनों में क्या बहार से ट्रांसफर्मार मंगवा कर नहीं लगा सकता है बिजली विभाग। इस संबंध में जब सहायक अभियंता आर.के.चौहान से हमने संपर्क किया तो उन्होंने कहा की जगदलपुर स्टोर से ट्रांसफर्मार मिलते ही बदल दिया जायगा वर्तमान में पखांजूर में ट्रांसफर्मार नहीं होने से ये दिक्कत सामने आ रही है। ये दोनों ट्रांसफर्मार ख़राब होने से क्षेत्र में 150 से 200 घरो की लाइट बंद है । अब देखन ये है की 15 दिन तो बिट गया अब और जगदलपुर स्टोर से ट्रांसफर्मार आने में कितना दिन और लग जायगा। ग्रामीणों ने सहायक अभियंता चौहान जी के बात को सही मानकर चुप्पी साढ़े हुए है सप्ताह भर के अन्दर ट्रांस्फारमार लगाने के ग्रामीणों द्वारा मांग किया गया अन्यथा आगे के लिए आन्दोलन की चेतवानी भी दे डाला है।

युवा महोत्सवः शास्त्रीय गायन, वादन संग अन्य विधा भी होंगी शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार इस बार के होने वाले युवा महोत्सव 2019-20 में शास्त्रीय गायन, वादन एवं लोक नृत्य के अलावा, क्विज, वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध, एकांकी नाटक, रॉक बैंड, फूड फेस्टिवल जैसी विधाओं को शामिल किया गया है। शास्त्रीय गायन के तहत हिन्दुस्तानी कर्नाटक शैली, शास्त्रीय वादन में सितार, बांसुरी, तबला, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम, गिटार, मणीपुरी, ओड़िसी, भरतनाट्यम, कुची-पुड़ी, कथक जैसे पाम्परिक नृत्य तथा सुआ, करमा, सरहुत नाचा, बस्तरिहा लोकनृत्य, डंडा नाच, राउतनाचा, भौंरा-लट्टू, फुगड़ी, गेड़ी दौड़ में प्रतिभागी अपना हुनर दिखा सकेंगे। उक्त सभी प्रतियोगिताओं में 15 से 40 वर्ष के प्रतिभागियों को प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं के रुप में पुरस्कृत किया जायेगा। विकासखण्ड स्तर पर होने वाले आयोजन 8 नवम्बर को होंगे जिसमें कोण्डागांव ब्लॉक में ग्राम मर्दापाल, माकड़ी ब्लॉक में, फरसगांव में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केशकाल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ेराजपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थान तय किया गया है।

कलेक्टर ने भैरमगढ़ ब्लॉक का किया आकस्मिक निरीक्षण

बीजापुर। कलेक्टर श्री कें.डी. कुंजाम ने आज भैरमगढ़ ब्लॉक का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए विकास कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भैरमगढ़ में निर्माणधीन आवासीय विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ एवं उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम मंगलनार का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान श्री कुंजाम ने कहा कि आवासीय विद्यालय कार्य में तेजी लाने एवं गुणवत्ता पर ध्यान देने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ का निरीक्षण कर दवाईयों एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने और मरीजों से बातचीत एवं मगलनार में शासकीय उचित मूल्य दुकान राशन के बारे जानकारी लेते हुए वितरण पंजी की प्राथमिकता से जांच की।

अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ पूरे सबाब पर

■ **क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधी पहुंचे राम नाम का रसपान करने**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय के भगत चौक पुरानी बस्ती में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ पूरे सबाब पर हैं, जहां रोजाना दर्जनों गांवो के कीर्तन मण्डली राम नाम का गायन करने पहुंच रहे है, वही राम नाम के जाप का रसपान करने सैकड़ों की संख्या में लोग भी पहुंच रहे है। राम नाम सप्ताह के यज्ञ के चौथे दिवस क्षेत्रीय विधायक नारायण चंदेल सहित नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद विवेक सिंह सिसोदिया, जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रिंश शर्मा राम नाम का आनंद लेने पहुंचे थे। साथ ही छठवे दिवस नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, पार्षद अजीत गढ़ेवाल भी भगत चौक पहुंच श्रीराधा कृष्ण के चरणों में मत्था ठेके। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय स्थित पुरानी बस्ती भगत चैक वार्ड क्र. 11 में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन लगातार 57 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 साल से अधिक विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में 58 वें वर्ष में राम नाम सप्ताह यज्ञ का शुभारंभ देव आवाह्न, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना के साथ हुआ।

आयुष्मान योजना पर कार्यशाला का आयोजन

■ **सांसद विधायक मिले लाभर्थियों से**

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। आयुष्मान लाभार्थी सम्मेलन संवाद कार्यक्रम के तहत पं शिवकुमार पाठक भवन बीआर साव स्कूल परिसर में सांसद अरुण साव के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा बघेल के विशिष्ट आतिथ्य व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

संवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों से सांसद अरुण साव ने बारी - बारी से सीधा संवाद कर योजना के विषय में जानकारी ली। हितग्राहियों ने आयुष्मान योजना से मिले लाभ की जानकारी साझा की। इस अवसर पर सांसद साव ने उपस्थित ग्रामीणों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बन्द करने की अपील करते हुए कपड़े का थैला झोला निःशुल्क वितरित किया। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने अपने काव्यात्मक शैली में आयुष्मान योजना के लाभ गिनाए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा बघेल ने भी शासन की सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

मालखरौदा में युवा महोत्सव का आयोजन आज

जांजगीर-चांपा। जिले के विकासखण्ड मुख्यालय मालखरौदा में 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में इस उत्सव का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालखरौदा के सामने सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। युवा उत्सव में जिन विधाओ में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी उनमें लोकगीत, लोकनृत्य, एकांकी, नाटक, सुवा नृत्य, करमा नृत्य,क्वीज सहित ग्रामीण अंचल में प्रचलित छत्तीसगढ़ी खेल-कूद शामिल है।

किरंदुल (नवप्रदेश)। छठ पूजा के उपलक्ष्य में सोमवार को नगर के स्थानीय देवस्थान श्री राघव मंदिर परिसर में यू.पी बिहार समाजिक एवं सांस्कृतिक परिषद् के द्वारा महा- भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर व ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ों श्रद्धालु और भक्त जन इस भंडारे मे सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

योजना | **5 हजार आवासीय पटटे केवल शहर यानी नगर पालिका क्षेत्र में वितरीत किए जाने की योजना है**

पट्टे की जमीन खरीदने वाले अब बन जांएगे भूमि मालिक

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में पट्टे की जमीन खरीदने चले अब भूमि के मालिक कहलाएगे। सरकार ने वर्तमान परिस्थिति में कब्जा के आधार पर लोंगों को राजीव आश्रय योजना के अंतर्गत नया आवासीय पटटा भू. अधिकार पत्र देने का निर्णय लिया है। शासन के इस निर्णय से नगरीय निकाय के लगभग1037 लोगों को फायदा मिलने की बात कही जा रही है।

राजीव आश्रय योजना के अंतर्गत लगभग 5 हजार आवासीय पटटे केवल शहर यानी नगर पालिका क्षेत्र में वितरीत किए जाने की योजना है। वर्तमान स्थिति में भी करीब 1 हजार के लगभग आवासीय पटटे के जमीन खरीद चुके है। इन्हें भी भू. अधिकार पत्र दिया जाऐगा। शासन ने 1980 और 1982 में जिन लोगों को राजीव आश्रय योजना अंतर्गत आवासीय पटटा दिया था वे लोग पटटे बेचकर अन्यत्र चले गए । खरीदने वाले वर्तमान में उस जमीन पर मकान बनाकर रह रहे है। इनमें से कुछ तो 50 रूपए के स्टाम्प पर बिक्रीनामा तैयार कर पालिका के सम्पतिकर व समेकित कर जमा कर रहे है। इस संबंध में जानकारी देते हुये नजूल अधिकारी ने बताया कि आवासीय पटअे की 30 साल की लीज अवधि पूरी होने के बाद सरकार ने मई जून में शिविर लगाकर पटटे का नवीनीकरण किया था। खरीद बिक्री करने वाले पटटे का नवीनीकरण नहीं किया। अब सरकार वें कराकर खरीद बिक्री वाले पटटे का वर्तमान स्थिति में कब्जा के आधार पर नया अवासीय पटटा का वर्तमान स्थिति में कब्जा के आधार पर नया आवासीय पटटा देने का निर्णय लिया है। साथ ही निकाय क्षेत्र में शासकीय जमीन पर वर्षो से काबिज लोगों की 30 साल की लीज शर्त पर राजीव आश्रय योजना के अंतर्गत 450 वर्गफीट जमीन का अवासीय पटटा दिया जाऐगा।

देना पड़ सकता है विकास शुल्क

शासन के नियमानुसार कब्जे की जमीन पर कब्जाधारी परिवार को विकास शुल्क देना होगा। शासन ने कब्जाधारी को अधिकतम 7 सौ वर्गफीट जमीन का पटटा देने का निर्णय लिया है। 450 वर्गफुट में अतिरिक्त जमीन का 10 रूपए प्रति फुट के हिसाब से विकास शुल्क देना होगा। नगर पंचायत के हिसाब से विकास शुल्क देना होगा। नगर पंचायत के लिए यह शुल्क 5 रूपए प्रति वर्गफीट है तथा नगर पालिका के लिए भी 10 रूपये प्रति वर्गफीट की विकास शुल्क देना होगा।

छोड़ना पड़ेगा कब्जा

नगर पालिका क्षेत्र के कब्जाधारकों को अधिकतम एक हजार वर्गफुट जमीन का भू अधिकार पत्र दिया जाएगा। इससे अधिक कब्जा होने पर जमीन छोड़ना होगा। जमीन का 10 रूपए प्रतिवर्ग के हिसाब से शुल्क देना होगा।

इन कब्जाधारियों को नहीं मिलेगा पटटा

तालाब की जमीन पर कब्जाधारी को आवासीय पटटा नही मिलेगा। सर्वोच्च न्यायालय की गाइड लाइन के मुताबिक सरकार ने तत्काल एवं अन्य जल स्श्रोत को सुंरक्षित रखने की निर्णय लिया है। , सड़क नहर एवं सार्वजनिक उपयोग जैसे खेल, मैदान, आंगनबाडी, स्कूली ,कालेज, सामुदायिक भवन, मंगलभवन, के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जाधारियों को पटटा नही मिलेगा।, ऐसे कब्जाधारिया के व्यवस्थापन का निर्णय समिति करेगी।, शासकीय व नजूल भूमि पर काबिज पटटे के लिऐ पात्र होगा।, शासकीय या नजूल भूमि पर वर्षो से काबिज ऐस परिवार जिनका राशनकार्ड बना हुआ है तथा पते पर उक्त जमीन का उल्लेख है भूमि काबिज भूमि के पटटे के लिऐ पात्र होगे। ,एवं राशनकार्ड नहीं होने पर प्रशासनिक दस्तावेज के आधार पर सत्यापन किया जाएगा।

मौके पर जाकर बनाए हैं कब्जाधारियों की सूची

कब्जा सत्यापन की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर संयुक्त कलेक्टर उप खंड के अधिकारी को सौपा गई है। नोडल अधिकारी भूखण्ड की कार्ययोजना पूरी कर लिए है। टीम से मौका मुआयना कर कब्जाधारियों की सूची तैयार किया जा चुका है। नगर पालिका क्षेत्र के अर्न्तगत 22 वार्डो से 1037 कब्जाधारियों के नाम आये है, दावा आपंत्ति के लिए 7 तारिख का समय दिया गया है। 30 साल के लिए दिये जाने वाले पट्टे पर 10 साल तक का विकास शुल्क लिया जायेगा।

डढ़सेना कलार समाज ने मनाई सहस्त्रबाहू की जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। एनसीसी मैदान स्थिति टाउनहॉल में रविवार को राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहू की जंयती बड़े ही धूमधाम के साथ डढ़सेना कलार समाज कोण्डागांव मंडल से जुड़े स्वाजाति लोगों ने मिलकर मनाया। मंडल अध्यक्ष दिलीप दीवान ने भगवान सहस्त्रबाहू के बारे में विस्तार से जानकारी दी तो वही संभागीय सलाहकार नीलकंठ शार्दूल ने समाज को आगे आने के लिए एकत्रित व संगठित होने पर जोर दिया। रामचंद बैध ने भगवान की जंयती एक दिन मनाकर एकत्रित होने से हमारा दायित्व पूरा न होकर इसी तरह से आयोजन समय-समय पर होते रहने की बात भी कही। निर्मल शार्दूल व तिलक पांडे ने समाज के इतिहास से लेकर आज की परिस्थियों से परिचय करवाते हुए कहा कि, हम राजतंत्र से निकलकर अब प्रजातंत्र में हैं।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बना नक्सली रिजर्व फॉरेस्ट

- **टाइगर रिजर्व से टाइगर गायब हुए**
- **नक्सलवाद से इंद्रावती नेशनल पार्क अप्रासंगिक हुआ**

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर/जगदलपुर। नवप्रदेश । इंद्रावती टाइगर रिजर्व बस्तर में बाघों का घर कहलाने वाला इंद्रावती टाइगर रिजर्व बाघों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रह गया है। 1983 में टाइगर रिजर्व बनने के बाद से यहां बाघों की संख्या लगातार घट रही है। प्राकृतिक रूप से टाइगर (बाघों) कीआश्रय स्थल के रूप में 1978 में इंद्रावती नेशनल पार्क की स्थापना की गई थी। अब यह टाइगर रिजर्व टाइगर (बाघों) का नहीं वरन नक्सलियों का सुरक्षित आश्रय स्थल बन चुकाहै। इंद्रावती टाइगर रिजर्व का पूरा क्षेत्र करीब 2799.08 वर्ग किमी है। यहक्षेत्र बाघ व वन भैंसों के लिए बस्तर संभाग में एकमात्र संरक्षित क्षेत्र माना जाता है।

इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान भारत के छग राज्य के बीजापुर जिले में स्थितएक राष्ट्रीय उद्यान है। यह इंद्रावती नदी के किनारे बसा हुआ है, जिससे इसको अपनानाम मिला है। यह दुर्लभ जंगली भैंसे, की अंतिम आबादी वाली जगहों में से एक है।

उल्लेखनीय है कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व संरक्षितवन क्षेत्र में बीजापुर जिले के अंतर्गत आने वाले सेण्डरा, पिल्लूर, सागमेटा आदिगांवों में पिछले दो दशक से नक्सलियों का सुरक्षित आश्रय स्थल बन चुका है और यहां पर जंगलों में विचरन करने वाले जीव जन्तु दूसरी जगह चले गये हैं या उन्हेंशिकार कर हटा दिया गया है। इस प्रकार इस संरक्षित वनक्षेत्र में प्रवेशकरना खतरे से खाली नहीं है। टाइगर (बाघों) सहित दूसरे वन्य जीवों की न केवल गणना प्रभावित हुई है वरन पार्क में पर्यटकों के साथ-साथ शोधार्थियों का पहुंच पाना भी मुश्किल हो गया है। इंद्रावती नेशनल पार्क क्षेत्र के फरसेगढ़ से सागमेट,सेण्डरा, पिल्लूर आदि गांवों के पड़ाव में नक्सलियों की तगड़ी दखल है। पूरे क्षेत्र के रास्ते में नक्सलियों ने बैरियर खड़े कर रखे हैं, वहीं माइल स्टोन,पेड़ के तने, घरों की दीवारों के अलावा गांव-गांव में स्मारक खड़े हैं।यहां जनताना अदालत और सभाओं के आयोजन नक्सली कर रहे हैं। विभागीय दस्तावेजके मुताबिक 1984 की गणना में यहां 34 से अधिक बाघ थे।

2014 की गणना में यहसंख्या घटकर 10 रह गई है। टाइगर रिजर्व के आठ रेंज में सौ सेअधिक बीटगार्ड व फॉरेस्ट गार्ड की तैनाती है लेकिन हकीकत यह है कि अंदरूनी इलाकों में कभी-कभार ही विभाग को कोई अधिकारी या कर्मचारी पहुंचता होगा।नक्सलियों की वजह से कोर क्षेत्र में प्रवेश करने की हिमाकत आज भी कोई नहीं करता। टाइगररिजर्व का यह इलाका पूरी तरह से नक्सलियों के कब्जे में है। इस इलाकेमें घुसने की हिमाकत विभाग कभी नहीं कर सका। यहां के बाघों पर न कभी कोई शोध हुआ और किसी प्राणी विज्ञानी ने इनके व्यवहार या फिर रहवास केबारे में जानने की कोशिश की। बाघों के संरक्षण के नाम पर केवल टाइगर रिजर्व का नाम बस दे दिया गया है। नक्सलवाद का दंश झेल रहा बीजापुर का इंद्रावती नेशनल पार्क,टाइगर रिजर्व को यदि जल्द ही इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया तो मात्र फाइलों में सिमटकर नेशनल पार्क, टाइगर रिजर्व रहेगा जहां ना तोटाइगर होगा और न ही नेशनल पार्क होगा यहां यह कहा जाना अप्रासंगिक नहीं होगाकि नक्सलवाद से इंद्रावती नेशनल पार्क अप्रासंगिक हुआ।

पिछले 10 माह में कुपोषण की दर में आई गिरावट

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनता की स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना सहित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सार्वभौम पीडीएस और मध्यान्ह भोजन योजना जैसी पांच योजना अभी हाल ही में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर शुरू की है। नक्सल प्रभावित जिला नारायणपुर में इन योजनाओं पर तुरंत अमल शुरू कर दिया है। जिले में कुल 560 आंगनबाड़ी केन्द्र है, जिनमें कुल 13141 बच्चें है। मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या 3063 है। वही गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 1102 है। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में अब बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार को अंडा-चिक्की दिया जा रहा है। वहीं 15 वर्ष से 49 वर्ष की चिन्हांकित एनीमिया पीड़ित महिलाओं को भी पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, और नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे 8 ट्रैक्टर पर तहसीलदार की कार्रवाई

- **खनिज विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल**

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। कसडोल क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों रेत परिवहन हैं जो रुकने का नाम ही नही ले रहा खासकर बात करें महानदी के अस्तित्व की तो रेत माफिया नदियों की प्राकृतिक सौंदर्य की धज्जियां उड़ाने से बाज नही आ रहे है, साथ ही नदी तट किनारे बसें गांवों के लिए मुशीबत पैदा कर रहे है, जिससे भविष्य में ग्रामीणों को बाढ़ की मार झेलनी पड़ सकती हैं। रविवार को कसडोल विकासखंड के ग्राम मोहतरा एवं चरौदा के चिचपोल घाट में रेत का अवैध परिवहन में लगे ट्रैक्टरों की सूचना रविवार को मीडिया द्वारा एसडीएम टी.सी. अग्रवाल को दिया गया जिसके बाद कल देर शाम तहसीलदार शंकर लाल सिंन्हा ने मौके में दलबल समेत दबिश दी। अधिकारी को आता देख माफियो में हड़कम मच गई और ट्रैक्टर के ट्राली छोड़ इधर उधर भागने लगे हालांकि सूचना के बाद अधिकारी के देर से पहुचने के कारण दर्जनों गाड़ी मौके से रेत लेकर फरार हो चुके थे जिसके कारण केवल 8 ही ट्रैक्टरों पर कार्यवाही हो सकी। एसडीएम सहित तहसीलदार सिंन्हा मीडिया से बात करते बोले रविवार को उनके द्वारा 8 ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की गई हैं ये कार्यवही आगे भी होते रहेगी। ऐसा नही की पूर्व में अधिकारी रेत माफियो पर कार्यवाही नही किए लेकिन कार्यवाही निरन्तर नही होने के चलते माफियो में विभाग का खौफनही, इससे पहले 20 से 25 दिन पहले भी एसडीएम-तहसीलदार को सुचना के बाद लगभग 38 हाइवा पर कार्यवाही हुई थी, वही राजश्व विभाग की कार्रवाई से खनिज विभाग की उदासीनता साफ देखी जा रही जिन्हें परिवहन के सूचना के बाद भी कार्यवाही पर सुशती साफ देखी जा रही। वही इस मामले में ग्राम पंचायत चौरादा के उपसरपंच जगदीश घृतलहरे ने कहा की यहाँ रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर रेत परिवहन कर रहे जिसके चलते गांव की सड़क की हालात खराब हो चुकी साथ स्कुली बच्चो को भी भारी मात्रा में गाड़ी चलने के कारण डर बना रहता है, इससे पहले भी एक बार कार्यवाही हुई थी लेकिन चार, पांच गाड़ियों पर ही जबकि परिवहन सैकड़ो गाड़ियों से हो रहा था अगर सभी गाड़ियों पर कार्यवाही समय रहते हो तभी परिवहन पर काबू पाया जा सकता।

मूक-बधिर दिव्यांग दिनेश को 9 माह से नहीं मिल रहा पेंशन

- **दूसरे से कर्ज लेकर जीवन-यापन करने मजबूर**

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। गरीब मूकबाधिर दिव्यांग को पेंशन प्राप्त नहीं होने की शिकायत सामने आया है। लवन समीप ग्राम अहिल्दा के वार्ड क्र.20 निवासी मूकबाधिर दिव्यांग दिनेश साहू उम्र 25 वर्ष को शासन द्वारा मिलने वाला पेंशन विगत 9 माह से नही मिल रहा है। दिनेश की मां सुमित्रा साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि दिनेश बचपन से ही मूकबधिर और दिव्यांग है वह ना ही कुछ बोल पाता है, और ना ही चल फिर सकता है, उसे स्वयं कंधे पर उठा कर इधर उधर उसकी माँ लाती ले जाती है। उक्त दिव्यांग को शासन द्वारा दिव्यांग पेंशन मिलता था लेकिन 9 माह से उसे पेंशन नहीं मिल रहा है, कई बार सरपंच सचिव के चक्कर काटकर थक गई पर जवाब मिलता है कि ऊपर से पेंशन नहीं आया हैं तो हम कहां से देंगे। विडम्बना ऐसी की दिनेश का राशन कार्ड में भी नाम नहीं है और ना ही उसका नया राशन कार्ड बना है जिससे उनके नाम से चावल भी प्राप्त नहीं होता। कुछ वर्ष पूर्व दिव्यांग के पिता का भी देहांत हो गया है, घर में दोनों बस रहते है सुमित्रा को विधवा पेंशन प्राप्त होता है। उसी में घर का राशन पानी चलता है दिनेश को 9 माह से पेंशन नहीं मिलने से स्थिति खराब हो गई है साहूकारो से कर्ज लेकर जीवन यापन करने मजबूर हैं।

इनका कहना है

ऑनलाइन के द्वारा हितग्राही के खाता में राशि जा रहा है मैं अगस्त माह से सिमगा ब्लॉक में पदस्थ हूं मेरे रहते तक किसी ने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत नहीं किया गया था अब मैं इस संबंध में कुछ नहीं कह सकता।

- पूर्व सचिव राजेश कुमार साहू
ग्राम पंचायत अहिलदा

स्वस्थ रहने ग्रामीणों को दे रहे नि:शुल्क योग प्रशिक्षण

महासमुंद। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के माध्यम से जिला योग प्रचारक दीपक वैष्णव अलग-अलग गांवों में जाकर शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को निरोग रहने के लिए योगाभ्यास करा रहे हैं। नि:शुल्क योग विज्ञान शिविर में ग्रामीण स्वस्थ रहने के गुर सीख रहे हैं। अलग-अलग गांवों में प्रशिक्षक लोगों को योगा सीखा रहे हैं। इसी क्रम में मालीडीह भानमती साहू, तेंदूवाही संतोष यादव, गोपालपुर यादराम यादव, कुकराडीह भगत दीवान, खेलूराम एवं अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में योग शिक्षक सेवा प्रशिक्षण दे रहे हैं। पदुम, दुष्यंत, एसकुमार, कामता प्रसाद, निखिल यादव, प्रेम, संतराम, रोशन, सीमा, किरण, भरत, श्यामलाल, भानुप्रताप, खेमराज, संजय यादव, सोनसिर, ममता साहू आदि योग प्रशिक्षण दे रहे हैं।

बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

- **कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने के दिए सख्त निर्देश**

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुन्द। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने समस्त जिला अधिकारियों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगर पलिका अधिकारी को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया है कि समस्त अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्धारित मुख्यालय में निवास करे। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी समय-समय पर समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित मुख्यालय में निवास करने तथा अवकाश के दिनों में मुख्यालय छोड़ने के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त कर ही मुख्यालय छोड़ने के निर्देश जारी किए गए है। जो अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय मे निवास नहीं करते है, उनका यह कर्तव्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरित है।

उन्होंने कहा है कि समस्त अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय में निवास करना सुनिश्चित करें तथा बिना अनुमति के अवकाश के दिनों में मुख्यालय नहीं छोड़े। यदि किसी अधिकारी के संबंध में बिना अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की जानकारी प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा, आचरण नियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कमलेश रजक संभागीय मीडिया प्रभारी, राम रजक संरक्षक बने

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। झेरिया रजक समाज का संभागीय स्तर का गठन किया गया जिसमें रतनपुर तखतपुर पथरिया मुंगेली नवागढ़ मल्हार मारो लवन कवर्धा सहित नौ परिक्षेत्र मिलाकर एक संभाग बनाया गया जिसमें अध्यक्ष बिसरू राम निर्मलकर को बनाया गया। संभागीय महासचिव दिनेश कुमार निर्मलकर उपाध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर कोषाध्यक्ष धनीराम निर्मलकर संरक्षक लवन परिक्षेत्र के अध्यक्ष श्री राम रजक को बनाया गया वही लवन परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी कमलेश रजक को समाज के प्रति बढ़ती रुचि व उनके कार्यो को देख कर संभागीय स्तर के मीडिया प्रभारी बनाया गया साथ ही कार्यकारिणी में लवन परिक्षेत्र के कसडोल राज प्रधान राम कुमार रजक लवन राज प्रधान श्यामता रजक दतान राज प्रधान हार्दिक रजक व लोहरसी राज प्रधान खगेश रजक को शामिल किया गया। संभागीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों तखतपुर में किया गया शपथ ग्रहण समारोह में पुनीत राम रजक घना राम रजक जनक राम रजक बोध राम रजक मोनिश रजक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शोभायात्रा निकालकर किया लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम गिन्दोला में स्थापित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस दौरान युवाओं ने भक्ति में लीन होकर डीजे की धुन पर जमकर थिरके। गांव के दशहरा मैदान में स्थापित लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन गांव के ही तालाब में किया गया। गांव के श्री महालक्ष्मी सेवा समिति ने दशहरा मैदान में लक्ष्मी प्रतिमा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापित किया था उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा विगत 10 वर्षो से प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। जिसमें समिति के अध्यक्ष उत्तम पटेल, पुतन पटेल, प्रेमप्रकाश पटेल, सुरेन्द्र पटेल, थानेश्वर पटेल, नरेन्द्र पटेल, वामन पटेल, कमलेश पटेल, राजेन्द्र पटेल, भगवती पटेल, ओमकार पटेल, छोटेलाल पटेल, मोहनदास मानिकपुरी, डकेशवर दास मानिकपुरी सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

में जावत हौं दिल्ली..

तरह केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र व उसके जवाब को भी पढ़कर सुनाया।

जांच टीम की रिपोर्ट में...

कार्यकारिणी समिति और साधारण सभा की बैठक के विवरण की बारीकी से जांच की है। जानकारी के मुताबिक जांच में अस्पताल के तत्कालीन अधिकारी और राजनीतिक पदाधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है। तकरीबन ढाई सौ करोड़ की वित्तीय अनियमितता का यह पूरा मामला है। जिसमें कार्रवाई की अनुशंसा के साथ ही पूरी रिपोर्ट श्री कुजूर ने दी है। बताते हैं कि डीकेएस अस्पताल मामले में तकरीबन ढाई सौ करोड़ की वित्तीय अनियमितता का आरोप है। मामला सामने आने के बाद तत्कालीन मुख्य सचिव सुनील खूजूर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच टीम बनाई गई थी जांच के बाद अब टीम ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है।

किसानों पर गरमा...

की फ सल को हुए नुकसान से सरकार उनका धान खरीदेगी भी या नहीं।

नीट क्यों नहीं...

द्वारा परीक्षा में बैठने (इम्पर्सनैशन) के मामलों की सुनवाई सबंधी याचिका आई तो न्यायाधीश एन. किरूबाकरन और न्यायाधीश पी. वेलुमुरूगन की पीठ ने कहा कि केन्द्र सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार की सभी योजनाओं को बदल रही है तो वह क्यों नहीं नीट परीक्षा को भी समाप्त कर देती क्योंकि इसका सुझाव भी पूर्ववर्ती सरकार ने ही दिया था। पीठ ने कहा जिन लोगों के पास पैसे हैं उनके बच्चे इस परीक्षा को पास कर सकते हैं और गरीब छात्रों के लिए मेडिकल कालेजों के दरवाजे बंद हो गए हैं।

हालात जीने लायक...

से हटाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में बिजली न काटी जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी डीजल जेनरेटर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इन राज्यों की एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति सोमवार को बैठक करेगी और 6 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में इस बारे में रिपोर्ट पेश करेगी।

कोर्ट ने कहा, 'इस तरीके से नहीं जिया जा सकता। केंद्र सरकार, राज्य सरकार को कुछ करना चाहिए। इस तरह से नहीं चल सकता। यह बहुत ज्यादा है। शहर में कोई कमरा, कोई घर सेफ नहीं है। हम इस पलूशन के चलते जिंदगी के कीमती साल गंवा रहे हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने इसके अलावा पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को भी इस मामले को लेकर अदालत के सामने पेश होने को कहा है। साथ ही दिल्ली और केंद्र सरकार से एक्सपर्ट की सलाह लेकर तत्काल जरूरी कदम उठाने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि दिल्ली में अगर कोई शख्स निर्माण या पुरानी इमारतों को तोड़ने पर लगे बैन का उल्लंघन करता है तो उस पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। अगर कोई कूड़ा जलाता है तो उस पर 5000 रुपये फाइल लगे। कोर्ट ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि वे खुले में कूड़ा फेंकने को रोकें।

कोर्ट ने दिल्ली में ऑड-ईवन स्कीम के औचित्य पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि इसके पीछे लॉजिक क्या है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को आदेश दिया है कि वह शुक्रवार तक डेटा और रेकॉर्ड्स जमा कर यह साबित करे कि ऑड-ईवन से प्रदूषण कम हुआ है

शीर्ष कोर्ट ने माना कि दिल्ली में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं बची है। चाहे वह किसी का घर ही क्यों न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शहर का दम घुट रहा है लेकिन दिल्ली सरकार और केंद्र आरोप-प्रत्यारोप में उलझे हैं। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली हर साल घुटती जा रही है, लेकिन हम कुछ नहीं कर पा रहे। ऐसा हर साल 10-15 दिनों के लिए होने लगा है। ऐसा किसी सभ्य देश में नहीं होता। जीने का हक सबसे जरूरी है।

यही नहीं पंजाब और हरियाणा के किसानों के पराली जलाने पर भी कड़ी टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसान अपनी आजीविका के लिए दूसरों की जान नहीं ले सकते। यदि वे ऐसा करते रहे तो हमें उनसे कोई सहानुभूति नहीं होगी। जस्टिस अरुण मिश्रा ने पर्यारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव से पूछा, 'कितने इलाकों में पराली जलाई जा रही है। यह बहुत बड़ा इलाका है।'

जावेद और अनवर का समाज ने किया अभिनंदन

महासमुंद। स्थानीय नगर पालिका परिषद में नव नियुक्त एल्डरमैन जावेद चौहान गुड्डू व अनवर हुसैन का मुस्लिम जमात ने अभिनंदन किया। शुक्रवार को नमाज के बाद समाज के सदर एके खैरानी, याकू मास्टर, हाफिज हाजी वली मोहम्मद, हाजी लतीफ चौहान, डा एमवाय मेमन, हाजी इशाक चौहान, हाजी सलीम चौहान, सादिक कुरैशी, हाजी रज्जाक चौहान, अब्दुल्ला खान सहित समाजजनों ने दोनों एल्डरमैन का फूलों के हार से इस्तकबाल किया। मुस्लिम जमात के सचिव राजू चौहान व नासिर खान ने बताया कि यह पहला अवसर है जब समाज के दो नवजवानों को शासन ने महती जवाबदारी प्रदान की है। समाजजनों को मिले इस सम्मान से मुस्लिम समाज में हर्ष है।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज और राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न

महासमुंद। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज और राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन रविवार को आदर्श हाईस्कूल में किया गया। परीक्षा दो पालियों में हुई। परीक्षा में कुल 663 परीक्षार्थी उपस्थित थे। प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल होने के लिए 390 ने पंजीयन कराया था। इसमें 340 परीक्षार्थी उपस्थित और 50 अनुपस्थित थे। इसी प्रकार राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में 273 परीक्षार्थी ने पंजीयन कराया था। इसमें 245 उपस्थित और 28 अनुपस्थित थे। परीक्षा में आठवीं व दसवीं के पांचों विकासखंड के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक-रविशंकर शुक्ला*,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

हॉरर फिल्म अरूंधती के रीमेक में काम करेंगी दीपिका पादुकोण

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की अभिनेत्री दीपिका पादुकोण सुपरहिट तेलुगू हॉरर फिल्म अरूंधती के रीमेक में काम करती नजर आ सकती है। दीपिका पादुकोण ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म पद्मावत के बाद लंबे वक्त तक कोई प्रोजेक्ट साइन नहीं किया। बाद में उन्होंने फिल्म छपाक का एनाउंसमेंट किया। इसी बीच उनकी फिल्म महाभारत का भी ऐलान कर दिया गया। कहा जा रहा है कि दीपिका ने एक और फिल्म साइन कर ली है। यह एक हॉरर फिल्म होगी। दीपिका पहली बार किसी हॉरर फिल्म में काम करती नजर आएंगी। यह फिल्म अनुष्का शेट्टी की तेलुगू भाषा में बनी फिल्म अरुंधती का हिंदी रीमेक होगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की के बारे में है जो जीवन में पहली बार जब अपने जन्म स्थान पर जाती है तो उसे अहसास होता है कि वह काफी हद तक अपनी परदादी की तरह नजर आती है। इसके बाद वह काले जादू और तंत्र मंत्र की उस दुनिया में कदम रखती है। कहा जा रहा है कि फिल्म की हिंदी रीमेक के राइट्स खरीद लिए गए हैं और दीपिका पादुकोण इस फिल्म में लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी।

QUIZ TIME

1) गिल्ट एण्ड बाजार किससे संबंधित है? (कटे-फटे पुराने करेंसी नोट / सरकारी प्रतिभूतियों)

2) ट्रिप्स (बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के व्यापार से संबंधित पक्ष) करार का संचालन किसके द्वारा होता है?

3) भारत में सबसे कम वर्षावाला स्थान कौन सा है?

4) संविधान में आपात प्रबंध का प्रावधान किस देश से लिया गया है?
(क) जर्मनी (ख) अमेरिका (ग) इंगलैंड (घ) फ्रांस

5) बीसीसीआई के प्रथम अध्यक्ष का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) सरकारी प्रतिभूतियों (2) विश्व व्यापार संगठन (3) लेह (4) जर्मनी (5) आर.ई. ग्रांट गोवान

सुपरहीरो के किरदार में नजर आयेंगी सनी लियोनी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री सनी लियोनी सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो के किरदार में नजर आयेंगी।

सनी लियोनी अक्सर अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक सुपरहीरो के लुक में नजर आ रही हैं। वह इसमें उड़ने वाली कार चलाते और सुपर गैजेट का इस्तेमाल करती दिख रही हैं। सनी लियोनी ने कहा कि सुपरहीरो का कॉन्सेप्ट कुछ ऐसा है जिसे लेकर मैं और डेनियल काफी लंबे समय से सोच रहे हैं। इसी के चलते सुपरहीरो कोर का जन्म हुआ है जिससे वो सभी बुराइयों का खात्मा कर सके। इस वीडियो में सनी के कॉस्ट्यूम्स और सेट्स काफी हद तक मशहूर फिल्म दि मैट्रिक्स जैसे लग रहे हैं। सनी वीडियो में शहर को बचाने की कोशिश में लगी हैं और वे अपनी सुपरकार में शहर में घूमती हैं।

शूटिंग के पहले दिन से जानते थे फ्लॉप होगी सूर्यवंशी :सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने बताया है कि वह फिल्म सूयवंशी की शूटिंग के पहले दिन से जानते थे कि यह फिल्म फ्लॉप होगी। बिग बॉस सीजन 13 के एपिसोड में फिल्म बाला की स्टारकास्ट आयुष्मान खुराना, यामी गौतम और भूमि पेडनेकर ने शिरकत की। इस अवसर पर आयुष्मान खुराना ने सलमान खान से सवाल पूछा कि कौन सी फिल्म के शूट के पहले दिन ही आपको मालूम पड़ गया था कि यह फिल्म नहीं चलेगी। सलमान खान ने कहा कि ऐसी बहुत सारी फिल्में हैं। फिर जब आयुष्मान खुराना ने ऐसी एक फिल्म का नाम लेने की गुजारिश की तो सलमान खान ने सूर्यवंशी का नाम लिया। आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर ने कहा कि उन्हें सूर्यवंशी फिल्म बहुत पसंद है। आयुष्मान खुराना ने सूर्यवंशी का डायलॉग भी बोला। गौरतलब है कि वर्ष 1992 में प्रदर्शित सूर्यवंशी में सलमान खान के अलावा अमृता सिंह और शीबा ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

राधे में सलमान की मां का किरदार निभायेगी जरीना वहाब

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री जरीना वहाब फिल्म राधे में सलमान खान की मां का किरदार निभाती नजर आयेंगी। सलमान खान ने हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म राधे योर मोस्ट वॉन्टेड भाई की अनाउंसमेंट की। प्रभुदेवा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में दिशा पाटनी सलमान के अपोजिट काम करेंगी। अब फिल्म में सलमान की मां की तलाश भी पूरी हो गई है।

सत्तर और अस्सी के दशक की मशहूर अभिनेत्री जरीना वहाब फिल्म में सलमान की मां का रोल निभाएंगी। गौरतलब है कि जरीना वहाब के बेटे सूरज पंचोली को सलमान खान ने ही फिल्म हीरो से बॉलीवुड में लॉन्च किया था।फिल्म राधे में सलमान और दिशा के अलावा जैकी श्रॉफ, रणदीप हुड्डा भी अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म राधे अगले साल ईद पर रिलीज की जाएगी।

दिल्ली में प्रदूषण को लेकर चिंतित है प्रियंका चोपड़ा

नयी दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर चिंता जतायी है। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों दिल्ली में अपनी अपकमिंग नेटफ्लिक्स फिल्म द वाइट टाइगर की शूटिंग कर रही हैं। दिल्ली में प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनी हुई है। प्रियंका चोपड़ा ने भी इस प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है और बताया है कि उन्हें भी प्रदूषण की वजह से शूटिंग करने में काफी दिक्कत हो रही है। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने अपना एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें वो मास्क पहने हुए हैं और दिल्ली के प्रदूषण को लेकर अपनी बात कही है। इंस्टाग्राम पर इस फोटो के साथ प्रियंका चोपड़ा ने लिखा है- 'द वाइट टाइगर की शूटिंग के दिन...इस शहर में फिलहाल शूटिंग करना बहुत मुश्किल हो रहा है, मुझे समझ नहीं आता कि लोग इस हालात में यहां कैसे रह रहे हैं। शुक्र है कि हमारे पास एयर प्यूरीफायर और मास्क जैसी सुविधा है।

'पानीपत' : संजय दत्त का लुक देखकर रह जाएंगे दंग, कल रिलीज होगा फिल्म का ट्रेलर

इस पोस्टर में जानकारी दी गई है कि फिल्म का ट्रेलर कल यानी 5 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में संजय दत्त का किरदार राजा अहमद शाह अब्दाली है। डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'पानीपत' अगले महीने रिलीज होगी। शुरु से ही यह फिल्म चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। वहीं, सोमवार को संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पानीपत में अपने लुक का पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ ही इस पोस्टर में जानकारी दी गई है कि फिल्म का ट्रेलर कल यानी 5 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। बता दें कि इस फिल्म में संजय दत्त का किरदार राजा अहमद शाह अब्दाली है। ये फिल्म का दूसरा पोस्टर है।

नव प्रदेश | व्यापार

टाटा ग्रुप के चीफने कहा, एयर इंडिया को खरीदने के लिए करेंगे विचार

- टाटा ग्रुप के चेयरमैन ने कहा है कि उन्होंने एयर इंडिया को खरीदने से इनकार नहीं किया है
- उन्होंने कहा कि इस बारे में वह टीम से बात करेंगे और विचार करने को कहेंगे

मुंबई। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि उन्होंने एयर इंडिया के लिए बोली लगाने से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'मैं टीम से इसके बारे में विचार करने को कहूंगा।' अपनी पुस्तक 'ब्रिजिटल नेशन' के विमोचन के दौरान उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह निर्णय विस्तारा के द्वारा होगा न कि टाटा सन्स के नाम से।

चंद्रशेखरन ने कहा, 'मैं विस्तारा और एयर एशिया के अलावा कोई तीसरी एयरलाइन नहीं संचालित करने वाला हूं जब तक कि उसे मर्ज नहीं कर दिया जाता। इसमें दिक्कतें हैं। मैं कभी हां या न नहीं कहने वाला हूं। मुझे इस बारे में नहीं पता।' बता दें कि सरकार ने एयर इंडिया को पूरी तरह से बेचने का फैसला कर लिया है। पहले सरकार ने 24 प्रतिशत के विनिवेश की योजना बनाई थी। कोई ग्राहक नहीं मिला तो इसकी सीमा 74 फीसदी तक बढ़ा दी गई। टाटा ने इसमें इंटरेस्ट नहीं दिखाया क्योंकि उस समय वह जेट के बारे में विचार कर रहा था। चंद्रशेखरन ने कहा, 'हमें अपने एविएशन बिजनस के लिए कोई हल निकालन होगा। मैं इसे बढ़ाना चाहता हूं लेकिन 2025 इसमें नुकसान ही होने की संभावना है।' एयर इंडिया को अधिग्रहित करने से टाटा ग्रुप को एयरलाइन बिजनस में ग्रोथ करने का मौका मिल सकता है। ग्रुप के दो जॉइंट वेंचर हैं। एक सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ और दूसरा एयरएशिया के साथ। दोनों को मिलाकर साल 2019 में टाटा को 1500 करोड़ का नुकसान हुआ।

जानकारों का कहना है कि टाटा ट्रस्ट्स के हेड रतन टाटा एयर इंडिया को खरीदने का मन बना सकते हैं। एयर इंडिया के माध्यम से विस्तारा को भी विस्तार मिल सकता है।

आधार कार्ड में नाम-जन्मतिथि बदलने के लिए दस्तावेजों की नहीं होगी जरुरत, IDAI ने आसान किए नियम

नई दिल्ली। बैंक में खाता से लेकर पासपोर्ट बनवाने सहित कई काम में आधार अनिवार्य है। लेकिन आधार में नाम या जन्म तिथि गलत होने पर वह कई बार लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है। इसे देखते हुए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने जन्म तिथि में एक बार सुधार की सुविधा दी है। वहीं मोबाइल नंबर और अन्य बदलावों के लिए दस्तावेज की जरूरत भी नहीं होगी। अब यूआईडीएआई ने आधार में सुधार के लिए दस्तावेजों की जरूरत को कम कर दिया है।

नाम में भी सुधार का मौका: यूआईडीएआई ने नए फैसले के तहत आधार में नाम बदलने के लिए दो बार मौका देने का फैसला किया है। नाम ठीक कराने के लिए आपके पास पासपोर्ट, पैनकार्ड, मतदाता आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जारी पहचान पत्र, शैक्षणिक संस्थान का लेटर हेड, हथियार लाइसेंस, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पेंशनकर्ता फोटो कार्ड, आवास प्रमाण पत्र जिसमें फोटो हो, ग्राम पंचायत प्रमुख द्वारा लेटर हेड पर जारी पते का प्रमाण पत्र में से कोई एक दस्तावेज होना चाहिए। इसे लेकर आधार केन्द्र पर जाकर नाम में सुधार करवा सकते हैं।

जन्म तिथि में बदलाव की शर्तें: भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने जन्म तिथि में सुधार के लिए कुछ शर्तें भी तय की हैं। इसके तहत यदि जन्म तिथि में बदलाव की स्थिति में तीन साल से कम का अंतर तो आप संबंधित दस्तावेज के साथ किसी नजदीकी आधार सुविधा केन्द्र में जाकर उसमें सुधार करवा सकते हैं। उम्र में यदि तीन साल से अधिक का अंतर है तो आपको क्षेत्रीय आधार केन्द्र में दस्तावेज लेकर जाना पड़ेगा। यूआईडीएआई ने यह भी कहा है कि आधार में लिंग में सुधार सुविधा अब एक बार ही मिलेगी।

9 शहरों में 9.5 प्रतिशत घटी मकानों की तिमाही बिक्री

नौ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में मकानों की बिक्री 9.5 प्रतिशत गिरकर 52,855 इकाई रही। रियल एस्टेट से जुड़े ऑनलाइन मंच प्रॉपइक्विटी ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही।

नई दिल्ली। कमजोर मांग से देश के नौ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में मकानों की बिक्री 9.5 प्रतिशत गिरकर 52,855 इकाई रही। रियल एस्टेट से जुड़े ऑनलाइन मंच प्रॉपइक्विटी ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। आर्थिक नरमी और धन उपलब्धता संकट की वजह से खरीदारों की धारणा प्रभावित हुई। यह इस तरह की चौथी रपट है, जिसमें 2019 की तीसरी तिमाही में मकान बिक्री में गिरावट दिखाई गई है। इससे पहले प्रॉपटाइगर और ऐनारॉक ने जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान मकानों की बिक्री में क्रमशः 25 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की गिरावट की जानकारी दी थी। वहीं जेएलएल इंडिया ने एक प्रतिशत गिरावट की बात कही थी।

प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, जुलाई - सितंबर 2019 में मकानों की बिक्री 9.5 प्रतिशत गिरकर 52,855 इकाई रही। एक साल पहले की इसी अवधि में 58,461 मकानों की बिक्री हुई थी। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक समीर जसूजा ने कहा, 'खरीदारों के मकान खरीदने के फैसले को टालने से सितंबर तिमाही में मांग प्रभावित हुई है।' रिपोर्ट में कहा, 'आर्थिक नरमी और बाजार में धन उपलब्धता के संकट से बिक्री में गिरावट देखी गई।'

आंकड़ों के मुताबिक, सात शहरों में मकान बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है जबकि दो शहरों में बिक्री में तेजी आई है। चेन्नै में जुलाई-सितंबर 2019 के दौरान मकानों की बिक्री सबसे ज्यादा 25 प्रतिशत गिरकर 3,060 इकाई रही। एक साल पहले की इसी अवधि में 4,080 मकान बेचे गए थे। मुंबई में मकान बिक्री 22 प्रतिशत गिरकर 6,491 इकाई से 5,063 इकाई, हैदराबाद में 16 प्रतिशत गिरकर 5,067 इकाई से 4,257 इकाई, कोलकाता में बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 3,487 इकाई से 3,069 इकाई जबकि नोएडा में बिक्री 11 प्रतिशत लुढ़क कर 1,112 इकाई से 990 इकाई रह गई।

इसी तरह बेंगलुरु और ठाणे में भी मकान बिक्री में गिरावट रही। हालांकि गुरुग्राम में बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 1,112 इकाई से 1,190 इकाई जबकि पुणे में बिक्री एक प्रतिशत चढ़कर 14,523 इकाई से 14,669 इकाई हो गई।

इंडिगो के 'सिस्टम' में खराबी से परेशान होते रहे यात्री

नयी दिल्ली (वार्ता)। बाजार हिस्सेदारी के मामले में देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो के 'सिस्टम' में खराबी के कारण सोमवार को विभिन्न हवाई अड्डों पर यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा तथा कई विमानों के परिचालन में देरी हुई।

इंडिगो के सिस्टम में सुबह से खराबी देखी गयी। कंपनी ने हालांकि एक घंटे के भीतर 'सिस्टम' को दुरुस्त करने का दावा किया लेकिन इसका असर कई घंटे तक देखा गया। कंपनी ने एक बयान में कहा, ÷सभी हवाई अड्डों पर सिस्टम में खराबी के कारण यात्रियों को हुई परेशानी के लिए हमें खेद है। अब हमारे फ्लाइट तथा चेकइन सिस्टम ठीक काम कर रहे हैं।÷

इससे पहले एयरलाइन ने सुबह एक बयान में कहा था कि उसके पूरे नेटवर्क में सिस्टम में तकनीकी खामी है जिसके कारण काउंटरों पर लंबी कतारें हो सकती हैं।

दोपहर बाद तक इंडिगो की अधिकतर उड़ानें देर से रवाना हुईं तथा यात्रियों को चेकइन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोना 115 रुपये मजबूत, चाँदी भी चमकी

नयी दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर पीली धातु में रही गिरावट के बीच स्थानीय ग्राहकी आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को 115 रुपये चमककर 40,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 200 रुपये की बढ़त के साथ 48,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। विदेशों में सोने में गिरावट रही। सोना हाजिर 3.30 डॉलर टूटकर 1,510.60 डॉलर प्रति औंस के भाव बिका। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिका और चीन के बीच पिछले 16 महीने से जारी व्यापार युद्ध के संबंध समझौते की उम्मीद से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का आकर्षण कम हुआ है। दोनों देशों ने शुक्रवार को कहा था कि व्यापार युद्ध को लेकर जारी वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है।

विस्तारा की लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें अगले साल से

नयी दिल्ली (वार्ता)। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली विमान सेवा कंपनी विस्तारा ने चालू वित्त वर्ष में अपने बेड़े और नेटवर्क का आकार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताते हुये कहा है कि वह अगले साल से मध्यम और लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी।

विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लसली थंग ने सोमवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीने में कंपनी ने अपने नेटवर्क और बेड़े में तकरीबन 50 प्रतिशत की वृद्धि की है तथा अगले पाँच महीने में इसमें और 50 प्रतिशत की वृद्धि की उसकी योजना है। नेटवर्क विस्तार जारी रखते हुये अगले साल से वह लंबी और मध्यम दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू करेगी।

श्री थंग ने कहा ÷नेटवर्क विस्तार इस समय हमारी शीर्ष प्राथमिकताओं में है। चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक हम अपने नेटवर्क में 11 नये गंतव्यों को शामिल कर चुके हैं। हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार जारी रखेंगे। अगले साल हम मध्यम तथा लंबी दूरी की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू करेंगे।÷

चालू वित्त वर्ष के आरंभ में विस्तारा के पास 22 विमान थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 35 पर पहुँच गयी है तथा उसकी योजना मार्च 2020 तक इसे बढ़ाकर 42 करने की है। अभी उसके पास छब्बीस एयरबस ए320 और नौ बोइंग 737-800एनजी विमान हैं।

सरकारी योजनाओं में अधिकारी- कर्मचारियों की रुचि नहीं

■ गौठानों में तालेबंदी की नौबत

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। प्रदेश के मुखिया ने किसानों को सुविधा देने ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के सभी जिलों में गोठान की सुविधा उपलब्ध कराई। किन्तु कोरिया जिले में इस महत्वाकांक्षी योजना पर अधिकारी कर्मचारी पतीला लगाने में लगे हुए हैं। जिससे इन गौठान में अब ताले लगने की नौबत आ गई है।जबकि हाल ही सभी गौठान में उत्शव मनाए जाने के निर्देश थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में किस तरह शासन के निर्देशों का पालन किया गया होगा। जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भी जिला मुख्यालय में इन गौठान में आने वाले थे जहा इनके आने के पूर्व बैकुण्ठपुर छेत्र की विधायिका अम्बिका सिंहदेव ने इन केंद्रों में सोरगा केंद्र की जाच की जहा ग्रामीणों ने इस केंद्र पर हमेशा ताला लगा होने की शिकायत की जब कि जिला प्रशासन के रिकार्ड में इस गौठान को बेहतर संचालन होने की बात कही गई हैं जिससे मौके पर ही विधायिकी ने जिला स्तर के अधिकारियों को फटकार लगाई व दुबारा शिकायत नही मिलने की बात कही ,इस दौरान गौठान में मवेशियो के लिए चारा पानी की समुचित व्यवस्था नही किये जाने को लेकर भी

विधायिका ने पंचायत सचिव को जमकर पटकार लगाई।वही कलेक्टर कोरिया ने विधायिका के नाराज होने पर अधिकारियों को कहा की शासन की योजनाओ का लाभ ग्रामिणो को मिलनी चाहिए इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही जायेगी गौठान मे मवेशियो के पिने के लिए पानी खाने के लिए चारा व मवेशियो को देखभान करने के लिए समुचित व्यवस्था होनी चाहिए जब कि अधिकारी जिले में निर्मित गौठान की जाच करने पहुच ही नही पाते जिसका कारण अधिकारियों ने कलेक्टर कोरिया द्वारा हप्ते में प्रतिदिन बैठक लेने की वजह को बताया जब कि हकीकत भी यही है कि जिले के मुखिया के द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी बैठक के बहाने अधिकारियों को बुला लेना भी जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर रोज क्या प्रगति की जानकारी ली जा रही कही न कही शासन की इस योजना के बेहतर संचालन न होने के पीछे अधिकारियों की भी उदासीनता है जिसके कारण अब जिले में निर्मित गौठान पे ताले लगने की नोबत आ गई है वही अधिकारियों व विधायक के ग्राम में पहुचने के दौरान ग्रामिण राम नाथ ने पंचायत प्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए बताया की गौठान का लोकार्पण किये जाने के बाद हमेशा गेट मे ताला लटका हुआ रहता है ।आज जब विभागीय अधिकारियों की आने की जानकारी मिली है तो आनन फानन मे पानी की व्यवस्था की गई है।जिससे कलेक्टर ड़ोमन सिह ने विधायिका के द्वारा नाराजगी जताते के कारण जल्द से जल्द समस्या की निदान करने का निर्देश दिये।ग्रामिणो से मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय विधायक अंबिका सिहदेव ने पंचायत प्रतिनिधियों व सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की गौठान मे जो भी समस्या है तत्काल निराकरण करे सीएम साहब के आने पर इस तरह की शिकायते नही मिलनी चाहिए ।

गौठान के लिए चयनित समिति पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

ग्रामीणो ने पंचायत प्रतिनिधियों पर गौठान के देख भाल करने के लिए गुपचुप तरिके से अपने चहेते लोगो को समिति का अध्यक्ष व सदस्य बनाये जाने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणो ने विधायिका अंबिका सिहदेव को बताया की गौठान मे कब समिति का चयन किया गया और गौठान का अध्यक्ष किसको चुना गया ग्रामीणो को किसी प्रकार की कोई जानकारी नही दी गई है जिस पर विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों व सबंधित अधिकारियों को कहे की ग्रामीणो को सभी जानकारी समय समय पर देते रहे ग्रामीणो को गौठान से मिलने वाली सभी सुविधाओं से अवगत कराये।

ग्राम सभा की ग्रामीणों को नहीं दी जाती सूचना

ग्रामीणो ने विधायिका से पंचायत प्रतिनिधियो पर शिकायत करते हुए बताया की ग्राम पंचायत मे आयोजित ग्राम सभा की कोई सुचना नही दी जाती है सरपंच सचिव अपने लोगो को बुलाकर कोरम पुरा कर खानापूर्ति कर ली जाती है ऐसे मे हम लोगो को गुमराह रखे जाने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पाता है।वही अधिकारी भी हमेशा कलेक्टर कार्यालय में मीटिंग में होने के कारण अपने कार्यालय में नही मिलते ऐसे में किसे समस्या बताये जिस पर भी विधायक ने अधिकारियों को ग्रामीणों के सामने फटकार लगाते हुए कार्यालय में अधिकारियों को निर्धारित समय मे बैठने का निर्देश दिया ।

लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी शराब दुकान

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नगर पालिका क्षेत्र के जेलबाड़ा वार्ड में संचालित देशी और विदेशी शराब की दुकान की वजह से वार्डवासी बेहद परेशान हैं। जिला मुख्यालय में ही रिहायशी इलाके में संचालित सरकारी शराब दुकान लोगों के लिए परेशानी का कारण है। शराब की दुकान के संचालन के लिए बीजापुर गंगालूर मार्ग पर नए पुलिस लाइन के सामने तीन साल पहले करीब 20 लाख रुपये की लागत से प्रशासन ने भवन का भी निर्माण करवाया था, मगर सुरक्षागत कारणों से शराब दुकान का संचालन नगर पालिका क्षेत्र के जेलबाडा वार्ड में संचालित किया जा रहा है।

वार्डवासियों का आरोप है कि शराबी नशे की हालत में उनके घरों में घुस जाते हैं। इतना ही नहीं लडकियों के साथ छेड़छाड़ भी करते हैं। किसी अनहोनी से घबराये परिजन लड़कियों को शाम 6 बजे के बाद अपने घरों में ताला लगाकर बंद कर देते हैं। वार्डवासियों का आरोप है कि मदिरा प्रेमी नशे की हालत में तेज रफ्तार में दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाते हैं, जिससे अक्सर सड़क हादसे का खतरा बना रहता है. साथ ही नशे की हालत में शराबी गंदी गंदी गालियां देते रहते हैं, जिससे वार्ड का माहौल बिगड़ रहा है।

कांग्रेसियों ने किया था आंदोलन चुनाव जीतने के बाद भूल गए

आपको बता दें कि विपक्ष में रहते वक्त तात्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम मंडावी के नेतृत्व में कांग्रेस ने वार्डवासियों के साथ मिलकर शराब दुकान के स्थानांतरण के लिए आंदोलन कर कलेक्टोरेट का घेराव भी किया था। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद से ही कांग्रेस और वर्तमान विधायक विक्रम मंडावी इस मुद्दे को भूल गए हैं। मामले में विधायक विक्रम मंडावी का कहना है कि लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखकर जल्द ही कोई उचित निर्णय लिया जाएगा।

कुटरू मंडल में मंडल भाजपा चुनाव सम्पन्न

बीजापुर। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शाह की अध्यक्षता मे एवं जिला महामंत्री एवं कुटरु मंडल के चुनाव अधिकारी ओंकार तारम जी की उपस्थिति में कुटरू मंडल अध्यक्ष के पद पर रामचन्द्रम मड़ावी जी को सर्व सहमति से चुना गया साथ ही रामचन्द्रम मड़ावी जी को नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष बनने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के द्वारा ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम शाह, ओंकार तारम, कुंवर सिंह मज्जी, नीता शाह, के लक्ष्मी नारायण, अरविंद पुजारी, सुदरु राम मिच्चा, पोन्ना बाई, राजाबाबू, दुरगी बाई, सबैया गोटा, बोज्जाराम गोटा, महेश गोटा, रमेश कुमार पोन्दी समेत कार्यकर्ता एवं पदा धिकारीगण मौजूद हुए।

मध्यान्ह भोजन का शुभारंभ

बीजापुर। बीजापुर में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत फ्लेक्सी मद अंतर्गत उबला अंडा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ भैरमगढ़ ब्लाक के पुसनार स्थित पोटाकेबिन में क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी के कर कमलों से किया गया।

इंद्रावती में बही दोनों युवतियों के शव बांगोली घाट में मिले

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। इंद्रावती नदी में बहे दोनों युवतियों के मिले शव सतवा घाट से 2 कि.मी. दूर बांगोली घाट में मिले। हादसे में टिंगरी वेक्को और गल्ले कोरसा की नदी में डूबने से हुई मौत। 8 नाव सवारों में 6 सुरक्षित बच गये थे। पतले से नाव में सवार होकर नदी पार करते वक़्त पलट गई थी नाव। 2 नवंबर को भैरमगढ़ के सतवा घाट में हुआ था नाव हादसा। तुमनार साप्ताहिक बाज़ार में शामिल होने जा रहे थे ग्रामीण। 2 नवंबर से ही प्रशासन की टीम बहे लोगों के पतासाजी और बचाव कार्य मे जुटी हुई थी। प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद, परिजनों को सौंपे जायेंगे मृतकों के शव।

विचारणीय है कि इस तरह की घटनाओं की बार-बार पुनरावृत्ति के बाद भी शासन और प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों और संवेदनाहीन लोगों के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। जिसका खामियाज़ा दूरस्थ अंचलो में रहने वाले मासूम आदिवासियों को उठाना पड़ता है। विकास के नाम पर सिर्फऔर सिर्फबंदरबाट किया जाता है। ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं मात्र सड़क, बिजली और पानी होने के बावजूद शासन-प्रशासन इन्हें पूरी करने में दशकों से असमर्थता बरत रही है। ऐसे में मासूम ग्रामीण अपनी विडम्बना लेकर जाएं तो जाएं कहाँ.?

सतवा घाट में दो दिन पहले पलटी नाव दो ग्रामीणो की डूब के हुई थी मौत, 48 घण्टो तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मिली सफलता दोनो ही मृतक के शवों खोज कर निकाला गया। क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी पहुंचे घटनास्थल, पंचायती श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत मृतक के परिजनों को दो - दो हजार की सहायता राशि प्रदान की गई। दोनों ही मृतकों के परिजनों को अंतिम संस्कार करने हेतु मंडावी की ओर से भी अपनी स्वेक्छा के अनुसार राशि प्रदान की गई।

स्टेडियम में निजी आयोजन और राज्यस्तरीय खेल वीराने में!

■ पता चला तो भड़कीं विधायक

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिला प्रशासन ने जिलामुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम को बच्चों के खेल के बजाय निजी कार्यक्रम के लिए दे डाला, जबकि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता को शहर के वीरान स्थान पर स्थित एसईसीएल के ग्रांउड में करने को कहा। मामले की खबर लगते ही विधायक अंबिका सिंहदेव ने जिला प्रशासन को मिनी स्टेडियम में खेल और स्कूली गतिविधियों के अलावा कोई भी अन्य गतिविधियां करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। मामले में उन्होनें जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर इस तरह दबाववश अनुमति दिलाने पर गहरी नाराजगी भी व्यक्त की है।

मिली जानकारी अनुसार कोरिया जिले में 10 से 13 नवंबर तक राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसमें राज्य भर से 1300 बच्चे भाग लेगें, जिसका आयोजन मिनी स्टेडियम में होना है, किन्तु जनप्रतिनिधियों के कहने पर जिला प्रशासन ने इस मिनी स्टेडियम को किसी निजी कार्य के लिए 10 दिनों के लिए दे दिया है जिससे अब इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को शहर के एक कोने और विरान स्थान पर स्थित एसईसीएल के स्टेडियम में कराने की तैयारी थी , और मिनी स्टेडियम में एक निजी कार्यक्रम करने की अनुमति देने की तैयारी थी, जबकि एसईसीएल का स्टेडियम जीर्णशीर्ण अवस्था में पडा हुआ है, मैदान भी समतल नहीं है, मैदान में टूटी बोतलों का भंडार है, वहीं दर्शक दीर्घा भी टूट चुका है।

गुरुद्वारे से प्रभात फेरी निकलना शुरू

मुंगेली। नगर में 1 नवंबर से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाली प्रभात फेरी प्रारंभ हो गई है। प्रतिदिन भोर में प्रभात फेरी गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कर गुरूद्वारे में जाकर संपन्न हो रही है। सिक्ख समाज द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी में 40 से 50 महिलायें, पुरूष एवं बच्चे भाग ले रहे हैं। सिक्ख समाज द्वारा आयोजित इस प्रभात फेरी पर पालकी में पवित्र पोथी के साथ ही महिलाओं और पुरूषों की टोलियां संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। गोलबाजार, पुराना बस स्टैण्ड, पुलपारा, पाठकपारा, इंदिरा चैंक होते हुए नगर गुरूद्वारा पर समाप्त हुई। फेरी में बड़ी संख्या में सेवादार रास्ते को बुहारते हुए अपनी सेवा भक्ति भी अर्पित करते हुए चल रहे थे। साथ ही पालकी को खींचने का पुण्य लाभ भी बारी-बारी श्रद्धालुओं ने लिया। बड़ी संख्या में सिक्ख धर्म के अनुयायी संकीर्तन और गुरू नाम के जयकारे के साथ प्रभात फेरी में शामिल हुए। भोर की पहली किरण के साथ ही भक्तिमय माहौल बना रहा। साथ ही गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व की खुशियों का भी संचार होता रहा।

उगते सूरज को अर्ध्य के साथ ही संपन्न हुआ छठ पर्व

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। सूर्य उपासना का महापर्व छठ विधि विधान से पूरा हुआ । श्रद्धा और उल्लास के साथ 3 दिनों तक मनाए जाने वाले इस महापर्व में नगर के शंकर घाट महामाया तालाब मौलवी बांध संत हरकेवल दास मंदिर स्थित सूर्य मंदिर में छठ व्रतियों के परिवार के साथ पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को आगे देखकर इस व्रत को पूरा किया। छठ का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं ने स्वयं से होकर व्रती भाइयों बहनों से लिया। सूर्योदय की प्रतीक्षा और भीड़ से बचने के लिए रात 3 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ छठ घाटों पर जमा थी सभी को छठ घाटों में चल रहे पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देर रात तक भीड़ जमी रही घाट में ही कई स्थानों पर व्रती जमे रहे सुबह सूर्योदय से पूर्व स्नान कर अर्घ्य देने के साथ व्रत पूर्ण होने की खुशी में श्रद्धालुओं एवं बच्चों ने पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई

अमेरिका में भी भारतीयों ने मनाया छठ पर्व : छठ पर्व विदेशों में रहने वाले भारतीय भी मनाते हैं। अमेरिका में बी सॉफ्टिंग ग्रुप को चलाने वाले नर्वदेश्वर दुबे अटलांटा शहर में अपने परिवार के साथ निवास करते हैं अंबिकापुर में अपने परिवार को उन्होंने एवं उनके की पत्नी ने छठ पूजा की फोटो भेज कर माता पिता का आशीर्वाद लिया उनके पिता स्वामीनाथ दुबे ने जानकारी दी कि वहां रहने वाले सभी परिवार अपने तीज त्योहार एवं रीति रिवाज पूरे विधि विधान से मनाते हैं छठ पूजा के जरूरी सामान वहां मिलने थोड़ा मुश्किल होते हैं।

वाहन पार्किंग दूर होने से बढ़ी परेशानी : यातायात एवं भीड़भाड़ को नियंत्रित करने हेतु पुलिस ने शंकर घाट एवं घुनघुट्टा नदी में वाहन पार्किंग एक से 2 किलोमीटर दूर रखी थी। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को पैदल घाट तक जाना पड़ा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं स्थल सजावट के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचे सैकड़ों बच्चे एवं बूढ़े लोग वहां नहीं पहुंच सके। सभी समितियों की व्यवस्था सराहनीय रही।

शिकायत | भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

किसानों से सहकारी बैंक में खाता खुलवाने डाला जा रहा दबाव

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी वर्ष 2019-20 में किसानों का जिला सहकारी बैंक में खाता खुलवाये जाने की अनिवार्यता के संबंध में शिकायत को महामहिम राज्यपाल के नाम से अनुविभागी अधिकारी (रा.) पखांजूर को ज्ञापन सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित मंत्रिमंडलीय समिती ने शासन के मंशा के अनुरूप वर्ष 2019 में राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी हेतु सभी किसानो का खाता जिला सहकारी बेंक में अनिवार्यीतः खुलवाय जाना का तुगलकी फरमान जरी किया गया है। इस तुगलकी फरमान से लाखो किसान

जिनका उक्त बैंक में कोई खता संचालित नहीं है वो धान विक्रय से वंचित हो जायेंगे,अन्यथा उन्हें मजबूरन उक्त बैंक में खता खुलवाना पढ़ेगा। कोर बैंकिंग के इस ज़माने में कांग्रेस सरकार का ये फैसला निश्चित रूप से सर्कार की तकनिकी खामिया को उजागर करती है। उक्त फैसला से प्रदेश के लाखो किसानो को घंटो बैंक के लाइन में लगकर आपना खता जिला सहकारी बैंक में खुलवाना पढ़ेगा। जबकि प्रदेश के लाखो किसान ने उक्त बैंक के अलवा अन्य क्षेत्रीय या रास्ट्रीयकृत बांको से भी क़र्ज़ लेने आपना खता पहले से ही खुलवा रखा रही। शासन के ये निर्णय अन्य क्षेत्रीय या रास्ट्रीयकृत बांको की धान खरीदी सीजन में किसानो से ऋण वसूली का प्रक्रिया न होने से इन बांको द्वारा कृषि ऋण भी किसानो को नहीं प्रदान किया जायगा। जिससे निश्चित रूप से किसानो का हक़ राज्य के कांग्रेस सरकार द्वारा छीना जा रहा है एवं इस से सत्ता बल,धनबल और बहुबल के जमकर दुरूपयोग का रास्ता खुलेगा और निःसंदेह ऐसे ही कांग्रेस की सरकार करना भी चाहती है जिससे किसानो को परेशानिया झेलना परे।

इस सब बात को लेकर भजपा कार्यकर्त्ता महामहिम से सदर निवेदन किया की प्रदेश के अभिभावक और शासन के प्रमुख होने के नाते हस्तेक्षेप कर प्रदेश के किसानो के साथ होने जा रहा है इस अन्याय को रोकने का कदम उठाया जाय !महामहिम जी से निवेदन किया की धान खरीदी वर्ष 2019-20 हेतु किसानो के धान विक्रय हेतु केबल जिला सहकारी बैंक का खाता खुलवाकर धान विक्रय किये जाने की अनिवार्यता को निरस्त कर उक्त बैंक से अन्य बैंक के खता को भी लिंक कर धान क्रय विक्रय की प्रक्रिया को सरल बनाने का निवेदन एवं कांग्रेस सरकार के इस तिग्लाकी फरमान की शिकायत भी भारतीय जनता पार्टी करती है। किसानो के हित को देखते हुए ऐसा किया जाना अत्यावश्यक है एवं किसानो के खेत के रकवे के अनुसार एवं पैदावार के अनुसार धान खरीदी किये जाने का आदेश जरी करने का कष्ठ करे। किसानो के हित में ऐसा किया जाना आवश्यक है अन्यथा भारतीय जनता पार्टी जन आन्दोलन करेगा।

उक्त ज्ञापन को सौपते हुए नगर पंचायात अध्यक्ष-अशीम राय, बिकास पॉल,गणेश सरकार, राजेश नायार, सुबाश सरकार,गोपी घोष,मायारानी सरकार, पल्टू कुंडू. राजू कुंडू नगर पंचायात उपाध्यक्ष नारायण साहा, प्रितपाल सिंह, कर्नल सिंह, मंडल अध्यक्ष-श्यामल मंडल, जितेश मुख़र्जी, संकर सरकार, कर्मकार और सेकड़ो कार्यकर्त्ता ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

आईपीएल मैचों में 'सुपर पावर' नियम, प्लेइंग-11 में कभी भी बदलो खिलाड़ी-बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड दुनिया की सबसे सफल क्रिकेट लीगों में शामिल इंडियन प्रीमियर लीग में बड़ा बदलाव करने की योजना बना रही है।

नई दिल्ली (ए.)। बोर्ड लीग के अगले संस्करण में 'पावर प्लेयर' का नियम लाने पर विचार कर रही है। इस नियम के तहत टीम मैच में कभी भी विकेट गिरने के बाद या ओवर खत्म के बाद खिलाड़ी को बदल सकती हैं। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि इस विचार को मंजूरी तो मिल गई है, लेकिन इस पर मंगलवार को मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होने वाली आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विस्तृत चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा, 'हम ऐसी स्थिति पर विचार कर रहे हैं, जहां टीमों को अंतिम-11 के बजाए 15 खिलाड़ियों को चुनना हो और एक खिलाड़ी को मैच के दौरान कभी भी विकेट गिरने के बाद या ओवर खत्म होने के बाद बदला जा सके। हम इसे आईपीएल में लाने की सोच रहे हैं लेकिन आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इस नियम को लागू करना सही होगा।' अधिकारी से जब पूछा गया इससे मैच पर किस तरह का असर होगा, तो उन्होंने कहा कि यह नियम मैच का परिणाम बदल सकता है और दोनों टीमों के लिए हटकर सोचने तथा रणनीति बनाने को बढ़ावा देगा। अधिकारी ने कहा, 'सोचिए की आपको छह गेंदों पर 20 रन चाहिए और आंद्रे रसल बाहर बैठे हैं क्योंकि वह पूरी तरह से फिट नहीं और अंतिम-11 का हिस्सा नहीं थे।

इस नियम में मैच को बदलने का दम है। आईपीएल की गर्विनंग काउंसिल की बैठक में इस नियम के अलावा सदस्य 2019 आईपीएल की समीक्षा करेंगे। साथ ही इस बात पर भी चर्चा होगी कि आगामी सीजन को और लोकप्रिय कैसे बनाया जाए।

■ न्यूज गैलरी

पॉलूशन में मैच-
गांगुली ने दोनों टीमों को कहा- थैंक्यू

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों जहरीली हुई हवा की चर्चा हर ओर है। यहां छाई स्मॉग की मोटी चादर के चलते जैसे सबकुछ ठप्प ही हो गया है। रविवार को राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण इतना अधिक बढ़ चुका था कि हवा की गुणवत्ता का स्तर AQI लेवल 1000 को पार कर गया। शुक्रवार से ही दिल्ली में हेल्थ इमर्जेंसी घोषित थी इस सबके बीच सभी की निगाहें यहां रविवार शाम को भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले टी20 मैच पर टिकी थीं। तमाम अटकलों को गलत साबित करते रविवार शाम को यह मैच अपने निर्धारित समय पर हुआ और दोनों टीमों ने 20-20 ओवर का यह मैच यहां बिना किसी रुकावट के पूरा भी किया। बीसीसीआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने इन चुनौतीपूर्ण हालात में यहां खेलने के लिए दोनों टीमों को थैंक्यू कहा है। रविवार रात को यह मैच खत्म होने के बाद सौरभ गांगुली ने ट्वीट किया, 'इन मुश्किल भरे हालात में यहां खेलने के लिए दोनों टीमों का शुक्रिया.. वेलडन बांग्लादेश..' अपने इस ट्वीट में सौरभ गांगुली ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अधिकारिक ट्विटर हैंडल को टैग भी किया।

हैमिल्टन ने फिर जीती फार्मूला-1 चैंपियनशिप

मॉस्को (वार्ता)। मर्सिडीज़ टीम के ब्रिटिश रेसर लुईस हैमिल्टन ने करियर में छठी बार फार्मूला वन चैंपियन बनने की उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यूएस ओपन ग्रां प्री के परिणाम के बाद हैमिल्टन एफवन चैंपियन बन गये। लगातार तीसरे वर्ष हैमिल्टन ने विश्व खिताब अपने नाम किया है, जिसके साथ उन्होंने पांच बार के चैंपियन दिग्गज रेसर अर्जेंटीना के जुआन मैनुएल फांगियो को पीछे छोड़ दिया है। वह अब सात बार के विश्व चैंपियन जर्मनी के माइकल शूमाकर से एक कदम दूर हैं। हैमिल्टन ने जीत के बाद कहा,÷ हम फिर आगे निकल गये। आप सभी का शुक्रिया। हमने असाधारण काम किया।

ग्रीको रोमन पहलवानों का हाथ रहा खाली

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत के रवि के कांस्य पदक मुकाबले में एकतरफा अंदाज़ में हारने के बाद हंगरी के बुडापेस्ट में अंडर-23 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता के ग्रीको रोमन वर्ग में भारत का हाथ खाली रहा। ग्रीको रोमन वर्ग में 77 किग्रा में साजन कांस्य पदक मुकाबले में हारे थे जबकि रवि को 97 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में बेलारूस के दिमित्री कामिंस्की से 0-8 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इस अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीते। पूजा गहलोत ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में और रविन्दर ने पुरुष फ्रीस्टाइल के 61 किग्रा में रजत पदक जीते।

पूनम के अर्धशतक और गेंदबाजों की मदद से जीती भारतीय महिला टीम

भारतीय महिला टीम ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी कर बनाए 198 रन

पूनम राउत (77) के जबरदस्त अर्धशतक और गेंदबाज़ों के उपयोगी प्रदर्शन से भारतीय महिला टीम ने मेज़बान वेस्टइंडीज़ महिला क्रिकेट टीम को दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 53 रन के अंतर से पराजित कर दिया।

कप्तान स्टेफनी टेलर ने 20 रन बनाये और पूनम यादव का शिकार बन गयीं। मध्यक्रम की चार बल्लेबाज़ दहाई तक भी नहीं पहुंच सकीं। इसके बाद और कोई बल्लेबाज़ बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच सकीं। 34वें ओवर में टीम ने 100 रन बनाये और पूरी टीम 138 पर ढेर हो गयीं। पांच मैचों की सीरीज़ में अब भारत ने 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है और तीसरे मैच में बुधवार को बढ़त के इरादे से उतरेंगी।

नॉर्थ साउंड (वार्ता)। भारत को पांच मैचों की सीरीज़ के पहले मुकाबले में एक रन से करीबी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 50 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 191 रन का बड़ा स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुये विंडीज़ महिलाएं 47.2 ओवर में 138 रन ही बना सकीं। टीम की ओर से शर्मेन कैम्पबेल ने 39 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

भारतीय गेंदबाज़ों में राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 रन, पूनम यादव ने 26 रन और दीप्ति शर्मा ने 25 रन पर दो-दो विकेट निकाले। झूलन गोस्वामी ने 24 रन और शिखा पांडे ने 19 रन पर एक-एक विकेट निकाला।

पहले वनडे में रोमांचक मोड़ पर एक रन से पराजित हुई भारतीय महिला टीम ने सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले गये दूसरे मुकाबले में हरफनमौला खेल दिखाते हुये 191 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और प्रिया पूनिया(5) और जेमिमा रोड्रिग्ज(शून्य) दोनों के विकेट मात्र 17 रन पर गिर गये। तीसरे नंबर पर उतरीं पूनम ने 128 गेंदों में चार चौके लगाकर 77 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर फिर स्थिति संभाली। उनके साथ कप्तान मिताली राज ने तीसरे विकेट के लिये 66 रन की अर्धशतकीय साझेदारी खेली और टीम को तीन विकेट पर 83 के स्कोर तक ले गयी। मिताली ने 67 गेंदों में चार चौके लगाकर 40 रन बनाये। हरमनप्रीत कौर ने भी बढ़िया बल्लेबाजी की और 52 गेंदों में चार चौके लगाकर 46 रन की पारी खेली। मिताली को शेनेता ग्रिमोंड ने आउट कर तीसरा विकेट निकाला।

इसके बाद पूनम ने हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिये 93 रन की साझेदारी की। वह 47वें आउट हो गयीं। इसके बाद पूनम भी विकेट नहीं बचा सकीं और फ्लेचर ने उनका विकेट निकाल पांचवें बल्लेबाज़ के रूप में आउट किया। दीप्ति(5) रन पर आउट हुयीं। विंडीज़ के लिये आलियाह एलिएने और फ्लेचर ने दो दो विकेट निकाले जबकि शाबिका गजनबी और ग्रिमोंड को एक एक विकेट हाथ लगा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विंडीज़ की शुरूआत खराब रही और ओपनर स्टेसी किंग चौथे ओवर में आउट हो गयीं। विकेटकीपर शीमेन कैम्पबेल ने नताशा मैकलीन(15) के साथ 68 रन जोड़े।

हमने मैदान पर बहुत गलतियां कीं: रोहित

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ पहली बार ट्वंटी 20 में मिली शिकस्त के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने माना है कि टीम ने मैदान पर बहुत गलतियां की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है।

प्रदूषण से प्रभावित भारत-बंगलादेश के बीच तीन मैचों की सीरीज़ के पहले ट्वंटी 20 में मेहमान टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज़ में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है, यह बंगलादेश की भारत पर पहली टी-20 जीत है। मैच के बाद रोहित शर्मा अपने खिलाड़ियों से नाराज़ दिखे और उन्होंने खराब फील्डिंग और गलत डीआरएस फैसलों को भी हार का कारण बताया। उन्होंने कहा,÷ हम बंगलादेश से उनकी जीत का श्रेय नहीं ले सकते। हमने बल्लेबाजी करते हुये कई अहम मौके गंवाये। हम अपने स्कोर का बचाव कर सकते थे लेकिन कई गलतियां कीं। टीम के कार्यवाहक कप्तान ने कहा,÷ मेरा मानना है कि हमने बहुत गलतियां कीं। हमने रिव्यू पर गलतियां कीं। लेकिन आप इन सबसे ही सीखते हैं। हमने सही स्कोर बनाया था लेकिन फील्डिंग में हमने गलतियां कीं। हम हमेशा चाहते थे कि चहल इस प्रारूप में अच्छा करें और उन्होंने मध्य ओवरों में काफी अहम भूमिका निभाई। रोहित ने साथ ही गलत डीआरएस पर रिषभ पंत का भी बचाव किया। उन्होंने मैच के दौरान मुशफिकुर रहीम और सौम्य सरकार के गलत डीआरएस पर कहा,÷ रिषभ अभी काफी युवा हैं। उन्हें अभी थोड़ा वक्त लगेगा।÷ उल्लेखनीय है कि मैच में लेग स्पिनर युजवेंद्र ने मुशफिकुर के पगबाधा आउट होने पर रिव्यू नहीं लिया। वहीं पंत ने इसके लिए कप्तान से कोई सलाह नहीं की। कप्तान ने कहा, अभी यह कहना काफी जल्दबाजी होगी कि रिषभ इस तरह के फैसले ले सकते हैं या नहीं। हमें उन्हें और समय देना होगा। हमें गेंदबाजों को भी वक्त देना होगा, क्योंकि डीआरएस में गेंदबाज और विकेटकीपर के बीच आपसी सामंजस्य होना जरूरी होता है।

हमारे लिये हर सीरीज के विशेष मायने हैं : राशिद खान

वेस्टइंडीज के खिलाफ छह नवम्बर से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृखंला से पहले अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने रविवार को कहा कि मैदान पर प्रतिद्वंदी की क्षमता का आकलन की परवाह किये बगैर उनकी टीम का लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा।

लखनऊ (वार्ता)। घरेलू मैदान के तौर पर लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेने जा रही अफगानिस्तान टीम के कप्तान पत्रकारों से कहा ÷ हमारे लिये हर श्रंखला महत्वपूर्ण है। यह मायने नहीं रखता कि हमारा प्रतिद्वंद्वी कौन है। हमारे खेल का स्तर अभी ऊपर उठ रहा है तो हर सीरीज हमारे लिये अहम है और निश्चित तौर पर हमारे खिलाड़ी जीत के संकल्प के साथ मैदान पर उतरेंगे। उन्होंने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे सामने एशिया कप और टी 20 विश्वकप जैसे दो बड़े टूर्नामेंट हैं, लिहाजा हर सीरीज महत्वपूर्ण है और हमें श्रंखला दर श्रंखला अपने प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। राशिद ने कहा हमारी योजना मजबूत टीमों के साथ खेलना है, क्योंकि इससे हमे प्रदर्शन में सुधार करने का मौका मिलेगा और हम महत्वपूर्ण मुकाबलों में और अधिक विश्वास के साथ उतरेंगे। अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने में हमें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। मैच दर मैच हमे पता चलेगा कि किन किन क्षेत्रों में सुधार लाना है। उन्होने कहा कि फिरकी गेंदबाजों के माफिक स्थितियों में उनकी टीम को वेस्टइंडीज पर बढ़त हासिल है। मगर साथ ही यह भी कहा कि सिर्फ पिच के भरोसे ही नहीं रहा जा सकता। आपको हर हाल में मेहनत करनी पड़ती है। हमारे पास सर्वश्रेष्ठ स्पिन अटैक है लेकिन उसके मैदान में खुद को साबित करना होगा। राशिद ने एक सवाल पर कहा कि अफगानिस्तान के नवनियुक्त कोच लांस क्लूजनर बेहद अनुभवी कोच हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिये काफी क्रिकेट खेला है। खुशी है कि वह हमारे साथ हैं। इस सीरीज में उनके अनुभव का अफगान टीम को काफी फायदा मिलेगा।

इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे तेज 200 छक्के
अफरीदी को पछाड़कर फिंच नंबर 1

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरॉन फिंच ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एक नई उपलब्धि अपने नाम कर ली। कंगारू टीम यहां पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैचों की सीरीज का पहला मैच खेल रही थी। यह मैच भले बारिश की भेंट चढ़ गया लेकिन रद्द होने से पहले मैच में 2 छक्के जड़ने वाले फिंच ने इसे अपने लिए यादगार बना लिया। अब फिंच इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे तेज 200 छक्के जड़ने वाले खिलाड़ी हैं। फिंच ने यहां अपने करियर की 181वीं इंटरनैशनल पारी में यह रेकॉर्ड अपने नाम किया। उनसे पहले यह रेकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी के नाम दर्ज था, जिन्होंने 214वीं इंटनैशनल पारी में 200वां छक्का जड़ा था। इंटरनैशनल क्रिकेट में 200 या इससे अधिक छक्के जड़ने वाले फिंच दुनिया के 24वें क्रिकेटर बने हैं। बारिश से बाधित इस मैच में कंगारू टीम 15 ओवर में 108 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। लेकिन बारिश के चलते यह मैच रद्द हो गया। हालांकि तब तक फिंच अपने इंटरनैशनल करियर का 200वां छक्का जड़ चुके थे। इंटरनैशनल क्रिकेट में सबसे तेज 200 छक्के जड़ने के मामले भले फिंच अब सबसे आगे हैं लेकिन क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने की बात करें तो यहां वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी क्रिस गेल का नाम टॉप पर कायम है। 462 (टेस्ट, वनडे और टी20) इंटरनैशनल मैच खेलने वाले गेल के नाम 530 पारियों में सर्वाधिक 534 छक्के हैं। गेल के बाद इस फेहरिस्त में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान के अफरीदी का नाम है। उन्होंने 524 मैचों में खेलीं 508 पारियों में 476 छक्के अपने नाम किए हैं।

इंडिया बी ने जीती देवधर ट्रॉफी

केदार जाधव की 86 रन की शानदार पारी और लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज़ नदीम के 32 रन पर चार विकेट की बदौलत इंडिया बी ने इंडिया सी को सोमवार 51 रन से हराकर देवधर ट्रॉफी का खिताब जीत लिया।

रांची (वार्ता)। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गये फाइनल मैच में इंडिया बी ने सात विकेट पर 283 रन का मजबूत स्कोर बनाया जिसके जवाब में इंडिया सी की टीम नौ विकेट पर 232 रन ही बना सकी। इंडिया सी ने तीन टीमों के टूर्नामेंट में दोनों लीग मैच जीते थे लेकिन फाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा।

इंडिया सी ने आखिरी लीग मुकाबले में इंडिया बी को शनिवार को 136 रन से पराजित किया जबकि इंडिया बी ने आज मुकाबला 51 रन से जीत कर हिसाब बराबर कर लिया। इंडिया बी की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज़ केदार जाधव जिन्होंने 94 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 86 रन की शानदार पारी खेली।

यशस्वी जायसवाल ने 79 गेंदों पर 54 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। ऑलराउंडर विजय शंकर ने 33 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन और कृष्णप्पा गौतम ने मात्र 10 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुये नाबाद 35 रन ठोके। नीतीश राणा ने 20 रन का योगदान दिया। इंडिया सी की ओर से इशान पोरेल ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये।

लक्ष्य का पीछा करते हुये इंडिया सी की शुरूआत खराब रही और कप्तान शुभमन गिल मात्र एक रन बनाकर दूसरे ओवर में आउट हो गये। टेस्ट बल्लेबाज़ मयंक अग्रवाल और प्रियम गर्ग ने दूसरे विकेट के लिये 54 रन की साझेदारी की। लेकिन इसके बाद इंडिया सी ने 21 रन के अंतराल में चार विकेट गंवा दिये और उसका स्कोर पांच विकेट पर 77 रन हो गया।

शाहबाज़ नदीम ने शीर्ष छह बल्लेबाज़ों में से तीन के विकेट लेकर इंडिया सी की कमर तोड़ दी जबकि तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज ने इनमें से दो विकेट निकाले। इंडिया सी की ओर से केवल प्रियम गर्ग ने संघर्ष का माद्दा दिखाया और 77 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रन बनाये।

विराट सिंह छह, सूर्यकुमार यादव तीन और विकेटकीपर दिनेश कार्तिक तीन रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने 49 गेंदों पर 38 रन बनाकर स्थिति को संभालने की कोशिश की लेकिन उनके रनआउट होते ही इंडिया सी का संघर्ष समाप्त हो गया।

उपलब्धि | **जोकोविच ने 2009 और 2013, 2014 तथा 2015 में भी पेरिस मास्टर्स में खिताब जीते।**

जोकोविच ने रिकार्ड पांचवीं बार जीता पेरिस मास्टर्स

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने युवा कनाडाई खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव को लगातार सेटों में 6-3, 6-4 से पराजित कर रिकार्ड पांचवीं बार पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है।

पेरिस (वार्ता)। शीर्ष वरीय जोकोविच ने 20 साल के शापोवालोव को पुरूष एकल फाइनल में आसानी से पराजित कर पांचवीं बार यहां खिताब जीत लिया और अब उनके वर्ष का समापन नंबर एक रैंकिंग के साथ करने की उम्मीदें बढ़ गयीं हैं। जोकोविच ने वर्ष 2009 और 2013, 2014 तथा 2015 में भी पेरिस मास्टर्स में खिताब जीते थे। पुरूष एकल सेमीफाइनल में स्पेन के राफेल नडाल ने पेट में दर्द के कारण जोकोविच के खिलाफ मैच से ठीक पहले नाम वापिस ले लिया था जिससे जोकोविच को सीधे फाइनल का टिकट मिल गया था। 33 वर्षीय नडाल की फिटनेस के कारण उनके लंदन में होने वाले वर्ष के आखिरी एटीपी फाइनल्स में खेलने पर भी संदेह बना हुआ है, जहां स्पेनिश खिलाड़ी ने कभी भी खिताब नहीं जीता है। वहीं जोकोविच लंदन में पांच बार के विजेता रह चुके हैं। गत वर्ष बर्की फाइनल में रूस के कारेन खाचानोव से जोकोविच को हार झेलनी पड़ी थी, लेकिन शापोवालोव के खिलाफ फाइनल में उन्होंने एक ब्रेक प्वांइट बचाया और विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ करियर में अपनी चौथी जीत दर्ज कर ली। 16 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन के नाम अब 34 मास्टर्स खिताब दर्ज हो गये हैं और सर्वकालिक सूची में नडाल के करीब पहुंच गये हैं। यह जोकोविच का एटीपी टूर में कुल 77वां खिताब है। यह उनका 50वां मास्टर्स फाइनल था। सर्बियाई खिलाड़ी का यह इस सत्र में पांचवां खिताब है। उन्होंने इस वर्ष विंबलडन, आस्ट्रेलियन ओपन, मैड्रिड ओपन और टोक्यो में खिताब जीते हैं। युवा कनाडाई खिलाड़ी को भी फाइनल तक पहुंचने की बदौलत रैंकिंग में फायदा पहुंचा है जो अगले सप्ताह एटीपी रैंकिंग में विश्व के 15वें नंबर पर पहुंच जाएंगे।

कश्मीर पर बनी डॉक्युमेंट्री को 'बाफ्टा स्कॉटलैंड'

नई दिल्ली। रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब (आरकेएफसी) पर बनी एक डॉक्युमेंट्री को स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में रंगारंग समारोह में प्रतिष्ठित 'ब्रिटिश अकैडमी ऑफ फील्ड ऐंड टेलीविजन अवॉर्ड्स' (बाफ्टा) 2019 पुरस्कार के लिए चुना गया। इस डॉक्युमेंट्री में रियल कश्मीर एफसी टीम के कोच के रूप में रेंजर्स टीम के पूर्व स्टार डेविड रोबर्टसन की यात्रा को दर्शाया गया है। रोबर्टसन के मार्गदर्शन में रियल कश्मीर एफसी की टीम भारत की तत्कालीन शीर्ष दर्जे की फुटबॉल लीग आईलीग में अपने पहले ही सत्र में तीसरे स्थान पर रही थी। इस साल बीबीसी स्कॉटलैंड पर दिखाई गई इस एक घंटे की फिल्म को 'एकल वृत्तचित्र' वर्ग में पुरस्कार के लिए चुना गया।

एक और करीबी मैच में हार का दर्द नहीं चाहता था: मुशिफकुर

नई दिल्ली। करीबी टी-20 मैचों में हार के दर्द का सामना जितना मुशिफकुर रहीम ने किया है उतना किसी ने नहीं किया। बांग्लादेश का यह पूर्व कप्तान 'पिछले मुश्किल दो हफ्तों' को भुलाने के लिए कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध था। बेंगलुरु में 2016 में वर्ल्ड टी20 मुकाबले में भारत के खिलाफ बांग्लादेश की एक रन की हार के दौरान टीम में शामिल रहे रहीम ने रविवार को यहां तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में नाबाद 60 रन की पारी खेलकर मेहमान टीम को जीत दिलाई, जो 149 रन के लक्ष्य का सामना कर रही थी। भारत पर बांग्लादेश की टी20 में पहली जीत के बाद रहीम ने कहा, 'हमने भारत के खिलाफ काफी करीबी मैच खेले इसलिए हमने स्वयं से वादा किया कि अगली बार हमें खेल में इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ेगा तो हम हारना नहीं चाहेंगे।' रहीम ने कहा कि पिछले दो हफ्ते उनके 15 साल के करियर का सबसे मुश्किल समय रहा। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश से रवाना होने से पहले मैंने कहा कि अगर हम कुछ मैच जीत लेंगे तो सब कुछ पटरी पर आ सकता है। हमने ऐसा ही किया और हम इस फॉर्म को जारी रखने का प्रयास करेंगे।' रहीम ने कहा, 'हमने भारत के खिलाफ पिछले दो मैचों से काफी कुछ सीखा और अंतिम ओवर तक गए। इस पर चर्चा की कि हम इस स्थिति से कैसे पार पा सकते हैं। मैं रियाद (महमूदुल्लाह) से कह रहा था कि बड़े शॉट खेलने की जगह एक और दो रन लेकर मैच जीतते हैं।

...जब जीएसटी के अफसरों ने गजलों से बांधा समां

राज्योत्सव : एडीजी इन्वेस्टिगेशन जीएसटी व शायर अजय पांडे 'सहाब' की लिखीं गजलों को एडिशनल कमिश्नर सीजीएसटी राजेश सिंह ने गाकर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के मंच पर वैसे तो प्रदेश भर के कलाकार अपनी कला का लोहा मनवा रहे हैं। लेकिन शनिवार की शाम जीएसटी के दो (आईआरएस) अफसरों ने भी अपनी गजलों, गीतों व शायरियों से कार्यकम में समां बांध दिया।

ये अधिकारी हैं- रायपुर में पदस्थ एडीजी इन्वेस्टिगेशन जीएसटी (एमपी-सीजी) अजय पांडे 'सहाब' व एडिशनल कमिश्नर सीजीएसटी राजेश सिंह। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की लंबी फेहरिस्त के कारण इन अफसरों के ग्रुप 'अल्फाज आवाज' को तीन नगमें पेश करने का ही मौका मिला, लेकिन इतने में भी उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया, गजल व पुराने नगमों की थोड़ी बहुत समझ रखने वाली नई पीढ़ी के मन में इसे जानने के लिए उत्साह भर दिया।

राजेश सिंह ने अजय सहाब की लिखीं गजलों को स्वर दिया, जैसा कि वे अपने ग्रुप के हर कंसर्ट में देते हैं। राजेश सिंह की पहली गजल की पहली पंक्ति- अब वो आंखों की शरारत नहीं होने वाली, अब वो धड़कन की बगावत नहीं होने वाली। तेरी आंखों ने मुझे कैद किया है ऐसे अब मेरी जमानत नहीं होने वाली।ज गाते ही राज्योत्सव परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कुछ ऐसा ही नजारा तीसरा व अंतिम गीत गाने के दौरान देखने को मिला। यह गीत था राजा मेहदी अली खान का लिखा- लग जा गले कि फिर ये हसीं रात हो न हो।

अल्फाज आवाज' ग्रुप के जरिए देश- विदेश में देते हैं प्रस्तुति

लग जा गले के अजय सहाब के बनाए नए वर्जन को गाया

राजेश सिंह ने इसकी धुन बरकरार रखते हुए इसका वो वर्जन गाया जिसके तरानों में अजय सहाब ने बदलाव किया है- मुमकिन नहीं है वक्त की रफ्तार रोक ले, कुछ पहल ठहर के प्यार की एक शाम जी तो ले। फिर जिंदगी में आपका ये साथ हो न हो। शायद फिर इस जनम में मुलाकात हो न हो।ज. गौरतलब है कि 'अल्फाज आवाज' ग्रुप के माध्यम से दोनों की जोड़ी देश ही नहीं विदेशों में भी अपने कला का लोहा मनवा चुकी है। अजय सहाब की गजलों को पंकज उधास, जगजीत सिंह, अनूप जलोटा, सूदीप बनर्जी जैसे मशहूर गायक भी गा चुके हैं। दोनों अफसरों की अपने कार्यक्षेत्र से इतर की इस प्रतिभा का राज जानने के लिए नवप्रदेश ने उन्हीं से बातचीत की। जानना चाहा कि आखिर इतने जिम्मेदार पद संभालने के बावजूद कंसर्ट के लिए उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

जिसके लिए पैशन हो उसके लिए समय निकल ही जाता है : राजेश

राजेश सिंह ने बताया कि उनके लिए गजल व गाना ही जीवन है। बकोल राजेश, गाने का शौक तो उन्हें बचपन से ही था। स्कूल कॉलेजों में वे अक्सर गाया करते थे। लेकिन आईआरएस अफसर बनने व नौकरी ज्वाइन करने के बाद उन्होंनें बनारस घराने से शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण लिया। नौकरी के साथ-साथ गीत-संगीत के लिए समय निकालने में आने वाली चुनौती के बारे में वे कहते हैं कि जिसके लिए पैशन हो उसके लिए समय निकल ही जाता है।

राजेश की आवाज में सच्चाई, इसलिए उनके साथ बनाया ग्रुप : अजय

वहीं शायर अजय सहाब ने बताया कि उन्हें बचपन ही उर्दू से खास लगाव था। 10-12 साल की उम्र से ही उन्होंने शायरी लिखनी शुरू कर दी और उन्होंने अपने इस पैशन को कभी नहीं छोड़ा। वे कहते हैं, 'राजेश सिंह को उन्होंने एक कार्यक्रम में गाते हुए देखा था। उनकी आवाज में मुझे सच्चाई लगी। उनकी उर्दू की समझ भी काफी अच्छी थी। लिहाजा मैंने उनके साथ ग्रुप बनाने का निर्णय लिया।'

चुनौती को लेकर बताया कोलकाता का वाकया

राजेश सिंह ने कहा कि कभी-कभी दिक्कतें जरूर आती हैं। कोलकाता में नौकरी के दौरान एक बार ऐसा हुआ कि दूसरे दिन प्रोग्राम था और देर रात तक मैं ऑफिस के काम में ही उलझा पड़ा था। फिर भी कार्यक्रम में शिरकत की और सबकुछ ठीकठाक रहा। मूलतः उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के रारा गांव के निवासी राजेश सिंह ने बताया रायपुर में पोस्टिंग के बाद उनकी मुलाकात अजह सहाब से हुई और 2017 में दोनों ने अपना ग्रुप 'अल्फाज आवाज' बनाया।

हैदराबाद में हुआ ग्रुप का पहला कंसर्ट

बकौल अजय उनके ग्रुप का पहला कंसर्ट 2017 में हैदराबाद के सादारजंग म्यूजियम में हुआ। उसके बाद ग्रुप ने देश के कई शहरों के अलावा विदेशों में भी परफॉर्म किया। दुबई, लंदन में अल्फाज आवाज के कार्यक्रम हो चुके हैं और जर्मनी, जॉर्डन से भी ऑफर हैं। अजय सहाब भी कहते हैं कि नौकरी करते हुए इन कार्यक्रमों के लिए समय निकाल पाना कठिन होता है, छुट्टी मिलती है तो ही वे परफॉर्म करने जा पाते हैं। अजय सहाब छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के ही रहने वाले हैं और छत्तीसगढ़ी भी अच्छी बोल लेते हैं।

सीएम बघेल से केरला समाजम् के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में केरला समाजम् दुर्ग-भिलाई के प्रतिनिधि मंडल ने श्री जेम्स के नेतृत्व में मुलाकात की। श्री बघेल को केरला समाजम् द्वारा 11 से 15 दिसम्बर तक आयोजित किए जा रहे ऑल इंडिया डांस तथा पारम्परिक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिता के लिए आमंत्रण भी दिया गया। समाजम् द्वारा मुख्यमंत्री बघेल को उनकी माता स्व.श्रीमती बिंदेश्वरी बघेल का पोट्रेट भी भेंट किया गया। प्रतिनिधि मंडल में बी.के. बाबू, एस.संजीव, ई.टी. सतीशन, के.सुधीर कुमार, मीरा शर्मा, बिनू जान, श्री अब्दूल सत्तार, दिवाकरन तथा अनूप कुमार उपस्थित थे।

गुरुनानक देव का 550वां प्रकाशोत्सव 12 को

रायपुर। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजधानी एवं प्रदेश के जिला मुख्यालयों में स्थित 139 गुरुद्वारों में गुरुनानक देव का 550वां प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इस वर्ष गुरुनानक देव जयंती 12 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई जाएगी। इस हेतु सिख श्रद्धालुओं द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन संकीर्तन आदि शुरू हो गया है। रायपुर गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारी मनमोहन सिंह सैलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु पर्व के अवसर पर मेगा स्वास्थ्य कैंप एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यों को संपन्न करने के लिए हाल ही में आयोजित बैठक में अलग अलग विंग का गठन किया गया है। महापर्व के अवसर पर महिला विंग के सदस्यों द्वारा वयोवृद्ध नाागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष, सांसद व विधायकों का किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर निगम रायपुर के 5 साल के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा की बैठक में अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, सांसद सुनील सोनी सहित रायपुर के कांग्रेस व भाजपा विधायकों का सम्मान किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व रायपुर नगर निगम की अंतिम सामान्य सभा की बैठक आज निगम मुख्यालय की सामान्य सभा कक्ष में बुलाई गई है। नगर निगम के इतिहास में पहली बार सामान्य

सभा की बैठक में अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत, सांसद श्री सोनी, राज्यसभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा, कांग्रेस विधायक सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय एवं भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था। सामान्य सभा बैठक आज शुरू होने से पहले इन सभी अतिथियों का महापौर प्रमोद दुबे व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित पार्षदों द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत, सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बैठक की कार्यवाही भी देखी। 5 साल के कार्यकाल की सामान्य सभा की अंतिम बैठक में आज 18 एजेंडे पर चर्चा है।

तिरेला महिला समाज के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छ. ग. तिरेला महिला समाज की बैठक पटेल गली महामाई पारा पुरानी बस्ती में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से महिला समाज की नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण का कायर्क्रम संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे श्रीमती लताऋ षि चंद्राकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सर्व कुर्मी महिला समाज, श्रीमती तारा चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष अ. भा. स. कु. म. स., महिला संयोजिका सरस्वती वर्मा, एवं अ. भा. स. कु. स. के जिला अध्यक्ष श्री भक्तभूषण चंद्रवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे। श्रीमती लताऋषि चंद्रकार ने महिला समाज के विकास हेतु हरसंभव सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम मे तिरेला कुर्मी महिला समाज की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती भंवर द्वारा सभी के सहयोग से समाज के विकास की बात कही गई ,उन्होंने बड़ो के आशीर्वाद और छोटों के साथ के दम पर मिलजुल कर समाज का

विकास करने की बात कही । सभी महिला सदस्यों ने मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का निर्णय लिया साथ ही अपने आस पास भी प्लास्टिक के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने की बात कही । साथ ही साथ सभी महिला सदस्यों ने आगामी 16 17 नवंबर को आयोजित होने वाले कुर्मी संझा कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया । कार्यक्रम मे समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री राधेलाल कांकडे नगर अध्यक्ष श्री ललित कांकडे सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

छ. ग. तिरेला कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला इकाई मनोनीत की गई जिन्हें विभिन्न पदों की शपथ दिलाई गई

1 अध्यक्ष - श्रीमती सरस्वती भंवर
2 उपाध्यक्ष - श्रीमती अनुराधा कांकडे
3 सचिव - श्रीमती फुलेश्वरी डोटे
4 कोषाध्यक्ष - श्रीमती लीना मूढ़े वर्मा

डाक वितरण करने गए आरपीएफ के आरक्षक के साथ मारपीट

रायपुर (नवप्रदेश)। डाक वितरण करने गए आरपीएफ के जवान के साथ दो युवकों ने बेवजह मारपीट कर पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शिव मंदिर गली राजातालाब सिविललाईन निवासी आर सैयद 33 वर्ष पिता सैयद इमामुलहक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी आरपीएफ रायपुर ने आरक्षक के पद पर तैनात है। 3 अक्टूबर को बालाजी चौक खमतराई में डाक वितरण करने गया था। इसी दौरान सुनील उर्फ वाल्टीयर एवं जॉनसन सी ने बेवजह विवाद कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाए जाने पर अपराध कायम किया है।

अपचारी बालक ने किशोरी से किया छेड़छाड़

रायपुर (नवप्रदेश)। किशोरी को अकेला पाकर अपचारी बालक ने अनाचार का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तीन अक्टूबर को न्यू दुर्गा नगर गली नंबर तीन राजेंद्र नगर में 17 वर्ष बालिका को अकेला पाकर अपचारी बालक उम्र 17 वर्ष ने घर में घुसकर बेइज्जत करने की नियत से हाथ बांह पकड़कर अनाचार का प्रयास किया।